मास्क ही वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

राज्य सरकार द्वारा सरकारी विज्ञापनों के लिए अधिकृत

जागरूक जनता

विश्वसनीय साप्ताहिक अखबार

एक सकारात्मक सोच

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net
/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

पौष, पक्ष - शुक्ल, तिथि - सप्तमी , संवत 2077 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-6, अंक-47, 20 जनवरी - 26 जनवरी, 2021 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

देश से अब मिटने लगा है अस्पृश्यता का कलंक!

शिव दयाल मिश्रा

सटीक

हमारे देश में सदियों से अस्पृश्यता चली आ रही है। अब वह मिटने लगी है। हालांकि हमारे शास्त्रों में कहीं भी अस्पृश्यता का उल्लेख नहीं मिला है जहां तक मैंने हमारे धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन किया है। भागवत की कथा में राजा हरिश्चन्द्र का वृतांत आता है जिसमें वह अपने वचन पालन के लिए डोम के घर बिक जाता है तथा उसकी नौकरी करता है। भगवान राम के राज्य में भी छुआछूत नहीं थी। और भी कई उदाहरण ऐसे हैं जिनसे यह साबित होता है कि हमारी संस्कृति में छुआछूत नहीं थी। मगर कालांतर में छुआछूत होने लगी और इसकी वजह से पीड़ित लोगों को काफी पीड़ा भी भोगनी पड़ी। मगर अब अस्पृश्यता धीरे-धीरे समापन की ओर अग्रसर हो रही है जो देश और समाज के लिए जरूरी है। अस्पृश्यता ने हमारे देश और समाज का बहुत नुकसान किया है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अस्पृश्यता के खिलाफ आवाज उठाई और अछूतों को गले लगाया। धीरे-धीरे यह बुराई मिटने लगी। संविधान में छुआछूत को अपराध माना गया। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इलाहाबाद में आयोजित कुंभ मेले के दौरान सफाईकर्मियों के पैर धोकर सम्मानित किया था जो एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस युग में अस्पृश्यता और उत्पीड़न का कोई स्थान नहीं हो सकता। इस कार्य को बढ़ाते हुए जनप्रतिनिधि अछूत समझे जाने वाले लोगों के घरों में जाकर उनके साथ उनके हाथ का बनाया भोजन भी ग्रहण करने लगे। चाहे ऐसे कार्य चुनावों के दौरान वोट बटोरने के लिए ही क्यों न हो। मगर है तो यह अच्छी बात। अब तो कई समाजसेवी और पंचायती राज के नेता भी सफाईकर्मियों को सम्मानित करने लगे हैं कई तो उनके जन्म दिन मनाकर उन्हें समाज से जोड़ने का कार्य करने लगे हैं। ऐसे कार्यों से हमारा समाज एकजुट होता है और हमारे देश में जो विकृति आ गई थी वह दूर होने लगी है। यही सब चलता रहा तो हमारा देश और समाज चट्टान की तरह मजबूत होता चला जाएगा जिसे दुनिया की कोई ताकत हिला नहीं सकती।

shivdayalmishra@gmail.com

महंगाई की मार

पेट्रोल जयपुर में प्रति लीटर डीजल

92.69 | 84.74

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। पेट्रोल-डीजल अब तक की सबसे ऊंची कीमत पर जा पहुंचे हैं। सरकारी तेल कंपनियों ने मंगलवार को नए साल में छठवीं बार पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी कर दी है। पेट्रोल और डीजल दोनों के दामों में 26-28 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। जयपुर में अब पेट्रोल के दाम 92.69 रुपए और डीजल के दाम 84.74 रुपए है। छह बार की वृद्धि से अब तक पेट्रोल-डीजल के दाम क्रमशः 1.60 रुपए और डीजल के दाम 1.68 रुपए तक की वृद्धि की जा चुकी है। राजस्थान के श्री गंगानगर में देश में सबसे महंगा पेट्रोल 97.23 पैसे प्रति लीटर और डीजल 88.91 पैसे प्रति लीटर बिक रहा है। एलपीजी फेडरेशन ऑफ राजस्थान के महासचिव कार्तिकेय गौड़ ने बताया कि पेट्रोल और डीजल के दामों में से जो बढ़ोतरी शुरु हुई है वह संकेत देती है कि अगले एक माह में पेट्रोल व डीजल अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएंगे।

राहुल का भाजपा को जवाबः कांग्रेस नेता बोले- मोदी से नहीं डरता

देशभक्त हूं, वे मुझे गोली मार सकते हैं, लेकिन छू नहीं सकते

नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि राहुल गांधी किसानों का ध्यान भटका रहे हैं। राहुल ने इसका जवाब मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया। राहुल ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं डरता। मैं साफ-सुथरा आदमी हूं। वे मुझे गोली मार सकते हैं, लेकिन छू नहीं सकते। मैं देशभक्त हूं और अपने देश की रक्षा करूंगा। कोई मेरा साथ नहीं देगा तब भी अकेला लड़ता रहूंगा। यह मेरा धर्म है। राहुल ने कृषि कानूनों की कमियां बताने वाली बुकलेट भी रिलीज की। उन्होंने कहा कि नए कृषि कानून देश की कृषि व्यवस्था को बर्बाद करने के लिए तैयार किए गए हैं।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

पहले स्थान से खिसका ऑस्ट्रेलिया, भारत हुआ नंबर 1

भारत ने 2-1 से जीती सीरिज

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने ब्रिसबेन के गाबा क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया को हराकर 32 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 32 साल से ब्रिसबेन के मैदान पर टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया कोई टीम मात नहीं दे पाई थी लेकिन 19 जनवरी, 2021 को भारतीय टीम ने ये रिकार्ड तोड़ दिया है। इतना ही नहीं इस कामयाबी के साथ ही भारतीय टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया है।

इस सीरीज के जीतने से पहले भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट की लिस्ट में दूसरे नंबर था।लेकिन ब्रिस्बेन के मैदान में भारतीय क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। टीम ने सीरीज के आखिरी दिन 328 रनों के विशाल लक्ष्य को हासिल करते हुए सीरीज पर 2-1 से अपने नाम कर लिया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ भारतीय टीम सबसे मजबूत टेस्ट टीम होने के साथ टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल पर भी पहले नंबर पर पहुंच गई है। इस सीरीज की शुरुआत से पहले टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल पर ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष पर थी और भारत दूसरे नंबर पर था।लेकिन ब्रिस्बेन में ऐतिहासिक जीत के सा के बाद भारत के 71.1 पर्सेंटेज पॉइंट हो गए हैं और वह शीर्ष पर है।इस लिस्ट में 69.2 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच गया है। वहीं 70 पॉइंट्स के साथ न्यूजीलैंड दूसरे नंबर है।

91 रन बनाए शुभमन गिल ने

89 रन बनाए ऋषभ पंत ने

कौन स्टार बना

शार्दुल ठाकुर और सुंदर ने पहली पारी में हाफ सेंचुरी बनाई। सिराज ने 5 विकेट लिए। शुभमन गिल ने बतौर ओपनर दूसरी पारी में 91 रन बनाए। ऋषभ पंत ने 89 रन बनाकर मैच जिताया।

भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में आसानी से पहुंचेगा

बता दें जून के महीने में लॉर्ड्स के मैदान पर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला जाएगा।ये मैच पॉइंट्स टेबल पर टॉप 2 में पर रहने वाली टीमें ही खेलेंगी। ऐसे में अभी की स्थिती के साथ ये फाइनल भारत और न्यूजीलैंड में ही खेला जाएगा।

इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान

ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज की जीत के कुछ ही घंटों बाद इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। गाबा में जीतने वाली टीम के 9 मेंबर्स इंग्लैंड दौरे के लिए भी चुन लिए गए हैं। तेज गेंदबाज टी नटराजन ऐसे हैं, जो जगह नहीं बना पाए। मैच के दौरान चोटिल हुए नवदीप सैनी को भी जगह नहीं मिली। हार्दिक पांड्या की 29 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट अगस्त 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ ही खेला था। ***टीम इस प्रकार है-ओपनिंगः*** रोहित शर्मा, शुभमन गिल, मयंक अग्रवाल **मिडिल ऑर्डरः** चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत, ऋद्धिमान साहा, हार्दिक पांड्या, लोकेश राहुल **तेज गेंदबाजः** जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, शार्दूल ठाकुर **स्पिनरः** आर अश्विन, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल **स्टैंडबायः** केएस भारत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन, शाहबाज़ नदीम, राहुल चाहर **नेट बॉलर्स :** अंकित राजपूत, अवेश खान, संदीप वारियर, कृष्णप्पा गौतम, सौरभ कुमार।

डिजिटल एडिशन भी देखें

ANCHOR लगाम का प्रयास

ट्रैफिक नियमों को बार-बार तोड़ा तो ज्यादा मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम देना होगा

रेगुलेटर ने नए नियमों का ड्राफ्ट जारी किया

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

नई दिल्ली। अगर आप बार-बार ट्रैफिक नियम तोड़ते हैं तो अब यह आपकी जेब पर भारी पड़ सकता है। ऐसा करने पर ज्यादा मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम देना पड़ सकता है। दरअसल, इंश्योरेंस रेगुलेटर बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) की ओर से गठित एक वर्किंग कमेटी ने यातायात उल्लंघन प्रीमियम लगाने की सिफारिश की है।

मोटर इंश्योरेंस में अभी 4 तरह के प्रीमियम

अभी मोटर इंश्योरेंस के प्रीमियम में ओन डैमेज इंश्योरेंस, थर्ड पार्टी इंश्योरेंस, एडिशनल थर्ड पार्टी इंश्योरेंस और कंपलसरी पर्सनल एक्सीडेंट प्रीमियम को शामिल किया जाता है। वर्किंग कमेटी ने अब मोटर इंश्योरेंस में यातायात उल्लंघन प्रीमियम शामिल करने के लिए पांचवां सेक्शन जोड़ने की सिफारिश की है।

बीमा कंपनियों को NIC से यातायात उल्लंघन की जानकारी मिलेगी

वर्किंग कमेटी की सिफारिशों के मुताबिक, शराब पीकर गाड़ी चलाने से लेकर गलत जगह पर पार्किंग करने जैसे अलग-अलग उल्लंघन के आधार पर यातायात उल्लंघन प्रीमियम तय किया जाएगा। बीमा कंपनियों को यातायात उल्लंघन पर हुए चालान की जानकारी नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटरसे प्राप्त होगी।

शराब पीकर वाहन चलाने पर 100 पॉइंट पेनाल्टी

सिफारिशों के मुताबिक, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 100 पॉइंट पेनाल्टी लगाई जाएगी, जबकि गलत जगह पार्किंग करने पर 10 पॉइंट पेनाल्टी लगेगी। यातायात उल्लंघन प्रीमियम की राशि इन पेनाल्टी पॉइंट्स से लिंक होगी। अगर आप वाहन बेच देते हैं तो खरीदार के लिए यातायात उल्लंघन प्रीमियम जीरो से शुरू होगा।

इरडा ने संबंधित पक्षों से मांगे सुझाव

इंश्योरेंस रेगुलेटर इरडा ने वर्किंग कमेटी की सिफारिशों को लेकर ड्राफ्ट जारी किया है। इसमें संबंधित पक्षों से 1 फरवरी 2021 तक सुझाव मांगे गए हैं। ड्राफ्ट में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की फ्रीक्वेंसी और उसकी गंभीरता की गणना के लिए एक सिस्टम बनाने की बात कही गई है। इसमें ट्रैफिक नियमों के अधिक उल्लंघन को यातायात उल्लंघन प्रीमियम से लिंक करने को कहा गया है। इरडा की ओर से जारी ड्राफ्ट के मुताबिक, वर्किंग कमेटी में कुल नौ सदस्य शामिल रहे हैं। इसमें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, इंश्योरेंस कंपनी, इरडा और इंश्योरेंस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के अधिकारी शामिल हैं।

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित | जागरूक जनता www.jagrukjanta.in/.com | बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 फोन : 0141-2338070 | सम्पर्क करें | विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए 9928022718 jagrukjantanews@gmail.com | समाचार प्रकाशित करवाने के लिए 9829329070 jagrukjantanews@rediffmail.com

जागरूक न्यूज

jagrukjanta.in/.com

जागरूक सिटी

Jagruk City

जागरूक जनता • जयपुर, बुधवार, 20 जनवरी - 26 जनवरी, 2021 • पेज 02

तापमान

	अधि.	न्यू.
जयपुर	24°C	11°C
जोधपुर	25°C	10°C
अजमेर	27°C	09°C
उदयपुर	26°C	12°C

सूर्योदय प्रात: 07:20 बजे सूर्यास्त सांय : 05:55 बजे चन्द्रोदय 11:51 बजे चन्द्रास्त 12:38 बजे

ग्रेटर नगर निगम की आर्थिक स्थिति नासाज

पांच नए टैक्स लगाकर खजाना भरने की तैयारी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। ग्रेटर नगर निगम की आर्थिक स्थिति खराब है। अब निगम के अधिकारी जनता पर नया टैक्स लगाकर खाली खजाना भरने की तैयारी कर रहे हैं। जनता से वसूली के पांच नियमों को जल्द ही ग्रेटर नगर निगम सीमा में लागू किया जाएगा। इन नियमों के दायरे में छोटा व्यापार करने वाला व्यक्ति भी आ जाएगा। निगम के अधिकारियों की मानें तो ऐसा करने से निगम को सालाना करोड़ों रुपए की आय होगी। राजस्व शाखा के अधिकारी इससे 25 से 30 करोड़ रुपए आय का अनुमान लगा रहे हैं। अलग-अलग मद में निगम 400 रुपए से लेकर 20 हजार रुपए तक वसूलने की तैयारी कर चुका है। हालांकि ये बात और है कि निगम की खराब आर्थिक स्थिति के लिए निगम के गलत फैसले ही जिम्मदार हैं।

निजी हाथों में दे दी वसूली

लगातार विरोध के बाद दोनों निगमों ने नगरीय विकास कर की वसूली का अधिकार निजी कम्पनी को दे दिया। कम्पनी अक्टूबर से अब तक 10 करोड़ तक ही पहुंच पाई है, जबकि निगम को वर्ष भर में कम्पनी को 80 करोड़ रुपए देने हैं।

राजस्व शाखा कर्मचारी दूसरी शाखा में

राजस्व शाखा के कर निर्धारकों से लेकर राजस्व अधिकारियों को दूसरी शाखाओं में लगा रखा है। कोई उपायुक्त बन गया तो कोई ओसडी बनकर उपायुक्त की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहा है। ऐसे में दोनों निगम वसूली के लिए कम्पनी के भरोसे हैं।

अभी इनसे निगम की कमाई

नगरीय विकास कर, होर्डिंग, पार्किंग, विवाह स्थल, मोबाइल टावर, होटल, रेस्टोरेंट, रोड कटिंग, सीवर कनेक्शन, कैरिंग चार्ज से निगम को आय हो रही है।

अब यहां से भी होगी वसूली

होलसेल, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता, कोचिंग संस्थानों, पुस्तकालय, वाचनालय, होस्टल, पीजी, पेइंग गेस्ट, नर्सिंग होम, डाइग्नास्टिक सेंटर, पैथ लेब, क्लिनिक से लेकर तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने वालों से भी वसूली की जाएगी। कोचिंग संस्थानों और पुस्तकालयों से प्रति सीट और अस्पतालों से प्रति बैड टैक्स वसूला जाएगा।

पैसा नहीं तो काम रुका, जनता प्रभावित

दोनों ही निगमों के पास पैसे की कमी है। 22 माह से ठेकेदारों का बकाया चल रहा है। ठेकेदार 15 दिन से काम बंद कर हड़ताल पर ग्रेटर नगर निगम मुख्यालय में बैठे हैं। आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव की ओर से कोई ठोस जवाब नहीं दिया जा रहा है। 300 करोड़ रुपए दोनों निगमों पर बकाया चल रहे हैं। मंगलवार को ठेकेदार मुख्य सचेतक महेश जोशी से मिलकर भुगतान कराने की मांग करेंगे।

धनु मलमास खत्म: गुरु-शुक्र का तारा अस्त होने से मांगलिक कार्य नहीं होंगे

इस साल 55 दिन ही गूंजेगी शहनाई, अप्रैल तक 3 अबूझ मुहूर्त में हो सकेंगे विवाह

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। धनु मलमास खत्म होने के बाद नववर्ष-2021 के शुरुआती साढ़े तीन महीनों बाद भी वर-वधु अग्नि के समक्ष सात फेरे नहीं ले सकेंगे। ज्योतिषविदों के मुताबिक गुरु-शुक्र का तारा अस्त होने से मांगलिक कार्य नहीं होंगे। हालांकि इस समयावधि में कई अबूझ मुहूर्त रहेंगे, जिसमें मांगलिक कार्य हो सकेंगे। ज्योतिषाचार्य पं. अक्षय शास्त्री ने बताया कि 16 जनवरी से 16 फरवरी तक गुरु तारा और 14 फरवरी से 23 अप्रैल तक शुक्र तारा अस्त रहेगा। इससे साढ़े तीनों महीनों में वैवाहिक कार्यक्रम नहीं होंगे। 16 फरवरी को बसंत पंचमी, 15 मार्च को फुलेरा दूज, 21 अप्रैल को रामनवमी का अबूझ मुहूर्त होने से इस दिन शादी-विवाह या सामूहिक विवाह सम्मेलन होंगे। शास्त्री ने बताया कि शास्त्रानुसार विवाह का पवित्र बंधन दस दोषों से मुक्त होता है। जनवरी, फरवरी व मार्च में शादी-विवाह से जुड़ी रस्में नहीं होंगी, हालांकि बतौर अबूझ मुहूर्त पर मांगलिक कार्य हो सकेंगे। 23 अप्रैल के बाद फिर से लगातार शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी।

55 दिन रहेंगे मुहूर्त

पं. जगदीश प्रसाद शर्मा ने बताया कि सन 2021 में 55 दिन ही मांगलिक कार्य सहित अन्य शुभ कार्यों के लिए मुहूर्त रहेंगे। इसमें अबुझ सावे भी शामिल रहेंगे। इसी बीच 15 मार्च से 13 अप्रैल तक मल का मास भी रहेगा। जिससे 23 अप्रैल तक कोई शुभ कार्य नहीं होंगे। इसके बाद विवाह, उपनयन संस्कार, गृह प्रवेश, मंदिर निर्माण होंगे। 2021 में विवाह के लिए 55 दिन से ज्यादा मुहूर्त रहेंगे। शुरू के साढ़े तीन महीने शहनाइयों की गूंज नहीं सुनाई देगी। 20 जुलाई को देवशयनी एकादशी का मुहूर्त रहेगा। 14 नवंबर को देवउठनी एकादशी रहेगी।

13 अप्रैल को नवसवंत्सर होगा शुरू

पं. शर्मा ने बताया कि सूर्य की युति गुरु के साथ होती है, तब देवगुरु बृहस्पति ग्रह अस्त हो जाते हैं, 16 फरवरी तक गुरू अस्त रहेंगे। 19 जनवरी को सुबह 11.30 बजे देवगुरु बृहस्पति पश्चिम दिशा में अस्त होंगे। इससे तीन पूर्व 16 जनवरी शनिवार से वृद्धत्व दोष होने से विवाह सगाई आदि मांगलिक कार्य निषेध हो जाएंगे। परन्तु प्रस्तुति स्नान, अन्नप्राशन संस्कार के मुहूर्त होते 13 अप्रैल से नूतन संवत्सर 2078 आरंभ होगा।

परकोटे में भवन निर्माण के लिए हेरिटेज समिति से अनुमति अनिवार्य

आसान नहीं होगा अब परकोटे में घर बनाना

टेक्नीकल हेरिटेज समिति से भी अनुमति लेना होगा जरूरी

हेरिटेज नगर निगम आयुक्त ने जारी किए निर्देश

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। विश्व विरासत परकोटे में अब भवन निर्माण करना आसान नहीं होगा। जयपुर शहर की चारदीवारी क्षेत्र में अब हेरिटेज समिति की अनुमति के बिना भवन निर्माण नहीं हो पाएंगे। भवन निर्माण के लिए हेरिटेज समिति की अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए हेरिटेज नगर निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर दिए है। इसमें मुख्य बाजारों के दोनों तरफ स्थित भवनों के साथ हेरिटेज महत्व की इमारतों व हेरिटेज वॉक के दोनों ओर स्थित भवनों के निर्माण व पुनर्निमाण के लिए अब तीन समितियों की अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं परकोटे के अंदरूनी गलियों और मुख्य बाजारों को छोडकर अन्य जगहों पर भवन निर्माण व पुनर्निमाण के लिए दो समितियों की अनुमति जरूरी होगी। जयपुर शहर के परकोटा क्षेत्र में मुख्य बाजारों के दोनों तरफ स्थित भवनों के साथ हेरिटेज महत्व के चयनित 1575 हेरिटेज भवन, इमारतें, निर्माण, हेरिटेज वॉक-वे के दोनों तरफ स्थित भवन और इमारतों के साथ ही हेरिटेज सेल की ओर से चिहिनत किए गए भवनों व इमारतों के निर्माण या पुनर्निमाण के लिए अब तीन स्तर पर अनुमति लेनी जरूरी होगी। इसमें हेरिटेज प्रकोष्ठ, टेक्नीकल हेरिटेज कमेटी और भवन निर्माण एवं संकर्म समिति से अनुमति लेना जरूरी होगा। वहीं अंदरूनी गलियों और मुख्य बाजारों को छोडकर अन्य जगहों पर भवन निर्माण व पुनर्निमाण के लिए हेरिटेज प्रकोष्ठ और भवन निर्माण एवं संकर्म समिति की अनुमति लेना जरूरी होगा।

इनके लिए सरकार से अनुमति जरूरी
राष्टीय स्तर या राज्य स्तर के महत्वपूर्ण स्थलों, भवनों की स्वीकति के लिए सरकार से अनुमति लेना जरूरी होगी।

हेरिटेज भवन या मुख्य बाजारों में भवन निर्माण की यूं मिलेंगी अनुमति

- » भवन निर्माण या पुनर्निर्माण के लिए आवेदन संबंधित जोन कार्यालय में करना होगा।
- » जोन कार्यालय की ओर से भूखंड स्वामित्व की जांच के बाद मौका रिपोर्ट और भवन विनियमों के अनुसार मानचित्र की जांच के बाद फाइल को हेरिटेज प्रकोष्ठ को भिजवाया जाएगा।
- » हेरिटेज प्रकोष्ठ की ओर से जांच के बाद फाइल को टेक्नीकल हेरिटेज कमेटी को भिजवाया जाएगा।
- » टेक्नीकल हेरिटेज कमेटी की अभिशंषा मिलने के बाद पत्रावली को भवन निर्माण एवं संकर्म समिति को भिजवाया जाएगा। यहां से अनुमोदन होने के बाद पत्रावली जोन कार्यालय में आएगी।
- » जोन कार्यालय की ओर से नियमानुसार देय राशि जमा करवाने के बाद भवन निर्माण की स्वीकति दी जाएगी।

अंदरूनी गलियों या अन्य जगहों पर यूं मिलेगी अनुमति



- » भवन निर्माण या पुनर्निर्माण के लिए आवेदन संबंधित जोन कार्यालय में करना होगा।
- » जोन कार्यालय की ओर से भूखंड स्वामित्व की जांच के बाद मौका रिपोर्ट और भवन विनियमों के अनुसार मानचित्र की जांच के बाद फाइल को हेरिटेज प्रकोष्ठ को भिजवाया जाएगा।
- » हेरिटेज प्रकोष्ठ की ओर से प्रकरण की जांच के बाद फाइल को भवन निर्माण एवं संकर्म समिति को भिजवाई जाएगी।
- » भवन निर्माण एवं संकर्म समिति से अनुमति मिलने के बाद फाइल हेरिटेज सेल में भिजवाई जाएगी, जहां से फाइल संबंधित जोन कार्यालय मे भिजवाई जाएगी। जोन कार्यालय की ओर से नियमानुसार देय राशि जमा करवाने के बाद भवन निर्माण की स्वीकति दी जाएगी।
- » भवन निर्माण एवं संकर्म समिति के गठन नहीं होने की स्थिति में फाइल महापौर की ओर से अनुमोदन की जाएगी। महापौर के अनुमोदन के बाद ही निर्माण की स्वीकृति मिल पाएगी।

गणतंत्र दिवस समारोह

दुर्गापुरा और गोविन्दगढ की गौशालाएं होंगी पुरस्कृत

जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा की अध्यक्षता में हुई बैठक में हुआ अनुमोदन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। जिले में दुर्गापुरा और गोविन्दगढ़ स्थित की दो गोशालाओं को विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा। जिला गौपालन समिति के अध्यक्ष और जिला कलक्टर अन्तर सिंह नेहरा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई जिला गोपालन समिति की बैठक में यह निर्णय किया गया। नेहरा ने बताया कि गोशाला अधिनियम 1960 के अन्तर्गत पंजीकृत पांच वर्ष से अधिक और पांच वर्ष से कम अवधि से पंजीकृत इन गोशालाओं को पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इसमें पांच वर्ष से कम समय से पंजीकृत गोशालाओं की श्रेणियों में मातृत्व चेरिटेबल ट्रस्ट मां सुरभि गोग्राम गोषाला रायसिंह का बास, गोविन्दगढ को एवं पांच वर्ष से अधिक समय से पंजीकृत गोशालाओं की श्रेणी में राजस्थान गोसेवा संघ दुर्गापुरा को पुरस्कृत किया जाएगा।

जनसहयोग को बनाया आधार

नेहरा ने बताया कि गौशालाओं के उत्कृष्ट कार्य की परख के लिए गोवंश की चिकित्सा सुविधा, रिकॉर्ड कीपिंग, गौसंरक्षण, संवर्द्धन एवं चारा विकास उत्पादन कार्यक्रम, पंचगव्य उत्पादां का मूल्य संवर्द्धन एवं विपणन, गौशाला की आय का स्रोत, गौशाला आवास स्वच्छता एवं प्रबन्धन, गौपालन विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी, गौशाला द्वारा क्षेत्र विकास में भागीदारी, तकनीक का उपयोग, उपलब्ध गौवंश के लिए जनसहयोग की प्राप्ति जैसे मानकों को आधार बनाया गया है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर उत्तर बीरबल सिंह, जिला परिषद् के एसीईओ दीपांशु सांगवान, कोषाधिकारी जयपुर देवाराम, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग जयपुर डॉ. प्रवीण कुमार, उप निदेशक पशुपालन डॉ. पद्मचन्द कानखेडिया, कृषि विभाग के प्रतिनिधि राजेश कुमार नगर निगम ग्रेटर के उपायुक्त मोहन सिंह और हैरिटेज के देवेन्द्र जैन शामिल हुए।

नन्दी गौशाला का एमओयू जल्द

जिला गौपालन समिति की बैठक में नर गौवंश की देखरेख के लिए नन्दी गौशाला प्रारम्भ किए जाने के लिए नगर निगम जयपुर ग्रेटर और जिला गौपालन समिति के मध्य जल्द ही एक एमओयू हस्ताक्षरित करने पर सहमति बनी। नन्दी गौशाला के निर्माण से यहां-वहां आवारा घूमने वाले नर गौवंश की देखभाल हो सकेगी। साथ ही यातायात के दौरान उनके कारण होने वाली समस्या एवं खेतों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

निगम अब बनाएगा सभी फाइलों का मास्टर डाटा

जयपुर ग्रेटर नगर निगम की तैयारी

हर फाइल का स्थिति होगी ऑनलाइन

सभी पत्रावलियां फाइल ट्रेकिंग सिस्टम के माध्यम से दर्ज होकर जाएगी आगे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। नगर निगम में फाइल गायब होने पर अब पाबंदी लग सकेगी। जयपुर ग्रेटर नगर निगम प्रशासन अब सभी फाइलों या पत्रावलियों को वार्ड वाइज संधारण करने के साथ इनका मास्टर डाटा तैयार करेगा। इसके साथ ही हर पत्रावली अब फाइल ट्रेकिंग सिस्टम के माध्यम से ही आगे बढ़ेगी। इससे हर अधिकारी की जिम्मेदारी तय होगी, वही फाइल किस स्तर पर चल रही है, इसका आसानी से पता भी लगाया जा सकेगा। इसके लिए जयपुर ग्रेटर नगर निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर दिए है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम प्रशासन ने सभी पत्रावलियों को वार्ड वाइज और कॉलोनी वाइज संधारित करने निर्णय के बाद सभी प्रत्रावलियों का मास्टर डाटा तैयार करने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए जयपुर ग्रेटर आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव ने आदेश जारी कर सभी जोन उपायुक्तों को सभी पत्रावलियों का मास्टर डाटा तैयार करने के साथ उन्हें फाइल ट्रेकिंग सिस्टम से ही आगे भेजने के निर्देश जारी किए है।

यूं बढेगी फाइल आगे

- » सभी पत्रावलियों को फाइल ट्रेकिंग सिस्टम में दर्ज कराकर आगे भेजी जाएगी।
- » पत्रावलियों पर साफ-सुथरी होंगी, वहीं लिपिक व अधिकारी के हस्ताक्षर के नीचे पूरा नाम व पदनाम के साथ सील लगाकर आगे भेजी जाएगी। इसके साथ ही फाइल नंबर भी अंकित करना होगा।

वार्ड वाइज पत्रावलियों का संधारण : नगर निगम प्रशासन अपनी सभी पत्रावलियों को वार्ड वाइज और कॉलोनी वाइज संधारित करेगा। नगर निगम प्रशासन 77000 पत्रावली को वार्ड और कॉलोनी वाइज संधारित करेगा। इसके लिए संयुक्त अभियान चलाया जाएगा।

प्रदेश के सभी पुलिस थानों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। इस कार्य की मॉनिटरिंग तथा इसे समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए राज्य एवं जिला स्तरीय निगरानी समितियां गठित करने को मंजूरी दी है। उन्होंने थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए प्रथम चरण के लिए 8.40 करोड़ रूपये के अतिरिक्त वित्तीय प्रावधान का अनुमोदन किया है। गहलोत ने इस संबंध में गृह विभाग एवं वित्त विभाग के प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी थानों में प्रवेश एवं निकासी द्वार सहित अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की परियोजना की कुल लागत राशि 16.80 करोड़ रूपये से अधिक है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार, राज्य स्तरीय निगरानी समिति प्रमुख शासन सचिव गृह की अध्यक्षता में गठित होगी। प्रमुख शासन सचिव वित्त, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष तथा महानिरीक्षक पुलिस इस समिति के सदस्य और संयुक्त शासन सचिव, पुलिस सदस्य सचिव होंगे। यह समिति प्रदेश के सभी पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के कार्य का नियमित पर्यवेक्षण करेगी तथा इस संबंध में जरूरी रूप-रेखा तैयार करेगी। इसी प्रकार, संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय निगरानी समितियों में संबंधित जिले के जिला मजिस्ट्रेट, संबंधित नगरीय निकाय प्रमुख (शहरी क्षेत्रों के लिए), जिला प्रमुख (ग्रामीण क्षेत्र के लिए) तथा पुलिस अधीक्षक या पुलिस उपायुक्त सदस्य होंगे।

आरयू समेत संगठक कॉलेजों को अक्टूबर से बीसलपुर का पानी मिलेगा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी सहित संगठक कॉलेजों को इस साल अक्टूबर तक पीने के लिए बीसलपुर पानी मिल जाएगा। जलदाय मंत्री बीडी कल्ला ने वीसी के जरिए 15.6 करोड़ के पेयजल व सीवर परिशोधन प्रोजेक्ट का शिलान्यास कर कार्य का शुभारंभ कर दिया है। हालांकि शहर में तो 2009 में ही बीसलपुर पानी आ गया था लेकिन यूनिवर्सिटी को बीसलपुर पेयजल से नहीं जोड़ने के कारण ट्यूबवैलों से पानी दिया जा रहा था। यूनिवर्सिटी को 12 साल बाद बीसलपुर पानी देने के पीछे पीएचईडी अधिकारियों का तर्क है की प्रायोरिटी के हिसाब से पानी दिया जाता है, यूनिवर्सिटी के ट्यूबवैल में पानी था, मांग आई तो सरकार ने इस प्रोजेक्ट को सेक्शन कर दिया। तत्कालीन कुलपति आरके कोठारी ने छात्र संघ कार्यक्रम में सीएम गहलोत को पानी की समस्या से अवगत करवाया था। शिलान्यास कार्यक्रम में कुलपति प्रो.राजीव जैन सहित पीएचईडी के अधिकारी मौजूद रहे। बीसलपुर पेयजल प्रोजेक्ट से 28 हजार से अधिक स्टूडेंट्स लाभान्वित होंगे।

अब रात को भी देखिए जयपुर के पर्यटक स्थल

जयपुर @ जागरूक जनता। राजधानी के पर्यटक स्थलों व संग्रहालयों पर नाइट ट्यूरिज्म फिर से शुरू कर दिया है, अब लोग रात को भी शहर के पर्यटक स्थलों को देख सकेंगे। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग ने आमेर महल, अल्बर्ट हॉल, नाहरगढ़ फोर्ट, विद्याधर का बाग व सिसोदिया रानी के बाग में नाइट ट्यूरिज्म फिर से शुरू कर दिया है। अब लोग शहर के इन पर्यटक स्थलों को शाम 6.30 बजे से रात 9 बजे तक निहार सकेंगे। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग निदेशक प्रकाशचंद शर्मा ने बताया कि सरकार की ओर से नाइट कर्फ्यू हटाने से शहर के आमेर महल, अल्बर्ट हॉल, नाहरगढ़ फोर्ट, विद्याधर का बाग व सिसोदिया रानी के बाग में नाइट ट्यूरिज्म फिर से शुरू कर दिया गया है। अब लोग शाम 6.30 बजे से रात 9 बजे तक इन संग्रहालयों में रात्रिकालीन पर्यटन के तहत इन्हें देख सकेंगे। उन्होंने बताया कि कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए सरकार की ओर से लगाये गए नाइट कर्फ्यू के चलते गत 22 नवंबर को शहर के इन पर्यटक स्थलो पर नाइट ट्यूरिज्म को अस्थाई बंद कर दिया गया था।

ANCHOR **आस्था का शिखर**

4 एकड़ में बनेगा, प्रदेश का सबसे ऊंचा 200 फीट का श्रीकृष्ण मंदिर

70 करोड़ रुपए की लागत से 2024 तक तैयार होगा मंदिर

100 फीट चौड़ी विश्व की सबसे बड़ी छतरी होगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। जगतपुरा में राजस्थान का सबसे ऊंचा 200 फीट का ठाकुर जी का मंदिर तैयार किया जा रहा है। 70 करोड़ रुपए की लागत से 4 एकड़ (करीब 4 लाख वर्ग फीट) में बन रहा यह मंदिर 2024 में श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएगा। फिलहाल 70% मंदिर तैयार हो चुका है। इस मंदिर में 100 फीट से अधिक चौड़ाई की विश्व की सबसे बड़ी कमान छतरियां भी बनाई जा रही हैं। 108 कलात्मक मयूरों से सुसज्जित राधा-कृष्ण-बलराम और गौर-निताई की प्रतिमा रहेगी, जबकि इसी के समीप सीता-राम-लक्ष्मण और हनुमानजी का विग्रह रहेगा। राजस्थानी और आधुनिक शिल्पकला के अनूठे मेल वाला यह मंदिर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ज्ञान का केंद्र भी होगा।

आधुनिक और पारंपरिक राजस्थानी वास्तुकला

हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के अध्यक्ष अमितासना दास बताते हैं कि मंदिर की वास्तुकला आधुनिक और पारंपरिक राजस्थानी वास्तुकला का मिश्रण है। मंदिर निर्माण में राजस्थान के कई पारंपरिक मंदिरों और ऐतिहासिक स्मारकों में पाए गए वास्तुकला तत्वों का उपयोग किया जा रहा है। एनीमेशन से वेद पुराण का ज्ञान, लाइट एंड वाटर शो, एनिमेट्रॉनिक्स आदि आधुनिक तकनीकों से प्रस्तुत किया जाएगा।

ऐसा बन रहा है मंदिर

- » मंदिर परिसर का क्षेत्रफल 4 एकड़
- » कुल निर्मित क्षेत्रफल 4 लाख वर्ग फीट
- » मंदिर की अनुमानित ऊंचाई 200 फ़ीट
- » मुख्य मंदिर का परिसर 15000 फीट
- » 30 मीटर (100 फीट) की लंबाई के साथ दुनिया की सबसे बड़ी कमान छतरी।
- » प्रवेश के लिए 66 फीट ऊंचे मयूरद्वार में 108 मोर की आकृति।
- » चित्रकला, पत्थर की मूर्तिकला, ग्लास जड़ना काम, पत्थर जड़ना, अनारिश काम जैसे कई राजस्थानी स्थापत्य कला रूपों का उपयोग होगा।
- » सीढ़ियों के साथ अन्य 6 प्रवेश द्वार होंगे।
- » हॉल में 3000 भक्त एक साथ दर्शन कर सकेंगे।
- » विश्व शांति के लिए हरिनाम जप मंडप एवं यज्ञ शाला भी होगी।
- » 108 हरिनाम शालाओं से सुसज्जित होगा हरि नाम मंडपम।

श्रील प्रभुपाद ने देखा था सपना, राजस्थान में भी बने वृंदावन जैसा ठाकुर जी का भव्य मंदिर

श्रील प्रभुपाद जयपुर में एक बड़ा कृष्ण बलराम मंदिर और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना करना चाहते थे। श्रील प्रभुपाद ने 13 जुलाई 1975 को जयपुर के जाने-माने प्रमुख व्यक्ति महावीर प्रसाद जयपुरिया जी को पत्र लिखकर जयपुर में वृंदावन जैसे एक भव्य मंदिर का निर्माण करने का अग्रह किया था।

राजस्थान में प्राइवेट लैब में RT-PCR टेस्ट 500 रुपए में होगा!

जयपुर @ जागरूक जनता। राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार एक बार फिर प्राइवेट लैब में कोरोना की टेस्ट रेट (जांच दर) को कम करने की तैयारी कर रही है। सरकार अब इस टेस्ट की रेट को 800 रुपए से घटाकर 500 रुपए करने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा, सरकार निजी अस्पतालों में कोविड के लिए आरक्षित बिस्तरों की संख्या को भी कम कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जल्द आदेश जारी कर सकते हैं।

इससे पहले सरकार ने नवंबर के आखिरी में कोरोना की टेस्ट रेटों को 1200 रुपए से कम करके 800 रुपए की थी। संभवत: यह चौथी बार होगा जब RT-PCR टेस्ट की रेट को कम किया जा रहा है। इससे पहले जुलाई, सितंबर और नवंबर में भी RT-PCR टेस्ट की रेटों को कम किया था।आपको बता दें कि राजस्थान में जब कोरोना के मामले सामने आए थे तब इसकी जांच के लिए प्राइवेट लैब में 4500 रुपए देने पड़ते थे, लेकिन इसके बाद इसे कम करके 2200 रुपए, फिर 1200, उसके बाद 800 रुपए कर दिए। इसके बाद अब 500 रुपए करने की तैयारी की जा रही है। वहीं सूत्रों की मानें तो अब 100 बेड्स से ज्यादा क्षमता वाले निजी अस्पतालों में कोविड के लिए 30 प्रतिशत रिजर्व बेड्स की संख्या को कम करके इसे 10% तक करने की भी तैयारी की जा रही है।

कवायदः मुख्यमंत्री गहलोत की राज्यपाल मिश्र से मुलाकात

मंत्रिमंडल विस्तार इसी माह, 10 नए चेहरों पर लग सकती है मुहर!

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसी माह अपनी टीम को बढ़ा सकते हैं। राज्यपाल कलराज मिश्र से रविवार दोपहर लगभग पौन घंटे की मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार सबकुछ ठीक रहा तो मंत्रिमंडल विस्तार इसी सप्ताह होगा। यह तय है कि फरवरी में विधानसभा के बजट सत्र में गहलोत की टीम लगभग 10 नए चेहरों के साथ कुछ बदली नजर आएगी। गहलोत अपनी टीम में कांग्रेस के 5, तीन निर्दलीयों व बसपा से कांग्रेस में शामिल 2 विधायकों को जगह दे सकते हैं। वहीं 2-3 राज्य मंत्रियों का प्रमोशन हो सकता है। उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिल सकता है। प्रशासनिक सुधार विभाग (जीएडी) को भी तैयारियों के लिए कह दिया गया है। मंत्रिमंडल विस्तार कोरोना काल तथा सियासी घमासान के कारण लगभग 10 महीनों से अटका हुआ है।

9 जगह खाली, पूरी नहीं भरेंगे

मंत्रिमंडल में वर्तमान में 30 में से 9 जगह खाली हैं। सूत्रों के अनुसार विस्तार में सभी खाली जगह नहीं भरी जाएंगी। विस्तार में एक-दो जगह खाली रखी जाएंगी। सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री भंवरलाल मेघवाल के निधन तथा सियासी संकट के दौरान सचिन पायलट, रमेश मीणा एवं विश्वेंद्र सिंह को हटाने के बाद गहलोत सहित 21 मंत्री हैं।

सीएम के पास 18 से ज्यादा विभाग

अभी गहलोत के पास 18 से अधिक विभाग हैं। पहले उनके पास वित्त, गृह, कार्मिक जैसे अहम विभागों के साथ 9 विभाग थे। फिर सियासी घमासान के दौरान सचिन पायलट, रमेश मीणा एवं विश्वेंद्र

सिंह को मंत्री पद से हटाया गया। वहीं, लम्बी बीमारी के बाद हाल ही भंवरलाल मेघवाल का निधन हो गया। इस कारण पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास, पीडब्ल्यूडी, खाद्य-आपूर्ति, पर्यटन, सामाजिक न्याय-अधिकारिता, आपदा प्रबंधन-सहायता जैसे अहम विभाग भी मुख्यमंत्री देख रहे हैं।

दो-तीन मंत्रियों के विभाग होंगे कम, सीएम भी कम करेंगे अपनी जिम्मेदारी

मुख्यमंत्री पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास, पीडब्ल्यूडी, खाद्य-आपूर्ति, पर्यटन, सामाजिक न्याय-अधिकारिता, आपदा प्रबंधन-सहायता जैसे कुछ विभाग की जिम्मेदारी खुद से हटाकर टीम को सौंपेंगे। ऊर्जा व जलदाय मंत्री बीडी कल्ला, चिकित्सा एवं सूचना-जनसम्पर्क मंत्री रघु शर्मा जैसे सदस्यों से एक-एक प्रमुख विभाग नए चेहरों को दिया जा सकता है।

प्रबल दावेदार

- **कांग्रेसः** बृजेंद्र ओला, हेमाराम चौधरी, दीपेंद्रसिंह शेखावत, मुरारी मीणा, रमेश मीणा व विश्वेंद्र सिंह।
- **निर्दलीयः** संयम लोढ़ा, महादेवसिंह खंडेला व मंजू मेघवाल।
- **बसपा से शामिल हुएः** राजेंद्र गुढ़ा व जोगेंद्रसिंह अवाना।

जमीनी फीडबैक पर काम करेगी गहलोत सरकार

कार्यकर्ता टटोलेंगे जनता की नब्ज

जयपुर @ जागरूक जनता। अपने कार्यकाल के तीसरे साल में प्रवेश कर चुकी राज्य की अशोक गहलोत सरकार अब संगठन की सलाह और फीडबैक के आधार पर काम करेगी और जमीनी फीडबैक से निकल कर आई मांगों और सुझावों पर प्राथमिकता से काम करेगी। प्रदेश कांग्रेस की ओर से जनता से सरकार के कामकाज का फीडबैक जुटाकर सरकार को भेजा जाएगा और उसी आधार पर सरकार आगे काम करेगी। सूत्रों की माने को प्रदेश के सभी जिलों और गांव ढाणियों में संगठन से जुड़े नेता और कार्यकर्ता सरकार के दो साल के कामकाज को लेकर जनता में क्या प्रतिरि या है, इसका फीडबैक लेकर प्रदेश कांग्रेस को भेजेंगे। जिसके बाद प्रदेश कमेटी एक प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजेगी। सरकार के कामकाज के फीडबैक जुटाने का जिम्मा प्रदेश कांग्रेस ने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और व जिला प्रभारियों को दिया है।

कैबिनेट की बैठक आज

जयपुर @ जागरूक जनता। मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को होगी। इसमें मुख्यमंत्री बजट सत्र की तारीख को लेकर मंत्रिमंडल के सदस्यों से चर्चा करेंगे। बैठक के बाद कभी भी सदन शुरू करने की तारीख तय कर कैबिनेट नोट राजभवन भेजा जा सकता है। विधानसभा का बजट सत्र अगले महीने के दूसरे या तीसरे सप्ताह से शुरू होने की सम्भावना है।

प्रदेश में 30 जनवरी से 1.10 करोड़ परिवारों के लिए लॉन्च होगी स्वास्थ्य बीमा योजना

जयपुर @ जागरूक जनता। प्रदेश में 30 जनवरी से आयुष्मान भारत महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना के नए चरण की लॉन्चिंग होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर प्रदेश के 1 करोड़ 10 लाख परिवारों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से इस महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही योजना के पैकेज की सूची में कोविड-19 और हीमोडायलिसिस रोगों को भी शामिल करने का निर्णय लिया गया। गहलोत ने संबंध में वित्त विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इन दो बीमारियों के मरीजों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिवर्ष लगभग 41 करोड़ रुपए अतिरिक्त वहन करेगी।

मुख्यमंत्री ने संशोधन प्रस्तावों को दी मंजूरी

विवाह पंजीकरण प्रक्रिया होगी आसान, जन्म रजिस्ट्रेशन की अवधि बढ़ेगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com,

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में शादियों के रजिस्ट्रेशन तथा जन्म रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रियाओं में सुधार कर इन्हें आसान बनाने का निर्णय लिया है। इससे राजस्थान में विवाह अधिनियम तथा जन्म पंजीकरण के नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित की जा सकेगी। गहलोत ने इसके लिए राजस्थान विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2009 और राजस्थान जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2000 में जरूरी संशोधन करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग के प्रस्ताव के अनुसार, राजस्थान विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 2009 में प्रस्तावित संशोधन कर राज्य सरकार की ओर से सभी जिलों में जिला विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ-साथ आवश्यकतानुसार अतिरिक्त जिला विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और ब्लॉक विवाह रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही, इस अधिनियम के तहत विवाह पंजीकरण की आयु और रजिस्ट्रीकरण के लिए ज्ञापन की विधि आदि से संबंधित संशोधन कर रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया जाएगा।

देना होगा विलम्ब शुल्क

इसी प्रकार, राजस्थान जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2000 में संशोधन के लिए आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग के एक अन्य प्रस्ताव के अनुसार, बालक या बालिका के जन्म रजिस्ट्रीकरण को 15 वर्ष से अधिक हो जाने की स्थिति में भी रजिस्ट्रीकरण के नए नियमों के लागू होने के पांच वर्ष बाद तक नाम दर्ज करवाए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री गहलोत ने की घोषणा

देर रात तक खुलेंगे बाजार, सामाजिक कार्यक्रम के लिए अनुमति जरूरी नहीं

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com,

जयपुर। कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार कमी के चलते जयपुर, जोधपर, कोटा सहित 13 जिला मुख्यालयों में रात्रिकालीन कर्फ्यू अब नहीं रहेगा। कर्फ्यू हटने से इन शहरों में पहले की तरह निर्धारित समय तक बाजार, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल, थड़ी-ठेले आदि खुले रह सकेंगे। साथ ही, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक आयोजनों के लिए जिला कलक्टर की पूर्वानुमति की अनिवार्यता भी हटा दी गई है। अब केवल आयोजन की मात्र सूचना देना जरूरी होगी। हालांकि इनमें शामिल होने वाले लोगों की अधिकतम संख्या का नियम लागू रहेगा। वहीं, निजी लैब में कोविड के लिए अब 800 की जगह 500 रुपए में ही आरटी-पीसीआर जांच हो जाएगी। अब 100 बैड्स से अधिक क्षमता वाले निजी अस्पतालों में आरक्षित कोविड बैड की संख्या 40 फीसदी से घटाकर न्यूनतम 10 प्रतिशत कर दी गई है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ये निर्णय कोरोना संक्रमण एवं वैक्सीनेशन प्रक्रिया को लेकर अपने निवास पर की समीक्षा बैठक में किए। उन्होंने कहा कि रात का कर्फ्यू समाप्त करने के निर्णय से लोग कोरोना से बेपरवाह न हो जाएं। हमें मास्क पहनने, दो गज दूरी बनाए रखने, भीड़-भाड़ से दूर रहने के कोविड प्रोटोकॉल की पालना में कोई ढिलाई नहीं बरतनी है। कोरोना के

हैल्थ प्रोटोकॉल्स को अपनाए रखना आवश्यक है, नहीं तो पुनः संक्रमित संख्या बढ़ सकती है। यदि यह नौबत आई, तो वापस सख्ती करनी पड़ सकती है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए गत 21 नवम्बर को रात 8 बजे से सुबह 6 बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू की व्यवस्था की थी। इस व्यवस्था के तहत इन शहरों में बाजार, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थान शाम 7 बजे तक ही खोले रखने के आदेश थे।

जागरूक जनता फेसबुक पेज
jagrukjanta.com
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.face-book.com/jagrukjan-tanews

प्रदेश कांग्रेस को कुशल वक्ता-प्रवक्ताओं की तलाश, रिसर्च विंग भी होगी तैनात

सरकार और पार्टी के कामकाज को जनता के बीच ले जाने का जिम्मा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। प्रदेश कांग्रेस में नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा के बाद अब पार्टी का पूरा फोकस कुशल वक्ता और प्रवक्ताओं की तलाश करना है। इसके लिए प्रदेश में कुशल वक्ता-प्रवक्ताओं की तलाश भी शुरू कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस में प्रदेश स्तर, संभाग स्तर और जिला स्तर पर प्रवक्ता नियुक्त किए जाएंगे। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने भी इसके संकेत दिए हैं। जिला प्रभारियों को कुशल वक्ता-प्रवक्ताओं को तलाशने का जिम्मा दिया गया है। कांग्रेस के कुशल वक्ता-प्रवक्ता पार्टी और सरकार के कामकाज को मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म पर पूरी तैयारी के साथ पेश करेंगे।

प्रदेश कांग्रेस में हो सकते हैं तीन प्रवक्ता

विश्वस्त सूत्रों की माने तो प्रदेश कांग्रेस में इस बार तीन प्रवक्ता नियुक्त किए जा सकते हैं, इनमें एक मीडिया चेयरपर्सन और दो प्रवक्ता नियुक्त किए जाएंगे, साथ ही सभा और जिला स्तर पर भी दो-दो प्रवक्ताओं की तैनाती करने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि जनवरी के आखिरी सप्ताह या फिर फरवरी माह में प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जा सकती है, उसके बाद संभाग स्तर और जिला स्तर पर प्रवक्ताओं की नियुक्ति की जाएगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस में जल्द ही रिसर्च और आईटी सेल का भी गठन किया जाएगा।

ANCHOR सड़क सुरक्षा सप्ताह

सुरक्षा के प्रति सदैव रहें जागरुक- गहलोत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षा के प्रति सदैव जागरुक रहने का अनुरोध किया है। गहलोत ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुरू होने पर सोशल मीडिया के जरिए सभी वाहन चालकों, गैर मोटर चालित वाहन स्वामियों और आमजन से अनुरोध किया कि वे यातायात नियमों का पालन अवश्य करें और अपनी तथा अन्य लोगों की सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक रहें। उन्होंने कहा कि लोगों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान होने वाली सभी गतिविधियों में अपना कर्तव्य समझकर सक्रिय सहभागिता भी निभानी चाहिए।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने जवाहर सर्किल पर शुभारंभ किया। उद्घाटन के बाद साइकिल और बाइक रैली को प्रताप सिंह खाचरियावास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एडीजी यातायात स्मिता श्रीवास्तव, परिवहन आयुक्त रवि जैन, महापौर मुनेश गुर्जर, यातायात डीसीपी

आदर्श सिद्धू, जयपुर आरटीओ राकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 18 जनवरी से 17 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनता के जागरुक होने की जरुरत हैं। खाचरियावास ने कहा कि जब तक लोग इसके प्रति जागरुक नहीं होंगे तब तक सड़क दुर्घटनाओं को कम करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि लोग दुर्घटना होने पर वीडियो बनाते हैं लेकिन मदद नहीं करते, जबकि बार-बार ये बताया जा रहा हैं कि दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल लेकर जाने वाले से पुलिस या अस्पताल में कोई पूछताछ या किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम (रोडवेज) की बसें पूरे देश में जाती हैं और इससे दुर्घटना सबसे कम होती है। इसके लिए रोडवेज को अवॉर्ड मिलेगा। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर का दायरा बढ़ने से यातायात भी बढ़ा है। हर जगह कैमरे लगाए जाएंगे, इससे अपराध और दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिलेगी। अंधे मोड़ पर ब्रेकर लगाना भी जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि इस बार दुर्घटना में 12 प्रतिशत कमी आई हैं जो खुशी की बात है। उन्होंने कि वह इस सड़क सुरक्षा माह में अलग-अलग जगह जाकर लोगों को जागृत करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के कार्य में राज्य और केन्द्र दोनों की जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के मुताबिक एक माह सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुर्घटनाएं कम करने को लेकर बहत कुछ करना चाहती हैं।

ज्योतिर्विद् **अक्षय शास्त्री**
अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

बुधवार, जनवरी
20/01/2021

सूर्योदय : 07:20 **सूर्यास्त :** 17:55
चन्द्रोदय : 11:51 **चन्द्रास्त :** 24:38
शक सम्वत : 1942 सरवरी **अमान्ता महीना :** पौष **पूर्णिमांत :** पौष **सूर्य राशि :** मकर **चन्द्र राशि :** मीन **पक्ष :** शुक्ल
तिथि : सप्तमी, 13:16 तक **वार :** बुधवार
शक सम्वत : 1942 शर्वरी चन्द्रमास
विक्रम सम्वत : 2077 प्रमादी **गुजराती सम्वत :** 2077 परिधावी **पौष** - पूर्णिमान्त **पौष** - अमान्त **द्रिक ऋतु :** शिशिर **वैदिक ऋतु :** हेमन्त **द्रिक अयन :** उत्तरायण **वैदिक अयन :** उत्तरायण

नक्षत्र, योग तथा करण

नक्षत्र : रेवती, 07:10 तक
योग : सिद्ध, 19:23 तक
प्रथम करण : वणिजा, 13:16 तक
द्वितिय करण : विष्टि, 26:32 तक

शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त : 05:30 ए एम, जनवरी 21 से
प्रातः सन्ध्या : 05:57 ए एम, जनवरी 21 से
विजय मुहूर्त : 02:25 पी एम से
गोधूलि मुहूर्त : 05:49 पी एम से
सायाह्न सन्ध्या : 05:59 पी एम से
अमृत काल : 09:56 ए एम से
निशिता मुहूर्त : 12:11 ए एम, जनवरी 21 से

दिन का चौघड़िया

लाभ : 07:19 - 08:39
अमृत : 08:39 - 09:58
काल काल वेला : 09:58 - 11:17
शुभ : 11:17 - 12:37
रोग वार वेला : 12:37 - 13:56
उद्वेग : 13:56 - 15:15
चार : 15:15 - 16:35
लाभ : 16:35 - 17:54

रात का चौघड़िया

उद्वेग : 17:54 - 19:35
शुभ : 19:35 - 21:15
अमृत : 21:15 - 22:56
चार : 22:56 - 24:37
रोग : 24:37 - 26:17
काल : 26:17 - 27:58
लाभ : 27:58 - 29:39
उद्वेग : 29:39 - 31:19

निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास : दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : शुक्र
चन्द्र वास : उत्तर

अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघड़िया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघड़िया माना जाता है।

आज सप्तमी तिथि को करें कौन सा कार्य

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

बुधवार को क्या करें

बुधवार की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
ये कार्य करें :- सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
यह कार्य न करें:- उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

नोट : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

सम्पादकीय

सवाल सेहत का

को रोना और लॉकडाउन की वजह से जब दुनिया भर में लोग ज्यादा से ज्यादा समय घर में बिताने को तरजीह दे रहे हैं, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक सच्चाई को हमारे सामने रखकर न सिर्फ हमें सचेत किया है, बल्कि आगे का सही रास्ता भी दिखाया है। आज शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी खतरे मंडरा रहे हैं। ऐसे में, यह जरूरी है कि शारीरिक गतिविधियों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया है कि शारीरिक गतिविधियों को अगर अपेक्षा अनुरूप रखा जाए, तो दुनिया में हर साल होने वाली 40 से 50 लाख मौतों को टाला जा सकता है। मोटे तौर पर दुनिया में हर डेढ़ सौ इंसानों में से एक की जिंदगी शारीरिक गतिविधियों के अभाव की वजह से खतरे में पड़ती है। खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान बताता है कि दुनिया में 27.5 प्रतिशत वयस्क और 81 प्रतिशत किशोर शारीरिक गतिविधियों के पैमानों पर खरे नहीं उतरते हैं, अर्थात इतने लोग अपने शरीर को उतना नहीं चलाते हैं, जितना कि चलाना चाहिए। विगत एक दशक में इस मोर्चे पर कोई अंतर नहीं आया है। लोग अपने स्वास्थ्य या शारीरिक गतिविधियों की जरूरत को लेकर सजग नहीं हो रहे हैं। ताजा दिशा-निर्देशों के अनुसार, 5 से 17 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन कम से कम 60 मिनट की मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। इसमें एरोबिक गतिविधियों के साथ-साथ मांसपेशियों और हड्डियों को मजबूत करने की गतिविधि भी जरूरी है। यदि इस उम्र के लोग जरूरत भर का व्यायाम या कार्य कर लें, तो उनका शरीर मजबूत हो सकता है। उनका हृदय, रक्तचाप, ग्लूकोज, अस्थियां, मन-दिमाग, शैक्षणिक प्रदर्शन सुधर सकता है। कोरोना के समय हमने देखा है, बच्चों की गतिविधियां मोबाइल या स्क्रीन तक सिमट रही हैं। अभी आंकड़े नहीं आए हैं, पर आने वाले महीनों में मोटापे व विभिन्न रोगों के आंकड़े भी जारी होंगे और हमें पता चल सकेगा कि कोरोना या लॉकडाउन ने हमें कितना नुकसान पहुंचाया है। 18 से 64 वर्ष की आयु के वयस्कों को कम से कम तीन से पांच घंटे की मध्यम-तीव्रता वाली एरोबिक गतिविधि या हर हफ्ते कम से कम 75-150 मिनट की जोरदार तीव्रता वाली एरोबिक गतिविधि करनी चाहिए। मांसपेशियों केलिए व्यायाम भी सप्ताह में दो या अधिक दिन करने की सिफारिश की जाती है। दिशा-निर्देशों में साफ कहा गया है कि वयस्कों में गतिहीन व्यवहार से हृदय रोग, कैंसर और टाइप -2 मधुमेह की आशंका बढ़ सकती है। 65 से ज्यादा उम्र के लोगों को अपनी जरूरत और क्षमता के लिहाज से गतिविधियां करने की सिफारिश की गई है, तो इसे समझा जा सकता है। यह भी गौर करने की बात है कि लड़कियां और महिलाएं अपेक्षाकृत कम सक्रियता दिखा रही हैं। हर परिवार और संस्थान को शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने के उपाय करने चाहिए। भारत सहित ज्यादातर देशों में स्वास्थ्य को निजी मामला मान लिया जाता है, जबकि यह विषय पूरे समाज-देश से जुड़ा है। क्या जब कोई बीमार पड़ता है, तो अनगिनत लोगों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रभाव नहीं पड़ता है? एक बीमार आदमी भी सबकेतन, मन और धन को नुकसान पहुंचा सकता है। अतः बीमारियों से बचने के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा, तभी हमारी गतिशीलता बढ़ेगी और हम ज्यादा सेहतमंद रहेंगे।

रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' का यह सीजन अपने पिछले सीजन से भी बेहतर है। हालांकि दूसरे तमाम रियलिटी शो की तरह यहां भी मेलोड्रामा की भरमार है, प्रतियोगियों की दुखभरी दास्तान हैं, गरीब माता-पिता के ऊंचे-ऊंचे सपने हैं और इनसे भी फायदा नहीं मिले, तो दर्शकों का जज्बाती समर्थन हासिल करने के लिए आंसू बहाते जज हैं। लेकिन इस तमाम ड्रामेबाजी के बावजूद आखिर कुछ तो बात है, जो यह शो सीधे आपके दिल को छू जाता है।

सुरों के सच्चे साधक

श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार

हिंदुस्तानी सिनेमा के बेहतरीन, लेकिन मुश्किल समझे जाने वाले गानों को भी नवोदति कलाकार इतनी नफासत से गाते हैं कि आप भले ही सुरों की बारीकियों की समझ नहीं रखते हों, फिर भी आपको यह अहसास होगा कि टेलीविजन के पर्दे पर जो कलाकार नजर आ रहा है, उसके सुरों में सच्चाई है।

अगर आप गीत और संगीत से थोड़ा सा भी लगाव रखते हैं, तो यह मुमकिन नहीं है कि आप मशहूर सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल' के बारे में जानकारी नहीं रखते हों। सोनी चैनल पर प्रसारित होने वाले इस शो का अभी 12 वां सीजन चल रहा है और जैसा कि हर बार होता है, यह सीजन अपने पिछले सीजन से भी बेहतर है। हालांकि दूसरे तमाम रियलिटी शो की तरह यहां भी मेलोड्रामा की भरमार है, प्रतियोगियों की दुखभरी दास्तान हैं, गरीब माता-पिता के ऊंचे-ऊंचे सपने हैं और इनसे भी फायदा नहीं मिले, तो दर्शकों का जज्बाती समर्थन हासिल करने के लिए आंसू बहाते जज हैं। लेकिन इस तमाम ड्रामेबाजी के बावजूद आखिर कुछ तो बात है, जो यह शो सीधे आपके दिल को छू जाता है। शायद इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि गुजरे दौर के लोकप्रिय गीत-संगीत को यह शो कुछ इस अंदाज में पेश करता है कि मुंह से 'वाह' ही निकलती है। इस शो में हर बार ऐसे नवोदित कलाकारों को मंच मिलता है, जो सुरों की सच्ची साधना करने में यकीन करते हैं। इस बार भी देशभर से ऐसे हुनरमंद नौजवान कलाकार चुने गए हैं, जिनके बारे में यह तय करना वाकई मुश्किल है कि कौन किससे बेहतर गा रहा है।

कच्ची उम्र के इन नौजवान गायक-गायिकाओं में राजस्थान के नागौर में रहने वाले सवाई भाट भी हैं, तो मुजफ्फरनगर के मोहम्मद दानिश, कोलकाता की अरुणिता कांजीलाल, उत्तराखंड में चंपावत के पवनदीप राजन, अहमदनगर की अंजलि गायकवाड़, मुंबई की सयाली कांबले और पुणे के आशीष कुलकर्णी समेत कुल तेरह कलाकार सुरों के अखाड़े में अपनी-अपनी गायकी का दांव चल रहे हैं। पंद्रह से बीस-बाईस साल की उम्र वाले ये कलाकार अपनी गायकी के दम पर निर्णायकों और दर्शकों को निरंतर चौंका रहे हैं। हिंदुस्तानी सिनेमा के बेहतरीन, लेकिन मुश्किल समझे जाने वाले गानों को भी ये कलाकार इतनी नफासत से गा रहे हैं कि आप भले ही सुरों की बारीकियों की समझ नहीं रखते हों, फिर भी आपको यह अहसास होगा कि टेलीविजन के पर्दे पर जो कलाकार नजर आ रहा है, उसके सुरों में सच्चाई है। इस शो में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले संगीतकार विशाल ददलानी ने तो पिछले हफ्ते साफ तौर पर स्वीकार किया कि जैसे-जैसे शो आगे बढ़ रहा है, उन्हें इस बात की टेंशन होने लगी है कि वे किसे चुनेंगे और किसे बाहर का रास्ता दिखाएंगे।

टेंशन होना स्वाभाविक भी है। हर कलाकार पिछले प्रतियोगी से बेहतर गायकी पेश कर रहा है, हाई पिच के गानों को भी सारे प्रतियोगी बड़ी आसानी से और बेहद खूबसूरती के साथ गा रहे हैं, वे सिर्फ पुराने गानों की नकल नहीं कर रहे हैं, बल्कि इनमें अपनी ओर से भी इंप्रोवाइजेशन कर रहे हैं, जिसे हम लोग तकनीकी भाषा में वैल्यू एडिशन भी कह सकते हैं। इस तरह के नए प्रयोगों से सुरों का यह मैदान और सुरीला हो गया है।

एक बात और। 'इंडियन आइडल' जैसे टैलेंट हंट शो ने ऐसे तमाम लोगों को एक नया प्लेटफॉर्म मुहैया कराया है, जो अब तक गुमनामी का जीवन जी रहे थे या जिनके पास अपनी कला को लोगों तक पहुंचाने का कोई प्रभावी जरिया नहीं था। किसने सोचा था कि नागौर के आसपास के गांवों में अपने मां-बाप के साथ कठपुतली का शो करने वाले और बदहाल सी एक झोपड़ी में गुजर-बसर करने वाले सवाई भाट को इतने बड़े प्लेटफार्म पर अपनी आवाज का जादू बिखेरने का मौका मिलेगा। खास बात यह है कि आज तक उन्होंने गायकी की कोई भी फॉर्मल ट्रेनिंग नहीं ली है, फिर भी जब सवाई भाट स्टेज पर आते हैं, तो अच्छे-अच्छे उस्ताद गायक भी हैरान रह जाते हैं।

हाल ही अपने एक इंटरव्यू में सवाई भाट ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि उन्होंने न तो कभी स्कूल-कॉलेज का मुंह देखा है और न ही उन्होंने संगीत की कोई डिग्री ली है। जैसलमेर में रहने वाली मांगणयार कम्युनिटी के लोगों की गायकी को सुनकर सवाई भाट ने अपनी गायकी को चमकाया और इस तरह अपना घर भी चलाया। फिर अपनी आंखों में कुछ रूपहले सपने लेकर सवाई ने इंडियन आइडल का रुख किया और आज शायद उन्हें लगता होगा कि उनके सपनों को साकार करने की वेला आ गई है। हालांकि यह सब कुछ इतना आसान भी नहीं था। जैसा कि वे कहते हैं, ''काफी लोग यह सोचते थे कि यह कभी अच्छा सिंगर नहीं बन सकता। सबको लगता था कि बस ये गली-गली में गांव-गांव जाकर मांगता रहेगा हमेशा। लेकिन सरस्वती माता की देन थी और मैं थोड़ा अच्छा गा भी लेता था। तो सरस्वती माता की देन हुई और भगवान का आशीर्वाद हुआ कि उन्होंने मुझे यहां तक पहुंचाया।''

भगवान का यही आशीर्वाद शायद नेहा कक्कड़ पर भी रहा, तभी तो यह मुमकिन हुआ है कि जिस प्लेटफॉर्म पर वे कभी एक प्रतियोगी के रूप में शामिल हुई थीं, आज उसी मंच पर वे एक जज की भूमिका में नजर आ रही हैं। वर्ष 2008 में नेहा इंडियन आइडल-2 में एक कंटेस्टेंट बनकर आई थीं, लेकिन तब वे खिताब जीतने में नाकाम रही थीं। लेकिन अपने जज्बे को कायम रखते हुए नेहा ने सुरों की दुनिया में आहिस्ता-आहिस्ता अपनी एक अलग पहचान बनाई। उनकी इसी तपस्या का नतीजा है कि नेहा कक्कड़ को इंडियन आइडल के सीजन 10 में निर्णायक बनने का अवसर मिला और इसके बाद सीजन 11 और अब सीजन 12 में भी वे प्रतियोगियों की गायकी को जज कर रही हैं।

(यह लेखक के अपने विचार है)

साप्ताहिक राशिफल

आचार्य राजेश शास्त्री
पौष, शुक्ल, सप्तमी, 2077
बुधवार, 20 जनवरी - 26 जनवरी, 2021

मेष परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी एवं आप अपने परिवार के भविष्य के लिए सोच विचारकर निर्णय लेंगे।

वृषभ आर्थिक निवेश आपको बहुत फायदे दे सकते हैं। सुख समृद्धि को लेकर अशंकाएं लगी रहेंगी।

मिथुन किसी बुजुर्ग की सेहत को लेकर मन चिंतित हो सकता है। यात्राओं के लिए यह शुभ समय है।

कर्क कार्यक्षेत्र में सुकून महसूस करेंगे। उन्नति के अवसर मिलेंगे। शुभ परिणाम सामने आएंगे।

सिंह आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। सफलता के शुभ संयोग बन रहे हैं।

कन्या कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं व्यवहार कुशलता के द्वारा उन्नति करेंगे। यात्राओं द्वारा भी शुभ संयोग बनेंगे।

तुला आर्थिक मामलों में शुभ स्तिथियां बढ़ती जाएंगी। कोई पितातुल्य व्यक्ति आपकी इस मामले में मदद कर सकते हैं।

वृश्चिक यात्राओं का योग है। धैर्य एवं सूझबुझ के साथ जीवन में निर्णय लेंगे तो फायदा होगा। शुभ समाचार मिलेंगे।

धनु आर्थिक उन्नति शुभ होगी एवं जीवन में प्रगति होगी। सप्ताह की शुरुआत में सकारात्मक खबर मिल सकती है।

मकर कार्यक्षेत्र में बेलेंस बनाकर रखें। जीवन में प्राग्रेस करने के लिए शांत मन से स्तिथियों का आंकलन करें।

कुंभ कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी एवं युवा वर्ग का सपॉर्ट मिलेगा। प्रोजेक्ट द्वारा कोई सकारात्मक खबर मिलेगी।

मीन कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी लेकिन आपको कभी-कभी ना कहना भी सीखना चाहिए।

ऐतिहासिक अभियान

जागरूक जनता
jagrukjanta.in
विचार

संतोष मिश्रा

भारत जैसे विशाल देश में कोरोना टीकाकरण की शुरुआत सुखद और ऐतिहासिक है। आज से साल भर पहले लोग कोरोना के बारे में ठीक से जानते भी नहीं थे, लेकिन आज इस बारे में लगभग सभी को पता है। यह अपने आप में इतिहास ही है कि इतनी जल्दी किसी रोग के टीके का न केवल निर्माण हुआ है, बल्कि वह देश के लगभग हर जिले में पहुंच भी गया है। यह अवसर किसी उत्सव से कम नहीं है। पहले चरण में टीके का खर्च पूरी तरह से केंद्र सरकार उठा रही है, तो कोई आश्चर्य नहीं। पहले चरण में करीब तीन करोड़ अग्रिम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं को टीका लगाया जाएगा। ताजा आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन अक्तूबर महीने में ही 500 से ज्यादा डॉक्टर कोरोना की वजह से शहीद हुए थे। एक अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहीद होने वाले कुल कोरोना योद्धाओं की संख्या चार अंकों में होगी। जब देश के तमाम अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं को टीका लग जाएगा, तब कम से कम डॉक्टर और चिकित्साकर्मी बेहिचक सेवा कर सकेंगे। देश में हर्ड इम्युनिटी अर्थात सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता के

निर्माण में अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं का टीकाकरण बुनियाद है। यह जरूरी है कि टीकाकरण को पर्याप्त कामयाबी मिले। बहुत से ऐसे योद्धा होंगे, जो टीका लेना पसंद नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें आश्वस्त करते हुए इस चरण के टीकाकरण को कामयाब बनाना होगा। लोगों की भी निगाह इस अभियान की सफलता पर टिकी है। अभी भी कुछ विपक्षी पार्टियों के नेताओं को टीके की गुणवत्ता पर भरोसा नहीं हो रहा है। ऐसे में, भाजपा शासित राज्यों को इस अभियान में सोलह आना कामयाब उतरना होगा। मामला पूरी तरह से विश्वास का है, लोगों का विश्वास सशक्त करना जरूरी है। यह काम तभी बेहतर ढंग से हो सकेगा, जब डॉक्टर स्वयं टीका लेने के लिए आगे आएंगे। डॉक्टरों को न केवल टीका लेने में आगे रहना है, उन्हें इस अभियान को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा भी करना है। तमाम सावधानियों के साथ पहला चरण पूरा होना चाहिए और इस चरण में रह जाने वाली त्रुटियों से सीखना चाहिए। इस चरण के बाद संभव है, अगले चरण में टीके के लिए लोगों को भुगतान करना पड़े। करीब छह राज्यों ने अपने यहां लोगों को मुफ्त टीका लगाने का वादा किया है, लेकिन बाकी अनेक राज्य हैं, जो टीका का खर्च उठाने के लिए तैयार नहीं होंगे। स्वाभाविक ही चूंकि टीका महंगा है, इसलिए कुछ सरकारें मुफ्त टीके की घोषणा से बच रही हैं। जो टीका सरकारों को महंगा लग रहा है, वह आम लोगों को कितना महंगा लगेगा, इस बारे में सोच लेना चाहिए। एक और महत्वपूर्ण संकेत यह है कि शायद सरकार लोगों को टीकों में से किसी एक को चुनने का अधिकार नहीं देने पर विचार कर रही है। मतलब जिसे जो टीका दिया जाएगा, उसे वही टीका लेना पड़ेगा। यहां एक अंतर करना पड़ेगा, यदि टीकों की कीमत समान नहीं रहेगी, कम या ज्यादा रहेगी, तो लोगों को चुनने का विकल्प मिलना चाहिए। लोगों से टीका चयन का अधिकार तभी छीनना चाहिए, जब टीकों की गुणवत्ता और कीमत में एकरूपता हो। टीकाकरण में हर स्तर पर पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित करते हुए ही आगे बढ़ा जा सकता है। साथ ही, टीके के आने का अर्थ यह नहीं कि बचाव या सावधानियों से हम मुंह चुराने लगें।

(ये लेखक के अपने विचार है)

सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव

बताइये आप में क्या शक्ति है- आप क्या कर सकते हैं? इस पर वायु ने अग्नि की ही भांति सगर्व उत्तर दिया- मैं चाहूं तो इस सारे भूमंडल में जो कुछ भी देखने में आ रहा है, सबको बिना आधार के उठा लूं, उड़ा दूं। वायु देवता की गर्वोक्ति सुनकर ब्रह्म ने उनके आगे भी एक सूखा तिनका डालकर कहा- तनिक सा बल लगाकर इस सूखे तृण को उड़ा दीजिए। वायु देव तृण के पास पहुंचे और उसे उड़ाना चाहा, अपनी पूरी शक्ति लगा दी। परन्तु शक्तिमान परमात्मा द्वारा शक्ति रोक लिए जाने के कारण वे उसे तनिक सा हिला भी नहीं सके और अग्नि की भांति हतप्रभ होकर लज्जा से सिर झुकाए वहां से लौट आए। सब देवताओं से बोले मैं तो नहीं जान सका, यह यक्ष कौन है? अंत में देवताओं ने विचार करके स्वयं देवराज इन्द्र को इस कार्य के लिए चुना। इन्द्र पता लगाने यक्ष के पास गए, पर उनके वहां पहुंचते ही वह अन्तर्ध्यान हो गए। इन्द्र में इन देवताओं से अधिक अभिमान था, इसलिए ब्रह्म ने उनको वार्तापाल का अवसर नहीं दिया। परन्तु इन्द्र को अधिकारी समझ उसे ब्रह्म तत्व का ज्ञान कराने के लिए वे स्वयं अन्तर्ध्यान हो गए। इतने में ही इन्द्र ने वहां भगवती उमा को प्रकट हुए देखा। इन्द्र पर कृपा करके करुणामय परब्रह्म परमात्मा ने उमा रूप साक्षात ब्रह्मविद्या को प्रकट किया। इन्द्र के पूछने पर भगवती उमा ने कहा कि जिस दिव्य यक्ष को देख रहे थे, वे साक्षात परब्रह्म परमेश्वर हैं। तुमने जो असुरों पर विजय प्राप्त की, वह इन ब्रह्म की शक्ति से ही की। **क्रमश**

कोऔं-परिंदों की चिंता

देश के सात से अधिक राज्यों में बर्ड फ्लू के कारण सैकड़ों पक्षियों का मरना या मारा जाना दुखद तो है ही, मानवता पर प्रश्नचिह्न भी है। बेजुबान पक्षियों में भी कौओं की बड़ी संख्या में मौत झकझोर रही है। कौओं की चिंता इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि अव्वल तो शहरों में उनकी संख्या बहुत घट चुकी है, गांवों में भी वे पहले की तरह नजर नहीं आते हैं। ऐसे में, उनकी मौत बाकी बचे हुए कौओं को मानव बस्तियों से बहुत दूर कर देगी। कौओं के साथ मानव बस्तियों का रिश्ता पुराना है। वे सदियों से सफाईकर्ता के रूप में हमारे आसपास से नाना प्रकार के जहरीले या अवांछित कीड़े-मकोड़ों को हटाते आए हैं। उनका हमारे पास न होना, हमारी सेहत के लिए भी खतरनाक है। कौओं की मौत की सूचना राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, केरल, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश से विशेष रूप से आ रही है। विशेषज्ञ जांच में लगे हैं, लेकिन सामान्य रूप से कौओं में बर्ड फ्लू का संक्रमण दूसरे पक्षियों से ही हुआ होगा। आमतौर पर कौओं को दूसरे पक्षियों, जंतुओं के शव खाते-उठाते देखा जाता है, इसी वजह से उनमें संक्रमण की गुंजाइश ज्यादा रहती है। इस बार ज्यादा आशंका यह है कि विदेशी पक्षियों के जरिए ही बर्ड फ्लू का देश में संक्रमण हुआ है। सर्दियों में बड़ी संख्या में विदेशी पक्षी भारत के ताल, तालाबों, खेतों में समय

बिताने आते हैं। कुछ पक्षी तो यहां सर्दियों के समय चार से पांच महीने तक रहते हैं। ऐसे में, यह बहुत जरूरी है कि विदेशी पक्षियों की खास तौर पर निगरानी की जाए। ताल-तालाबों के आसपास नजर रखने के साथ ही साफ-सफाई के काम को मुस्तैदी से अंजाम देना होगा। यह वही मौसम है, जब किसी न किसी राज्य से बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत की खबर आती है, अतः संबंधित महकमों और विशेषज्ञों को सचेत हो जाना चाहिए। बर्ड फ्लू अत्यधिक गंभीर संक्रामक और श्वसन रोग है, जो मनुष्यों में फैला, तो बहुत घातक स्वरूप में सामने आएगा।

इस साल बर्ड फ्लू की ज्यादा चिंता करने की जरूरत है, क्योंकि कोरोना से तबाह अर्थव्यवस्था और झटके झेलने की स्थिति में नहीं है। प्रशासन को वाकई हाई अलर्ट पर रहना होगा। बर्ड फ्लू अर्थात एवियन इन्फ्लूएंजा के प्रकोप को रोकने के लिए अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों के दो-तीन किलोमीटर के दायरे में बत्तखों, मुर्गियों, पक्षियों आदि पर निगाह रखनी पड़ेगी। देश में जहां से भी बर्ड फ्लू की सूचना मिले, वहां सावधानी से उतने ही पक्षियों को मारना चाहिए, जितना बहुत जरूरी हो। जहां बर्ड फ्लू का संक्रमण नहीं हुआ है, वहां घबराने की जरूरत नहीं, पर सतर्क रहकर पक्षियों और उनकी गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। जहां कौए हैं, वहां उनके लिए दाना-पानी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि उन्हें अन्य पक्षियों-कीड़ों के शव के पीछे घात न लगाना पड़े। हमें पक्षियों के स्वास्थ्य के प्रति भी सजग होना चाहिए। भारत एक ऐसा देश है, जहां सदियों से मेहमान पक्षी आते रहे हैं, अतः भारत में प्रवासी पक्षियों के स्वास्थ्य के अलावा स्वदेशी पक्षियों की भी चिंता जरूरी है। विशेष रूप से मानव व मानव आबादी को पसंद करने वाले कौओं को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास जरूरी हैं। कौओं में भी कुछ प्रजातियां विरल हो चली हैं, बर्ड फ्लू के बहाने ही सही, उनके लिए संवेदना बढ़े, तो हम मनुष्यों का ही भला होगा।

- कीर्ति शर्मा

जागरूक Selfie विद डॉटर

मेघा, हर्षित डॉटर-सन अनिता-रामेन्द्र सोलंकी

हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

daughterwithselfy@gmail.com

सम्पर्क करें : **9829329070, 9928022718**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-2338070

जागरूक न्यूज

अक्षिता जन विकास संस्थान ने बांटे गर्म वस्त्र

चाकसू @ जागरूक जनता। अक्षिता जन विकास संस्थान, चाकसू के सदस्यों द्वारा देने का सुख कार्यक्रम के तहत हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी चाकसू में कच्ची बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद व बच्चों को स्वेटर व कम्बल वितरित किये गये। बच्चे व बुर्जगों के चेहरे सर्दी में गर्म कपड़े पाकर खिल उठे। आयोजक कृष्णा शर्मा ने कहा कि जरूरतमंदो की सेवा हर इन्सान का कर्तव्य है। हमे तन मन धन से औरो के लिये कुछ करने की कोशिश करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में समाजसेवी मुकेष शर्मा, जिला संयोजक आईटी विभाग, भाजपा, सवाईमाधोपुर, सचिव कृष्णा शर्मा, समाजसेविका किरण शर्मा, डायरेक्टर, जयजीपीएस, स्कूल शिवदासपुरा, विजय अग्रवाल एवं गणेष शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

खेतान प्रदेश सचिव मनोनीत

जयपुर @ जागरूक जनता। खेतान राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अन्मुलन समिति राजस्थान कै प्रदेश सचिव मनोनीत हुए। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अन्मुलन समिति राजस्थान कै प्रदेश अध्यक्ष मनोज पारीक नै पंकज कुमार खेतान को संस्था कै प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया है ।

जयादित्य 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में सम्मिलित

जयपुर @ जागरूक जनता। जयादित्य का नाम 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में 'लार्जेस्ट पोट्रेट यूसिंग पेपर क्विलिंग' के लिए सम्मिति किया गया है। जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल में कक्षा दो का सात वर्षीय छात्र जयादित्य ने सरदार वल्लभ भाई पटेल का 4230 (0.5 गुणा 30 सेंटीमीटर) पेपर स्ट्रिप से पेपर क्विलिंग तकनीक से 42 इंच गुणा 28 इंच का पोर्ट्रेट बनाया। इस पोर्ट्रेट को बनाने में जयादित्य को 40 दिन लगे। नन्हें जयादित्य ने अपनी इस उपलब्धि को स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को समर्पित की है। उल्लेखनीय है कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों को अपनी दूरदर्शिता, चतुराई, सूझबूझ और अद्भुत कूटनीतिक कौशल से अखंड भारत में विलय किया था।

स्माइल के लिए समर्पित विद्यालय

जयपुर @ जागरूक जनता। शहीद हिम्मत सिंह राजकीय माध्यमिक विद्यालय मुरलीपुरा स्कीम में कोरोना महामारी के चलते हुए भी विद्यालय स्टाफ ने छात्रों की पढ़ाई को बाधित नहीं होने दिया। संस्था प्रधान सुआलाल शर्मा ने बताया कि जुलाई माह से कक्षा प्रथम से दस तक के छात्रों को घर-घर जाकर पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। स्थानीय विद्यालय में डीएलएड परीक्षा 2020 का सेंटर होते हुए भी संस्था प्रधान स्वयं स्टाफ के साथ स्माइल-2 को सफल बनाने में लगे हुए हैं। संस्था प्रधान एवं पूरा स्टाफ घर-घर जाकर छात्रों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

पंजाबी सेवा समाज समिति ने मनाया लोहड़ी पर्व

जयपुर @ जागरूक जनता। विद्याधर नगर पंजाबी समाज सेवा समिति ने लोहड़ी पर्व बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर पंजाबी समाज सेवा समिति के उप सचिव अनिल कुन्दरा ने वार्ड 21 की पार्षद प्रियंका अग्रवाल एवं हिन्दू युवा वाहिनी महानगर जयपुर के प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष केशव अरोड़ा को विद्याधर नगर स्थित अपने निवास पर आमंत्रित किया और उनका स्वागत किया। पार्षद प्रियंका अग्रवाल ने अग्नि प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और सभी को शुभकानाएं दीं। इस अवसर पर पंजाबी समाज के अध्यक्ष जी.एल. खुराना सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

श्रीराम मंदिर निर्माण निधि संग्रह में समाजसेवियों ने दिया एक-एक लाख का सहयोग

जयपुर @ जागरूक जनता। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा चलाए जा रहे श्रीराम मंदिर निर्माण निधि संग्रह अभियान के तहत विभिन्न संस्थाएं एवं आमजन अपनी ओर से सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में विद्याधर नगर नगर निगम ग्रेटर वार्ड 21 की पार्षद प्रियंका अग्रवाल के पति विनोद अग्रवाल, दामोदर अजमेरा, एवं जी.एल. बड़गोती ने एक-एक लाख रुपए का योगदान दिया।

हिन्दू युवा वाहिनी ने की लव जिहाद के खिलाफ कानून बनाने की मांग

जयपुर @ जागरूक जनता। हिन्दू युवा वाहिनी जयपुर महानगर, मानसरोवर के कार्यकर्ताओं के साथ लव जिहाद की घटनाओं को लेकर रोष प्रकट किया। इस अवसर पर राजस्थान सरकार से लव जिहाद के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर कानून बनाने की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार रोष प्रदर्शन कार्यक्रम में वाहिनी के प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष केशव अरोड़ा, जयपुर महानगर उपाध्यक्ष गोविन्द चौधरी, विद्याधर विधानसभा संयोजक सतीश जागा व मानसरोवर से सत्येन्द्र बसेरा, सुभाष नेहरा, मोटू जाखड़, विकास लामोरिया, अजय बन्ना, अनिल जाखड़, प्रेम निवास पूनिया, हरीश नेहरा, मनीष श्योराण, मुनी उपाध्याय व दीपक गुप्ता उपस्थित रहे।

श्री राम वृद्धाश्रम में बांटा जरूरत का सामान

जयपुर @ जागरूक जनता। अपराजित फाउण्डेशन ने चाकसू स्थित श्री राम वृद्धाश्रम में कंबल, स्वेटर, गर्म स्लीपर, मिठाई, कपड़े, कुछ जरूरत के बर्तन और फल वितरण किए। इस दौरान फाउण्डेशन के सदस्यों ने आश्रम में रहने वाले सदस्यों के साथ कुछ देर भगवान के भजनों का भी आनंद लिया। फाउण्डेशन की मुखिया हर्षिता शर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अपने और अपनों के लिए तो सब जीते हैं मगर किसी अनजान के लिए कुछ करने का आनंद ही अलग है। जरूरतमंदों के चेहरे की खुशी हमारी उर्जा को और बढ़ा देती है। इस अवसर पर अनिता व्यास, अंकित शर्मा, संजू भारद्वाज, पारितोष शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, पद्मा शर्मा, रुद्राक्ष शर्मा, टिया शर्मा, आलोक गुप्ता, दिनेश पालीवाल सहित अनेक लोगों का कार्यक्रम में सहयोग मिला।

शिक्षा : गेट पर थर्मल स्कैनिंग और क्लास रूम में सोशल डिस्टेंसिंग

प्रदेश में 10 महीने बाद फिर से खुले स्कूल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। प्रदेश में कोरोना संक्रमण के कारण 10 माह से बंद स्कूलों में फिर से रौनक लौट आई है। सोमवार से 9वीं से 12वीं तक के स्कूल खुल गए। अब स्कूलों का नियमित संचालन होगा, लेकिन क्लास ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन मोड पर भी चलेंगी। पहले दिन स्कूलों में आधे ही विद्यार्थी पहुंचे। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थी के स्कूल में आने के लिए अभिभावक की स्वीकृति जरूरी है, जो बच्चा स्कूल न आना चाहे, उसके लिए ऑनलाइन क्लास चलती रहेगी। हालांकि बताया जा रहा है कि 99 प्रतिशत तक बच्चे स्कूल आने को तैयार हैं। सबने सहमति पत्र स्कूल को भिजवा दिए हैं।

पहली से आठवीं तक ऑनलाइन क्लास

विभाग के निर्देशों के तहत पहली कक्षा से आठवीं तक की पढ़ाई ऑनलाइन जारी रहेगी। निजी स्कूल भी ऑनलाइन कक्षा की व्यवस्था चलती रहेगी। सरकारी स्कूलों में 60 प्रतिशत सिलेबस पहले ही कम कर दिया है। कटौती के बाद बचे हुए कोर्स का ज्यादातर हिस्सा ऑनलाइन कराया जा चुका है। अलग-अलग कक्षाओं के लिए स्कूल आने और जाने का समय अलग अलग रखा है। जिस स्कूल में सोशल डिस्टेंसिंग से बैठाने के पर्याप्त इंतजाम हैं, वहां 9वीं से 12वीं के बच्चों को एक ही दिन बुला सकते हैं। क्लासरूम कम हैं तो 50 प्रतिशत बच्चे ही आ रहे है।

गेट पर थर्मल स्कैनिंग

प्रदेश के साथ ही शहर के स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय सहित अन्य शिक्षण संस्थान आज से शुरू हो गए है। जयपुर के सभी स्कूलों ने कोरोना गाइडलाइन के पालन की तैयारी कर रखी थी। कालवाड रोड रावण गेट स्थित इंडियन नेशनल स्कूल में जब बच्चे पहुंचे तो गेट पर उन्हें थर्मल स्कैनिंग और मास्क जांच के साथ एंट्री दी गई। कुछ स्कूल 10 बजे खुलें। कुछ स्कूलों में सोशल डिस्टेंसिंग के लिए गेट के बाहर सफेद गोले बनाए गए हैं, ताकि उनमें 6 फीट की दूरी बनी रहें। स्कूलों के एंट्री गेट पर ही थर्मल स्क्रीनिंग और हाथ सैनिटाइजेशन की व्यवस्था भी नजर आई। एक छात्रा ने बताया कि आज बहुत अच्छा लग रहा है, लेकिन कुछ अलग भी है। सैनिटाइज यूज करना पड़ रहा है। मास्क लगा है। दोस्तों से भी 6 फीट की दूरी रखनी पड़ रही है। घरवालों को भी स्कूलवालों पर विश्वास है।

अभिभावक ध्यान दें

- बुखार या अन्य लक्षण होने पर बच्चे को स्कूल नहीं भेजें।
- प्रबंधन को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र को स्कूल खुलने की सूचना देनी होगी।
- मेडिकल टीम सूचना पर स्कूल पहुंचेंगी। सेनेटाइजेशन का पूरा ध्यान रखना होगा।
- पेरेंट-टीचर मीटिंग में अभिभावकों को सब कुछ समझा दिया गया है।
- जिन स्कूलों में बाल वाहिनी नहीं हैं वहां पर बच्चों को स्कूल लाने ले जाने की व्यवस्था अभिभावकों के जिम्मे होगी।

स्कूलों में यह गाइडलाइन

- एक क्लास में 15-20 बच्चे बठेंगे।
- 50 फीसदी बच्चों को ही बुलाया जाएगा।
- क्लासरूम में बैठने की व्यवस्था में बदलाव।
- बीमार विद्यार्थी की नहीं होगी स्कूल में एंट्री।
- अभिभावकों की सहमति जरूरी।
- छात्रावासों में बाहर से भोजन सामग्री लाने पर रोक रहेगी।
- मैस में बैठक कर नहीं खा सकेंगे खाना।

बोर्ड के एग्जाम 25 अप्रैल के बाद कभी भी, तैयारियां जारी-डोटासरा

जयपुर। शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कोरोना संक्रमण के बाद सामान्य हो रही स्थितियों को देखते हुए राजस्थान बोर्ड की परीक्षाओं को अप्रैल के बाद कराने की तैयारियां चल रही है। संभवत 25 अप्रैल के बाद परीक्षाएं आयोजित कराई जाएंगी। डोटासरा ने पीसीसी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज से सरकारी स्कूल और कॉलेज खोले गए हैं। कक्षा 1 से पास तक की कक्षाओं को खोलने के बारे में भी विचार चल रहा है। मैंने खुद 5 स्कूलों में निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों और अभिभावकों में काफी जोश और उत्साह नजर आया। इस दौरान 12 स्कूल में शिक्षकों की लापरवाही के चलते नोटिस जारी किए। निकाय चुनावों को लेकर डोटासरा ने कहा कि पर्चे भरने के बाद बागियों को मनाने के लिए प्रभारी और अन्य कांग्रेस नेता जुटे हैं। हमारे यहां भाजपा की तुलना में ज्यादा असंतोष नहीं है। संगठन के पदाधिकारी आलाकमान के कान, नाक और आंख हैं वह फील्ड में संगठन से जुड़ी रिपोर्ट तैयार कर पेश करेंगे, जिससे सरकार के माध्यम से बेहतर काम कराया जा सके। चुनावों के लिए पीसीसी में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जल्द ही संभाग स्तरीय प्रवक्ता और अन्य पदों पर नाम घोषित किए जाएंगे। रिसर्च सेंटर भी शुरू होगा। ग्राम पंचायतों के पीडी खातों को लेकर कहा केंद्र से फंडिंग की स्थिति को देखते हुए पीडी खाता मजबूरी हो गई थी। इस मामले में हमने मुख्यमंत्री को कहा तो उन्होंने कहा कि अगर असुविधा होगी तो बदलेंगे।

डोटासरा ने किया स्कूल का निरीक्षण

शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने सीकर जिले के खंडेला ब्लॉक स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बावड़ी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 2 अध्यापकों विकास शर्मा एवं मुकेश कुमार द्वारा कोरोना गाइडलाइन की पालना नहीं की जा रही थी। दोनों अध्यापकों ने मास्क भी नहीं लगा रखा था। इस दौरान स्कूल से संबंधित जानकारी नहीं देने के अभाव में उनको तुरंत प्रभाव से आदेशों की प्रतीक्षा में करने के निर्देश दिए तथा संबंधित प्रधानाचार्य को नोटिस जारी किया गया।

देश के 2700 आयुर्वेद शिक्षकों पर 10 साल का प्रतिबंध

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जोधपुर। केंद्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद (सीसीआईएम) नई दिल्ली ने देशभर में 2700 से अधिक आयुर्वेद शिक्षकों पर 10 साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। अब ये शिक्षक किसी भी आयुर्वेद कॉलेज में पढ़ा नहीं सकेंगे। इसमें राजस्थान के करीब 50 शिक्षक शामिल हैं। ये सभी शिक्षक एक से अधिक कॉलेजों में कागजों में अध्ययनरत थे। हालांकि सीसीआईएम में इन शिक्षकों की अभी सुनवाई भी चल रही है। देश भर में आयुर्वेद के करीब 400 कॉलेज है। इसमें 90 कर्नाटक, महाराष्ट्र में 65, उत्तरप्रदेश में 67 और राजस्थान में 11 हैं। हर साल सीसीआईएम की ओर से कॉलेजों को निरीक्षण कर उनको मान्यता दी जाती है। लंबे समय से ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि निरीक्षण के समय ही कई शिक्षक कॉलेज में उपस्थित रहते हैं और साल भर के लिए गायब हो जाते हैं।

शिक्षकों से 12 सबूत मांगे, आखिर घुटने टेके

सीसीआईएम ने राज्यों व कॉलेजों से आयुर्वेद शिक्षकों के प्रेक्टिसिंग एड्रेस लिए। कई शिक्षकों के एक से अधिक राज्यों में कॉलेजों में शिक्षण का पता चला। उनके एफिडेविट पर स्वयं और संबंधित कॉलेज के प्राचार्य और प्रबंधन ने झूठे हस्ताक्षर किए थे। शिक्षकों द्वारा बहाने बनाने व ना नुकर करने पर सीसीआईएम ने उनसे संबंधित कॉलेज के शहर में एलपीजी एड्रेस, बिजली का बिल, स्थानीय बैंक में खाता, एटीएम से ट्रांजेक्शन, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नम्बर, बच्चों के स्कूल की दाखिले की रसीद, ड्राईविंग लाइसेंस सहित 12 तरह के दस्तावेज मांगे। ऑनलाइन सुनवाई हुई। इसमें अधिकांश शिक्षक फेल हो गए और पकड़े गए।

60 सीट के लिए चाहिए 30 शिक्षक

आयुर्वेद कॉलेज में 60 सीट पर स्नातक पाठ्यक्रम के लिए 30 शिक्षकों की अनिवार्यता है। भर्ती पूर्ति के लिए अधिकांश निजी कॉलेज शिक्षकों को फाइलों में ही दिखाते हैं। देश में करीब 20 हजार आयुर्वेद शिक्षक है।

'**ऐसे** करीब 2700 आयुर्वेद शिक्षक हैं जो एक से अधिक संस्थानों में फाइलों में पढ़ाते थे। हमने तो 10 साल का प्रतिबंध लगाया है लेकिन केंद्रीय आयुष मंत्रालय में इसको लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है।'

- डॉ जयंत देव पूजारी, अध्यक्ष, सीसीआईएम नई दिल्ली

'स्वातंत्र्योत्तर हिंदी व्यंग्य निबंधों की परंपरा और रवींद्रनाथ त्यागी' प्रकाशित

हिंदी व्यंग्य निबंधों की परंपरा को जीवंत करेगी प्रो. संतोष की पुस्तक

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के हिंदी विभाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर डॉ. सन्तोष विश्नोई की स्वातंत्र्योत्तर हिंदी व्यंग्य निबंधों की परंपरा और रवींद्रनाथ त्यागी शीर्षक पुस्तक विकास प्रकाशन, कानपुर से प्रकाशित हुई है। पुस्तक उनके द्वारा पीएचडी के दौरान लिखे गए शोध प्रबंध का पुस्तकीय रूप है। लेखिका ने शोध प्रबंध वनस्थली विद्यापीठ के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) गीता कपिल के निर्देशन में पूरा किया गया था।

व्यंग्य विधा को केंद्र में रखकर लिखी गई यह पुस्तक व्यंग्य परम्परा को विवेचित, विश्लेषित करने के कारण पठनीय है। साथ ही, हिंदी व्यंग्य के प्रमुख हस्ताक्षर रहें रवींद्रनाथ त्यागी, जो साहित्य जगत में एक कवि और व्यंग्यकार के रूप में जाने जाते रहे हैं, उनका मूल्यांकन भी प्रस्तुत पुस्तक में अनेक दृष्टियों से किया गया है। इस पुस्तक में स्वतंत्रता के बाद रवींद्रनाथ त्यागी के साथ-साथ वरिष्ठ पुरोधा व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई, शरद जोशी, श्रीलाल शुक्ल तथा वर्तमान पीढ़ी के वरिष्ठ व्यंग्यकारों पद्मश्री नरेंद्र कोहली जी, पद्मश्री ज्ञान चतुर्वेदी, हरीश नवल, सूर्यबाला, प्रेम जनमेजय ने व्यंग्य विधा को कथ्य के साथ जो नवीन शैलियों के विस्तार और पाठकीय विस्तार देने में महत्ती भूमिका निभाई, उसका तुलनात्मक अध्ययन भी गहनता से किया है ढ्ढ व्यंग्य एक नई विधा है और स्वतंत्रता के बाद इसका स्वरूप ऐसा बदला कि इसके सम्बन्ध में नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता है। इस दृष्टि से लेखिका ने अपनी पुस्तक में व्यंग्य की लंबी परंपरा का परिचय देते हुए व्यंग्य के अनेक नए पहलुओं से रूबरू करवाती है। इस पुस्तक की एक अन्यतम उपलब्धि रहीं है कि लेखिका ने वर्तमान के सभी प्रमुख व्यंग्यकारों, व्यंग्य समीक्षकों एवं आलोचकों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष संवाद करके वर्तमान में व्यंग्य की प्रगति तथा दशा को जानने का प्रयास किया है। लेखिका ने पुस्तक की एक प्रति महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता को भेंट की। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान देवेन्द्र गुप्ता, उपप्रधान डॉ. वासुदेव गुप्ता, महासचिव विनोद मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रवीण मित्तल, प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता और सभी शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं ने लेखिका डॉ. संतोष विश्नोई को बधाई दी एवं भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की।

अथर्व में दो दिवसीय पतंग उत्सव

वो काटा, हिप-हिप हुर्रे का मचा शोर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। एमएचपी होम एलएलपी की ओर से अथर्व अपार्टमेंट, ईडन गार्डन, सीकर रोड में आयोजित दो दिवसीय पतंगोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस दौरान अपनी-अपनी जरूरत के अनुसार फ्लैट्स, होमलोन एवं अन्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। पहले दिन बच्चों और बड़ों ने खूब पतंग उड़ाई और वो काटा हिप-हिप हुर्रे का शोर मचता रहा। प्रोपर्टी का काम करने वाले चन्द्रभान अवाना ने पतंगोत्सव में आए लोगों को बताया कि सीकर रोड स्थित ईडन गार्डन पर सभी सुविधाओं से सुसज्जित इस टाउनशिप में मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट की सोसायटी मेन 100 फीट रोड मेन सर्किल पर तथा वीकेआई और विद्याधर नगर से मात्र 15 मिनट की दूरी पर है। यहां आम आदमी की तमाम सुविधाएं जैसे अस्पताल एवं शैक्षणिक संस्थाएं बिल्कुल पास हैं। क्रिकेट एकेडमी, अनाज मंडी, होटल्स, वैवाहिक गार्डन, लोफ्लोर बसें, मैट्रो माल, रिलायंस होलसेस उपलब्ध हैं। रोजगार की भी प्रबल संभावनाएं मौजूद हैं। एसएचपी होम निदेशक गौतमचन्द जैन ने प्रोजेक्ट के बारे में आगंतुकों को पूरी जानकारी दी। कंपनी के सेल्स प्रमुख मनीश शर्मा एवं राजेन्द्र चौधरी ने टाउन शिप की सुरक्षा के बारे में तमाम जानकारी दी। पतंगोत्सव के दूसरे दिन मिमकी आर्टिस्ट योगेश रजवाड़ा ने अपनी एंकरिंग से अलग-अलग आवाजें निकाल कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर संगीत की शानदार प्रस्तुतियां दी गई।

ANCHOR तैयारी

जयपुर -अजमेर के बीच बनेंगे 4 फ्लाईओवर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चार फ्लाईओवर का निर्माण का टेंडर इसी महीने जारी हो जाएगा। कमला नेहरू नगर, भांकरोटा, महापुरा और नरसिंहपुरा में फ्लाईओवर बनेंगे। इन चारों फ्लाईओवर के निर्माण से जयपुर से अजमेर की दूरी करीब 20 मिनट तक कम हो जाएगी। यानी आने-जाने की यात्रा में करीब 40 मिनट तक का समय बचेगा। इस सड़क पर प्रतिदिन 32 से 35 हजार वाहन गुजरते है।

इन चारों प्वाइंट्स पर जाम व हादसे की वजह से फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। इन जगहों पर औसत प्रतिदिन के हिसाब से एक हादसा हो रहा है। खासकर नरसिंहपुरा में सेज की तरफ से आने वाले वाहनों से हादसे के मामले अधिक है। इसके अलावा जयपुर- सीकर- बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग के रोड़ नंबर 14 पर सीमेंट कंकरीट सड़क निर्माण होगा। इसके तहत 700 मीटर का कार्य होगा। इससे इस क्षेत्र में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और करीब 10 मिनट बचेंगे। इन पूरे प्रोजेक्ट्स पर एनएचएआई का करीब 135 करोड़ रुपए खर्चा होगा।

7 घंटे के सफर में 25 मिनट तक बचेंगे

जयपुर-अजमेर रोड पर चार फ्लाईओवर निर्माण से आमजन के एक बार में करीब 20 से 25 मिनट तक बचेंगे। इन जगहों पर जाम लगने से कई बार तो एक घंटा या इससे अधिक भी समय लग जाता है। इसी महीने टेंडर हो जाएगा और अगले साल मार्च तक ये काम पूरे होने की उम्मीद है। वहीं जयपुर-सीकर रोड पर 14 नंबर पुलिया के पास बरसात का पानी जमा होने से सडकें टूटी हुई है। यहां पर 700 मीटर सीसी सड़क बनेगी तो उम्मीद है कि लोगों को जाम से निजात मिलेगी और कम से कम 10 मिनट तो बचेंगे।

-अजय आर्य, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

बड़ के बालाजी-दहमीकला पर होगा फ्लाईओवर

इन चारों फ्लाईओवर के निर्माण में तेजी लाने के लिए सांसद रामचरण बोहर और एनएचएआई के अफसरों के बीच बैठक हुई। साथ ही जयपुर-सीकर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग के रोड़ नंबर 14 पर सीमेंट कंकरीट सड़क निर्माण आदि कार्यों में गति लाने के कहा। बोहरा ने एन.एच.ए.आई. अधिकारियों को जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ के बालाजी एवं दहमीकला बालाजी स्थानों पर फ्लाई ओवर निर्माण के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

जयपुर में ये काम

कमला नेहरू नगर में एक साइड 350 मीटर फ्लाई ओवर।
भांकरोटा में दोनों तरफ 500 मीटर फ्लाई ओवर।
महापुरा-नरसिंहपुरा एरिया में 350 मीटर का फ्लाईओवर निर्माण होगा।

पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा 'साहित्यिक प्रतियोगिता' आयोजित

लुधियाना @ जागरूक जनता। "पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह" द्वारा एक ऑनलाइन "साहित्यिक प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'रिश्ते' रखा गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के रचनाकारों ने भाग लिया। समूह के निर्णायकों द्वारा रचनाओं की उत्कृष्टता और रचनाकारों द्वारा रचनाओं में रिश्तों की विशेषता के संबंध में दी गई जानकारी के आधार पर विशिष्ट सहयोगी रामभरोस टोण्डे सहित चार सर्वश्रेष्ठ रचनाकारों राम बहादुर राय "अकेला" जी, माता प्रसाद दुबे जी, लीना खेरिया, आभा सिंह को "पुनीत साहित्य रत्न" सम्मान देकर सम्मानित किया गया। नए रचनाकारों को साहित्यिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने की विशेष पहल के तहत शिव ओम मिश्र (मधुर) जी, राखी सेमवाल और कुमारी अनु साह को "पुनीत साहित्य पुष्प" सम्मान देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता में नियमानुसार भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 'पुनीत सहभागिता' प्रशस्ति पत्र प्रदान करके साहित्य सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागी रचनाकारों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी और कहा कि "पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह" इसी तरह आगे भी ऑनलाइन 'साहित्यिक प्रतियोगिताओं' के माध्यम से रचनाकारों को अपनी साहित्यिक प्रतिभा परखने का अवसर प्रदान करता रहेगा तथा नए रचनाकारों को साहित्यिक मंच उपलब्ध करवा के साहित्य के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

मै नारी हूं

जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कविता
पावनी पाण्डेय

मर्यादा में जकड़ी हुई
संस्कारों में लिपटी हुई
परम्पराओं का हाथ थामे
धूमिल पथ पर रेंगती हुई
मै नारी हूं
****
विघ्नों को गले लगाती हुई
कांटो में राह बनती हुई
हर अपमान को ठुकराती हुई
पत्थर को पानी बनाती हुई
मै नारी हूं
****
कभी मंदिर में मै पूजी जाती
कभी कोख में मै मारी जाती
कभी नाली में मै फेकी जाती
फिर भी जग जन्नी कहलायी जाती
मै नारी हूं
****
माथे का अभिमान हू
इस देश का सम्मान हूं
बदलते हुए युग की पहचान हूं
फिर भी मै अनजान हूं
मै नारी हूं
****
मां की जान हूं
पिता का अभिमान हूं
इस पुरुष प्रधान देश में
तुझे जन्म देकर मै
आज भी महान हू ,मै आज भी महान हू।

(लेखक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की छात्रा है)

झूठ



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कहानी
सुनीता शर्मा

कभी कभी जीवन में
दुविधा होती है की क्या किसी से भी
झूठ बोलना सही है ?
क्या किसी को सचाई से अनजान
रखना अच्छा है ?
ऐसे ही कुछ अनकहे वाक्य हमे
परेशान करते ---- ऐसे पहलू को हम
समझेंगे एक छोटी सी कहानी से -
बहुत पुरानी बात है , एक छोटा सा
शहर था।
इर्द गिर्द बहुत खुशहाली का माहौल
था और वहा की हरियाली देख ऐसा
लगता मानो पूरा शहर मुस्कुरा रहा हो
उसकी रंगत से। एक समय की बात
है एक ब्राह्मण गांव से मंदिर की ओर
दक्षिण दिशा से आ रहे थे , तब ही
ब्राह्मण को वहा से अचानक एक
गाय भागती हुई नजर आयी , ब्राह्मण
एक पल ठहरे, फिर चल दिए।
कुछ ही आगे चलने पर रास्ते में कुछ
लोग दौड़ते हुए नजर आये,
ये रास्ता कुछ ही आगे जाने पर दो
रास्तो में बटा हुआ था, उन्होंने
ब्राह्मण को रोका ओर पूछा की इस
रस्ते से अभी-अभी एक गाय गुजारी है
क्या आपने देखा की वो किस तरफ
गयी है।
ब्राह्मण ने उन लोगो को एक बार
फिर देखा तो, उनके हाथो में बड़े-बड़े
खंजर थे, ओर बहुत पसीने में लत-पत
नजर आये, साथ ही साथ बहुत क्रोधित
थे ,
वो लोग ओर कोई नहीं कसाई थे।
ब्राह्मण ने सोचा यदि मैं इन्हे सही
रास्ता बताता हूँ या यदि नहीं बताता हूँ
ओर ये यदि गलती से सही रस्ते पर
चले जायेंगे
तो ये उस गाय को मार देंगे ओर एक
जीव की जान चली जाएगी
ऐसा ही कुछ पल विचार कर ब्राह्मण
ने कहा- महानुभव गाय उतर दिशा में
गयी है , बस इतना सुनतेही वो कसाई
उसी दिशा में दौड़ने लगे।
ब्राहण ने वहा एक लम्बी सास ली ओर
मुस्कुरा कर चल दिए।
सारांश: यहां इस पूरी कहानी का
तात्पर्य यह है की यदि किसी के अच्छे
या भलाई के लिए झूठ बोला गया तो
वह बात झूठ नहीं होती है।
हमेशा आपके मन का भाव बहुत
सरल और साफ़ होना चाहिए।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें
अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

जागरूक न्यूज

शिक्षक संघ ने उठाई स्थगित वेतन एवं महंगाई भत्ते के भुगतान की मांग

अजमेर @ जागरूक जनता। राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. उदयसिंह डिंगार ने राज्य के कार्मिको एवं अधिकारियों के सरकार द्वारा माह मार्च 2020 में आधे माह का स्थगित किया गया वेतन एवं महंगाई भत्ते की तीन बकाया किश्तो के भुगतान करवाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मांग पत्र प्रेषित किया है। ज्ञापन में डॉ. डिंगार ने अवगत करवाया कि कोरोना महामारी के दौरान सरकार द्वारा राज्य कार्मिकों के माह मार्च 2020 के वेतन से आधे माह (लगभग 15 दिवस) का वेतन महामारी की रोकथाम के मध्यनजर स्थगित किया गया था, जिसे कुछ समय पश्चात् भुगतान की बात कहीं गयी थी। अत: उक्त बकाया वेतन का तत्काल भुगतान किया जावे। ठसी प्रकार कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की तीन बकाया किश्तो माह जनवरी 2020, जुलाई 2020 एवं जनवरी 2021 को भी शीघ्र लागु करवाने एवं नियमानुसार एरियर भुगतान करवाने की मांग की है।

मातृ शक्ति फाउंडेशन की प्रथम साधारण सभा की बैठक आयोजित

जोधपुर @ जागरूक जनता। अशोक उद्यान के पास स्थित कार्यालय में मातृ शक्ति फाउंडेशन की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष कुसुम लता परिहार ने बताया कि बैठक में सर्व प्रथम सभी कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपना परिचय दिया, नए सदस्यों गजेंद्र सिंह चौहान व हेमा राम देवासी का अभिनंदन किया गया, अध्यक्ष कुसुम लता परिहार ने बताया कि इस बैठक में आगामी सेवा गतिविधियों पर चर्चा की गई फरवरी महीने में बसंत पंचमी पर शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सेवा गतिविधि करने का प्रावधान रखा और मार्च में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशिष्ट समाज में अपना उत्कर्ष योगदान देने वाली महिलाओं के सम्मान की बात रखी गई, मातृशक्ति फाउंडेशन के संरक्षक हरदीप सिंह सलूजा कहां की सेवा गतिविधियों को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जाए व शिक्षा की दीवार पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया ग्रामीण व स्लम एरिया व जरूरतमंदों के लिए शिक्षा की व्यवस्था की जाए, शिक्षा एक ऐसा धन है जिससे चोर भी नहीं चुरा सकता मातृ शक्ति फाउंडेशन के सलाहकार गजेंद्र चौहान ने बताया कि मातृ शक्ति फाउंडेशन नाम ही काफी है महिला सशक्तिकरण पर विशेष सेवा गतिविधियां की जाए व उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस संगठन से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर अधिकाधिक सेवा के हाथ मिलकर समाज के प्रति उन जरूरतमंदों वह निराश्रित लोगों को लाभान्वित किया जाए वास्तव में जिनको जरूरत है। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति फाउंडेशन के सभी कार्यकारिणी के सदस्य हैं एकजुट होकर सेवा गतिविधियों को अंजाम देवें वह इसकी क शुरुआत घर से ही करें इस अवसर पर मातृशक्ति फाउंडेशन के मौजूद सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपनी अपनी राय रखी व उसी के अनुरूप सेवा, समर्पण व शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किए जाए, इस प्रथम बैठक को यादगार बनाने के लिए संरक्षक हरदीप सिंह सलूजा की तरफ से सभी मेंबर्स को उपहार भेंट किए गए, अंत में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसुम लता राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान हरदीप सिंह सलूजा, गजेंद्र चौहान, कुसुमलता परिहार, कुसुम लता राठौड़, जया सिंह पंवार, हेमा राम देवासी, जया सिंह कंवर, राजेश्वरी महेश्वरी, संतोष चौधरी, नीतू त्रिवेदी, पूजा दवे इत्यादि मौजूद थे।

डाक्टर व हेल्थ वर्कर्स को लगाया पहला टिका

मांडलगढ़ @ जागरूक जनता। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रथम चरण वैक्सीन टीका लगाया गया वैक्सीनेटर ऑफिसर मंजू मीणा ने मांडलगढ़ सामुदायिक चिकित्सा प्रभारी डॉ गोपाल यादव के प्रथम कोविड वैक्सीन लगाकर कोविड टीकाकरण का शुभारंभ किया इस मौके पर उपखंड अधिकारी आईएएस उत्साह चौधरी ने भी वेक्शन केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र सरकार की योजना के अनुसार सबसे पहले वैक्सीन स्वास्थ्यकर्मियों को दी जा रही है। राजकीय चिकित्सालय में वैक्सीन टीका लगाने से पहले चिकित्सालय परिसर को को गुब्बारों से सजाया गया और मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद टीका लगाया गया चिकित्सा परिसर में डाक्टर व हेल्थ वर्कर्स में उत्साह का माहौल रहा। इस मौके पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर दिनेश गौतम चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर गोपाल यादव डॉक्टर मनीष पुरोहित डॉ सुनीता गुप्ता , डॉ सुरेश गजराज, डॉ सोनिया मीणा, आयुष डॉ उपेंद्र सिंह , बनवारी लाल मेहर, राकेश जैन, संदीप भाटिया, प्रवीण जीनगर , विष्णु जीनगर सहित सभी चिकित्सा कर्मी मौजूद थे ।

नीतू नगर छात्रा प्रमुख एवं करण महाविद्यालय प्रमुख

मांडलगढ़ @ जागरूक जनता। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई मांडलगढ़ का नगर अभ्यास वर्ग आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में हुआ। जिसमें जिला संयोजक रौनक हिंगड़ एवं सह संयोजक विक्रम सिंह कानावत का प्रवास रहा 2021- 22 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें नगर छात्रा प्रमुख नीतू चुंडावत सह छात्रा प्रमुख भावना शर्मा , महाविद्यालय प्रमुख करन वैष्णव सह छात्रा प्रमुख भावना शर्मा शिवानी साहू विमला देवी नगरसह मंत्री महावीर शर्मा आनंद सोनी रामलाल रायका धन्नालाल दीपक धोबी सावर वैष्णव SFD संयोजक अंकित शर्मानगर SFS संयोजक महेंद्र मीणा सह संयोजक महावीर बैरवा कपिल सेन महाविद्यालय सह प्रमुख राहुल प्रजापत नगर विद्यालय प्रमुख पिंटू वैष्णव सह प्रमुख प्रकाश जाट नगर खेल प्रमुख महावीर नाथ सह प्रमुख मदन शर्मा थिंक इंडिया प्रमुख चांदमल जी मीणा नगर आंदोलन प्रमुख गणेश सालवी सोशल मीडिया प्रमुख अक्षत पाराशर सह प्रमुख आदित्य छिपा को बनाया गया इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष सोनू वैष्णव छात्र संघ उपाध्यक्ष प्रीती कानावत टीना चुंडावत जगदीश बैरवा पूर्व छात्रसंघ महासचिव कृष्णा साहु आदि उपस्थित थे यह जानकारी छात्र संघ उपाध्यक्ष प्रीती कानावत ने दी।

ठीमाऊ ने जीता मेच और टूर्नामेंट

पिलानी /(झुंझुनूं) @ जागरूक जनता। घुमंसर कला गाव में बीते दिनों क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू किया गया था। जिसमे 30 टीमो ने भाग लिया। फाइनल मैच घुमनसर और ठीमाऊ बड़ी के बीच खेला गया ठीमाऊ बड़ी ने पहले बललेबाज़ी करते हुए 169/7 ओर जवाब में घुमनसर 108 पर आल आउट हो गई ओर 62 रन से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द सीरीज अरुण बड़ी ठीमाऊ रहे। मुख्य अतथि मनोज आलडिया, लोकेश डाडा, अमर सिंह, सुभाष धनखड़, सुरेश धनखड़, विक्रम मांजू, राजेश शर्मा, सुनील कृष्णिया, दिलबाग कड़वासरा रहे।

संगठन आल इंडिया डेमोक्रेटिक युथ ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में बाइक रैली हुसैनीवाला से रवाना

जयपुर @ जागरूक जनता। देश का छात्र किसानों के साथ थीम के साथ बाइक रैली से किसानों के समर्थन में छात्रों का जत्था सिंधु बॉर्डर पर पर पहुँचेगा, 15 तारीख से यह रैली हुसैनीवाला में स्थित भगतसिंह सुखदेव राजगुरु ले स्मारक स्थल से शुरू हो कर विभिन्न शहरों में क्रांतिकारीयो की प्रतिमाओं पर श्रधांजलि अर्पित करते हुए टीकरी बॉर्डर व सिंधु बॉर्डर पहुँचेगे, सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर ऑफ इंडिया(कम्युनिस्ट) पार्टी के केंद्रीय कमेटी सदस्य कामरेड सत्यवान ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर रैली को हरी झंडी दिखाई, यह रैली 20 जनवरी को टीकरी बॉर्डर व सिन्धु बॉर्डर पर पहुँचेगी और किसानों को समर्थन देगी।

जालोर के आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थी है माधव और अर्चना, दोनों भाई बहन को याद है पूरी रामायण, दोहे व छंद है कंठस्थ याद

श्रीरामचरित मानस लिख कर भाई-बहन ने रचा इतिहास

अरुण माथुर @ जागरूक जनता
jagrukjanta.net/.com

जोधपुर। किसी भी ईसान की प्रथम पाठशाला उसका परिवार होता है। अगर बच्चों में अच्छे संस्कार डाले जाए तो वे उसी के अनुरूप ढलेंगे ऑर फिर अच्छे लोगों के साथ रहेंगे। क्योंकि बच्चा देखकर सीखता है। जो कुछ वह देखता है, उसे ही वह सही समझता है। बच्चा परिवार और समाज की पाठशाला में बड़ा होता है। कुछ ऐसे ही बच्चों की फेहरिस्त में नाम आता है माधव और अर्चना का। यही दोनों ऐसे बच्चें है, जिनकी पहली पाठशाला उनका परिहार है। माधव और अर्चना के इस पाठशाला के शिक्षक यानि पिता से ऐसे संस्कार मिले कि दोनों बच्चों ने खेलने-कूदने की उम्र में श्रीरामचरित मानस लिख कर एक इतिहास रच दिया।

माधव व अर्चना की उम्र कोई ज्यादा नहीं है, लेकिन कहते है ना कि जिन्दगी में कुछ कर गुजरने का जज्बा जेहन में हो तो कठिन से कठिन राह को आसान बनाया जा सकता है। क्योंकि इसमें उम्र का कोई बंधन नहीं होता है। बस, बंधन होता है तो सिर्फ जज्बे और आत्मविश्वास का। यही दोनों की खासियत रही और कोरोना काल में बंद स्कूल का फायदा उठाते हुए लिख डाली श्रीरामचरित मानस और बता दिया बच्चों में बचपन से अच्छे संस्कार डाले जाए तो वह कुछ भी कर सकने की ताकत रखते है। तीसरी और चौथी कक्षा में पढने वाले भाई-बहन माधव और अर्चना ने मिल कर तुलसीदास की लिखी श्रीरामचरित मानस एक बार फिर अपने हाथों से लिख डाली।

श्रीरामचरित मानस लिखने के लिए उन्होनें 20 कॉपियां काम में ली जिनके 2100 से कुछ अधिक पृष्ठों में यह श्रीरामचरित मानस लिखी गई है। दोनों भाई बहन जालोर के आदर्श विद्या मन्दिर के विद्यार्थी है। अर्चना तीसरी कक्षा में पढती है वहीं माधव चौथी कक्षा का विद्यार्थी है। माधव ने बताया कि कोरोना काल में लॉकडाउन के समय धारावाहिक रामायण देख श्रीरामचरित मानस लिखने की प्रेरणा मिली। इसी दौरान पिता संदीप जोशी ने रामायण में हमारी रूचि देख कर इसे लिखने की प्रेरणा दी। माधव ने 14 कॉपियों में बाल खण्ड, अयोध्याकांण्ड, अरण्यकाण्ड और उत्तरकाण्ड लिखा वहीं अर्चना ने 6 कॉपियों में किष्किंधा काण्ड, सुंदर काण्ड, और लंका कांण्ड का लेखन किया। इस भाई बहन को रामायण की कहानी तो पूरी याद है ही साथ ही श्रीरामचरित मानस के दोहें छंद, सोरठे, चौपाइंया, पंक्तियां कितनी है, इसको भी इन्होनें गिन रखा है। अनेक दोहों और पंक्तियों तो इन्हें पूरी याद भी है। इनके पिता जालोर में शिक्षक है। उन्होनें बताया कि रामचरितमानस में सात कांड है और अपनी कॉपियों में इन बच्चों ने इन सांतों कांडों को लिखा है।

8 करोड की लागत से महवा-मण्डावर में लगेंगे ओ एफ सी केबल पर सीसीटीवी कैमरे -हुड़ला

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

महुवा। विधायक ओम प्रकाश हुड़ला ने महुआ मण्डावर में ओ एफ सी केबल पर 8 करोड़ की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की घोषणा की। साथ उन्होंने ओएफसी केबल के कार्य का शुभारंभ भी किया। उन्होंने बताया कि महुआ मुख्य बाजार के साथ तहसील रोड पंचायत समिति हिंडौन मार्ग जयपुर बस स्टैंड एवं मंडावर रोड पर जहां तक नगरपालिका क्षेत्र है वहां तक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और महवा से मण्डावर के लिए ofc केबल बिछवाई जाएगी। जिससे मण्डावर के सभी ऑफिस भी RASWAN से जुड़ जायेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित रासवान नेटवर्क के द्वारा सरकारी कार्यलयों में निशुल्क इंटरनेट उपलब्ध करवाया जाएगा ।

उन्होंने बताया कि इन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हाल ही के दिनों में महुआ में जो चोरी की वारदातें गुंडागर्दी बढ़ी है उस पर लगाम लगाई जा सकेगी ।ये कैमरे महवा से मण्डावर के बीच बिछेंगे । जिससे मण्डावर महवा रोड के आदर्श रोड की परिकल्पना साकर हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इन सीसीटीवी कैमरो की पुलिस के माध्यम से निगरानी की जाएगी और इनका कंट्रोल रूम पुलिस थाना महवा में बनाया जाएगा। इन्हें दौसा और जयपुर कंट्रोल रूम से भी जोड़ा जावेगा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि महवा क्षेत्र में अपराध पर रोकथाम लगे पर कुछ लोग क्षेत्र में अशांति चाहते हैं जिसे हम कभी कामयाब नही होने देंगे। इस दौरान उन्होंने महवा पुलिस उपाधीक्षक ज्ञान चंद से पुलिस को सजग रहने तथा समाजकंटको पर सख्त कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी रवि विजय, नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी अभय मीना, पूर्व पंचायत समिति सदस्य विजेंदर गुर्जर, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सैनी, सद्दाम खान, आशिक खान, सूखा खान, दुलीचंद सैनी, नवल गौड़, पदम बंसल, बालकिशन, माधव, बनेसिंह नरेंद्र सहित सभी लोग मौजूद रहे।

10 माह बाद विद्यालयों में लौटी छात्र छात्राओं की रौनक

शिक्षा सर्वांगीण विकास का सर्वोत्तम माध्यम है-जितेन्द्र

पीपाड़ शहर/जसपाली @ जागरूक जनता। पीपाड़ शहर तहसील में स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय गांव जसपाली के प्रधानाचार्य किशन टाक ने कोरोना की आपदा को अवसर में बदलते हुए बदल दी विद्यालय की तस्वीर स्वयं के खर्चे से एवं भामाशाह के सहयोग से ढाई सौ से अधिक पेड़ पौधे रंग रोगन गार्डन सेनीटाइजर मशीन, कपड़े के मास्क सहित तैयार कर विद्यार्थियों को दी नई सौगात। निष्कर्ष क्लासेज के डायरेक्टर जितेन्द्र कच्छावाह, भामाशाह रामकिशोर टाक,पार्षद पीयुष शर्मा,माणक सोलंकी ने सहयोग से विधालय परिवार के कक्षा 9 व 10 के विधार्थियों को पानी की बोतले भेंट की जिससे कोराना महामारी के तहत आपस में साझा नही कर सके और अपना स्वस्थ्य का ख्याल रहे। श्री यादें मां नवयुवक मण्डल द्वारा 121 छात्र छात्राओं को सर्दी से निजात हेतु गर्म ऊनी स्वेटर भेंट किये। इस मौके पर समाजसेवी केवलराम प्रजापत ने युवाओं को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि सरपंच परमेश्वर चौकीदार, अल्लह बक्स, पूर्व सरपंच छत्रसेन, मदनलाल शर्मा, हिराराम मुण्डेल सहित ग्रामीणों ने विधालय में हर संभव मदद का विश्वास दिलाया। हरित राजस्थान के तहत पूर्व जोधपुर संभागीय आयुक्त समित शर्मा से भी सम्मानित हो चुके हैं प्रधानाचार्य किशन टाक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय समय में स्टॉप ईश्वर सिंह, एलडीसी अशोक कच्छावाह, विजय सिंह, सुरेश चंद शर्मा, करमाराम सविता सहित स्टाफ मौजूद रहा।

नृत्य प्रवाह में दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रस्तुत कथक नृत्य को खूब सराहा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। अग्रवाल एजुकेशनल क्लचरल एण्ड वेलफेयर सोसायटी द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य समारोह फेसबुक के माध्यम से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध ओडिसी नृत्य गुरु गजेन्द्र पांडा की शिष्याओं संध्या रानी व प्रियंका दास, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त मोहिनी अट्टम नृत्य गुरु जया मेनन की शिष्याओं रंजीता राजेश व मेघना कथक गुरु हरीश गंगानी शिष्या अंशिका अग्रवाल व डॉ. स्वाति अग्रवाल शिष्याओं हर्षिता शर्मा व राधिका मोहता ने नृत्य प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. स्वाति अग्रवाल ने बताया कि नृत्य प्रवाह सीरीज के अंतर्गत फेसबुक पर कई ख्याति प्राप्त कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी तथा इसी श्रृंखला में दो दिवसीय कार्यक्रम 16 व 17 जनवरी को आयोजित किए गए। कार्यक्रम में प्रदर्शित की गई बेहतरीन प्रस्तुतियों को खूब सराहा गया।

पुलिस थाना और नागरिक विकास समिति ने किया जागरूकता कैंप का आयोजन

जयपुर @ जागरूक जनता। विद्याधर नगर सेक्टर 4 नागरिक विकास समिति और विद्याधर नगर थाना ने संयुक्त रूप से जागरूपता कैंप का आयोजन किया। सेक्टर 4 स्थित हनुमान मंदिर के पास पुस्तकालय में आयोजित कैंप के प्रारंभ में नागरिक विकास समिति के अध्यक्ष बी.एल. पालीवाल ने उपस्थित नागरिकों के समक्ष पुलिस थानाधिकारी वीरेन्द्र कुमार कुरील का माला पहनाकर स्वागत किया। जागरूकता कैंप में सेक्टर वासियों को कोरोना महामारी के दौरान उत्पन्न समस्याओं से सुरक्षित रखा जाने संबंधित विषय पर चर्चा हुई और सुरक्षा संबंधी सुझावों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी रविशंकर धाबाई भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर समिति की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

ANCHOR | मुरलीपुरा स्कीम

कब मिलेगी कचरे के ढेरों से मुक्ति

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। यूं तो जयपुर का नाम गुलाबी नगर, छोटी काशी, पिंकसिटी आदि से जग प्रसिद्ध है। मगर जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों से लोग परेशान हैं। नगर निगम के चुनावों के बाद यह लगने लगा था कि अब नवनियुक्त पार्षद अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई का ध्यान रखेंगे, मगर कई क्षेत्रों में गंदगी से निजात ही नहीं मिल रही है। नगर निगम ग्रेटर के मुरलीपुरा स्कीम के मेन सर्किल और आसपास के क्षेत्र में यहां वहां गंदगी नजर आ जाएगी। मुख्य सड़क के पास लगे गंदगी के ढेरों पर कुत्तों के झुंड मंडराते रहते हैं। पार्षद कार्यालय और जोन कार्यालय के पास गंदगी के ढेर में ऐसा ही कुछ नजारा दिखाई दे रहा है। क्षेत्र में बने सार्वजनिक सुविधा स्थलों (मूत्रालय) में बदबू उड़ती रहती है। वहां की गंदगी तो देखी भी नहीं जाती। मगर मजबूर लोग इन्हीं गंदे मूत्रालयों में जाने को मजबूर हैं। मेन सर्किल पर अतिक्रमण के चलते निकलना मुश्किल हो जाता है। शाम के समय तो हालात और भी ज्यादा बिगड़ जाते हैं। ठेलों की रेलमपेल से दोपहिया वाहन चालकों की तू-तू मैं-मैं होना आम बात है। फोर व्हीलर बड़ी मुश्किल से निकल पाते हैं। गंदगी को देखकर आम राहगीर बुदबुदाते हुए निकल जाते हैं। देखते हैं स्थानीय पार्षद या जो भी संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर कब जाता है।

हेमा मालिनी ने वृंदावन स्थित प्रेम मंदिर के किए दर्शन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

मथुरा। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने वृंदावन स्थित जगदुरू कृपालुजी महाराज द्वारा स्थापित प्रेम मंदिर के दर्शन किये। प्रेम मंदिर की अद्भुत छटा, आलौकिक नक्काशी, साफ सफाई, उत्कृष्ट व्यवस्था के देखकर बेहद प्रसन्न हुई। हेमा मालिनी ने इस मौके पर जगदुरू कृपालजी महाराज की तीनों पुत्रियों डॉ. विशाखा त्रिपाठी, डॉ. श्यामा त्रिपाठी, डॉ. कृष्णा त्रिपाठी से भेंट की व उन्हें मकर संक्रांति, लोहड़ी की शुभकामनाएं दी। जगदुरू कृपालु परिषद् की चेयरपर्सन डॉ. विशाखा त्रिपाठी ने हेमामालिनी को कृपालुजी महाराज द्वारा रचित प्रेम रस सिद्धान्त भेंट किया। इस अवसर पर हेमामालिनी ने कहा कि कृपालु जी महाराज ने बृजवासियों को सिर्फ देवालय एवं चिकित्सालय ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राधा तत्व का प्रचार-प्रसार कर राधाकृष्ण की भक्ति की ओर भी मोड़ा है। इस मौके पर जगदुरू कृपालु परिषद् प्रेम मंदिर के सचिव कामता प्रसाद वर्मा, रंगली महन के सचिव नितिन गुप्ता, दिल्ली स्थित गोलोक धाम की सचिव डॉ. योगेश्वरि देवी, डॉ. बागेश्वरी देवी के अलावा, जगदुरू कृपालुजी महाराज केविशेष कृपा पात्र शिष्य अजय त्रिपाठी प्रमुख रूप से मौजुद रहे।

दुनिया का सबसे बेहतरीन तोहफ़ा

दुनिया में शायद ही कोई इन्सान हो जो अपने माँ- बाप की खुशी का कारण ना बनना चाहता हो और अगर हमारे देश भारत की बात करें तो यह सम्भावना और भी कम हो जाती हैं क्योंकि भले ही हम रिश्तों को निभाने की उतनी समझ नहीं रखते हो पर फिर भी हम जीवन भर पूरी कोशिश करते हैं की हम किसी भी कारण से किसी के सुख की वजह भले ना भी बन पाएं पर कम से कम उनके दुःख का कारण ना बनें। जब हमारी सोच किसी रिश्ते को लेकर इतनी सही और सकारात्मक होती हैं तो हमारे बीच का रिश्ता सही होने की सम्भावना कई हद तक बढ़ जाती हैं। एक वक्त था जब बच्चों के पास अपने माँ बाप के प्रति अपने प्यार को जताने के काफी कम तरीके थे पर आज की इस ऑनलाइन वाली दुनियाँ में जब से मदर्स डे और फादर्स डे आये हैं तब से बच्चे और कभी कुछ करे ना करे इन दो दिनों में अपने माँ-बाप के प्रति अपने प्यार को दिखा ही देते हैं।

इस तरीके से अपने माँ बाप को प्यार दिखाने में दो तरीके के बच्चे होते हैं, एक बहुत छोटा सा हिस्सा उन बच्चों का होता हैं जो अपने माँ-बाप के प्रति अच्छे भावों को बोलकर कहने में हिचकिचाते हैं और उन्हें इसी बहाने एक दिन मिल जाता जिससे वो अपने माँ-बाप को यह बता पाते हैं की वो उनसे प्यार करते हैं, पर एक बहुत बड़ा हिस्सा यह सब इसलिए कर रहा होता हैं क्योंकि सब कर रहे हैं और वो नहीं करेंगे तो वो शायद माँ-बाप को प्यार दिखाने की रेस में पीछे रह जाएं। शरीर की आँखों से देखने में लगता हैं जो हो रहा सब सही हैं पर समझ की आखों से देखने पर पता चलता हैं की इस तरीके के मदर्स डे और फादर्स डे से माँ-बाप के और बच्चों रिश्तों में कोई बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आ जाए, ऐसा कुछ हमें देखने को नहीं मिलता।

एक शिक्षक के रूप में मैंने लगभग 10000 से भी ज्यादा बच्चों को पढाया हैं और एक टीचर के रूप में बच्चों पर एक बात को लेकर बहुत जोर देता हूँ वो होती हैं जीवन में एक बड़े उद्देश्य के लिए जीना जिससे बच्चे खुद के और लोगों के खुशी के साथ जीने का एक माध्यम बन सकें। एक बात जो बार-बार मेरे सामने आती हैं वो यह है की लगभग हर दूसरे बच्चे के जीवन का उद्देश्य उनके माँ-बाप की खुशी से किसी ना किसी रूप में जुड़ा हुआ होता हैं।

जब एक बहुत गरीब बच्चे से उसके जीवन का उद्देश्य पूछा जाता हैं तो वो कहता हैं मुझे मेरे माँ-बाप को एक बड़ा मकान खरीद कर गिफ्ट करना हैं। कुछ बच्चें जो मध्यम वर्ग से आते हैं और उनके जीवन में उन्होंने कम सुख-सुविधाएँ देखी होती हैं उनका कहना होता हैं की मुझे मेरे माँ-बाप को आराम देना हैं और उन्हें सारी सुख-सुविधाएं जैसे कार, ए.सी., अच्छा खाना-पीना, अच्छे कपडे देनी हैं ताकि वो अपनी बची हुई जिन्दगी को आराम से जी सकें। कुछ बच्चे जो किसी प्रोफेशनल कोर्स को कर रहे हैं उनका कहना होता हैं की हम हमारे माँ-बाप को वर्ल्ड-ट्यूर कराना चाहते हैं।

दुनिया के ज्यादातर संवेदनशील बच्चों की माँ-बाप के प्रति प्यार की क्षमता इन्ही चीजों में सिमित होती हैं।

अगर ध्यान से उन लोगों की जिंदगी को देखा जाएं जो इन चीजों को माँ-बाप के लिए एक बेहतरीन तोहफा मानते थे और उन्होंने अपने माँ-बाप को कार, ए.सी. अच्छा खाना-पीना, अच्छे कपडे, वर्ल्ड-ट्यूर और एक बड़ा मकान जैसे तोहफे दे भी दिए तो हम समझ पाएंगे की उससे उनका रिश्ता कुछ समय के लिए भले ठीक लगने लग गया हो पर ऐसी कोई सम्भावना नहीं बनती जिससे बच्चे और माँ-बाप बिना किसी शिकायत के एक-दूसरे के साथ एक शानदार जिंदगी जी रहे हो।

जब एक बच्चा अपने माँ- बाप के लिए इतना सब कुछ कर देता है और फिर भी उसको इस बात का एहसास होता हैं की हमारे रिश्ते जितने सही और शिकायत-मुक्त होने चाहिये थे वो नहीं हो पा रहे, तो उनका सालों का विश्वास टूटने लगता हैं और रिश्तों में शिकायत की गुंजाईश और बढ जाती हैं।

इसे हम एक और उदाहरण से भी समझ सकते हैं, एक बच्चा जो अपने माँ-बाप के व्यवहार से खुश नहीं हैं और इसी कारण से वो अपनी पढाई पर ध्यान नहीं दे पाता क्योंकि उसके मन में माँ-बाप के व्यवहार को लेकर बहुत शिकायतें हैं और तभी माँ-बाप उसके लिए एक स्कूटी ले आते हैं और उसे गिफ्ट कर देते हैं तो क्या उससे बच्चे में पढाई को लेकर रूचि अपने आप विकसित होने लग जाएगी या क्या बच्चें के मन में माँ-बाप के व्यवहार को लेकर जो शिकायतें या डर बना हुआ हैं वो खत्म हो जाएगा ? नहीं, बिल्कुल नहीं!

जब एक माँ-बाप अपने बच्चे को सुविधा देकर अपने रिश्तों को अच्छा करने में कामयाब नहीं हो पा रहे तो बच्चों को ऐसा क्यूँ लगता हैं की कार, ए.सी. अच्छा खाना-पीना, अच्छे कपड़े, वर्ल्ड-ट्यूर, एक बड़ा मकान जैसे तोहफे देकर माँ-बाप और बच्चों के रिश्ते बेहतर हो पाएंगे ?

यह जीवन की गलत समझ का नतीजा ही हैं जो गलत को दोहराकर सही होने की कामना करता हैं।

अगर आप सच में माँ-बाप को प्यार करते हैं और उनके लिए कुछ करना चाहते हैं तो जीवन को सही से समझने के प्रयास में जीवन का एक बड़ा हिस्सा लगाए। हम कहते जरूर हैं 'सुख-सुविधाएँ' पर सच यह हैं की बच्चे माँ-बाप को और माँ-बाप बच्चों को सिर्फ सुविधाएँ दे पा रहे हैं सुख नहीं। सही सुख देने का अर्थ हैं आपके मन में उनके लिए और उनके मन में आपके लिए किसी भी शिकायत का ना होना और यह सुनने में भले ही नामुमकिन लगे पर सुविधाओं को खुद के और अपनों के लिए जुटाने की बजाए अगर हम एक दुसरे को भय-मुक्त और शिकायत-मुक्त करने में कामयाब हो जाते हैं तो यह बच्चे का माँ-बाप को और माँ-बाप का बच्चों को दुनिया का सबसे बेहतरीन तोहफ़ा होगा।

"सोचिये वो दुनिया कितनी सुन्दर और खुशहाल होगी जब हमारे मन में किसी काम को करने का कारण 'डर' नहीं 'प्रेरणा' हो।"

जागरूक न्यूज

निम्बाहेड़ा की ब्यूटी पार्लर संचालिका को मिला इंटरनेशनल मेकअप क्लास एवार्ड

निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता। निम्बाहेड़ा की मेघा ब्यूटी सलून की संचालिका मेघा सामर ने गुजरात के सूरत में आयोजित 15 दिवसीय इंटरनेशनल मेकअप क्लास प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि सूरत के प्रिया एंड कशिश मेकअप स्टूडियो एंड एकेडमी के द्वारा समय समय पर दिल्ली, मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद, इंदौर, थांदला सहित देश के विभिन्न हिस्सों से ब्यूटी पार्लर संचालिकाओं की कार्यशाला व प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में विजेता को आयोजकों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष 16 जनवरी को आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में निम्बाहेड़ा की मेघा सामर को प्रथम एवं थांदला (मध्यप्रदेश) की रीया जैन को द्वितीय पुरुस्कार मिला। बता दें कि आयोजकों द्वारा पूर्व में आयोजित प्रतियोगिता में भी मेघा सामर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

जन्मदिन पर पति पत्नी ने जोड़े से किया रक्तदान

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। जिले के सांवलिया जी चिकित्सालय में कार्यरत ब्लड बैंक लगातार खून की कमी से जूझ रहा है। कुछ समाजसेवी संस्थाए इसमें मदद कर रही है इनमें से एक टीम जीवनदाता नामक संस्था जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहती है। टीम जीवनदाता की मुहिम से प्रभावित होकर कई व्यक्ति रक्तदान के प्रति प्रभावित हो रहे है किसी भी विशेष अवसर पर रक्तदान करने की परंपरा आरम्भ होती नजर आ रही है। इसी क्रम में निंबाहेड़ा तहसील के टाई गांव निवासी गोपाल धाकड़ ने पत्नी कृष्णा धाकड़ के जन्मदिन पर जोड़े से रक्तदान कर किसी अनजान को जीवनदान देने का निर्णय लिया और ब्लड बैंक पहुँच कर टीम जीवनदाता के सहयोग से रक्तदान कर अन्य व्यक्तियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कृष्णा धाकड़ ने पहली बार और गोपाल धाकड़ ने 5वीं बार रक्तदान किया। वही सौरभ सोनी, नारायण अहीर, राकेश धाकड़, राधेश्याम, दिनेश धाकड़ सहित सभी ने स्वेच्छिक रक्तदान किया।

जिला कलेक्टर नकाते का चिकित्सालय में आकस्मिक दौरा, चिकित्साकर्मियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

मांडलगढ़ @ जागरूक जनता। नगर में जिला कलेक्टर शिवप्रसाद एम नकाते ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर नकाते ने सबसे पहले कोविड-19 वैक्सीनेशन टीकाकरण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और टीके के रखरखाव की जानकारी ली व ऑब्जरवेशन में गए हुए वैक्सीन लगाने वाले वेलेंटियर से उनके स्वास्थ्य के बारे में हालचाल पूछा और उनसे बात करते हुए किसी भी प्रकार के कोई लक्षण तो नही है सभी प्रकार से सन्तुष्टि पाए जाने पर जिला कलेक्टर नकाते ने वेलेंटियर्स को टीका लगाने की शुभकामनाएं दी। ऑब्जरवेशन रूम का निरीक्षण करने के दौरान डॉ सुरेश गजराज से वेक्सीन की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया उसके बाद अस्पताल वार्ड में मरीजों से रूबरू हुए और कहा कि उनको निशुल्क दवाइयां निशुल्क जांच सहित अन्य सुविधाओं के बारे में कोई समस्याएं तो नही है। अस्पताल में स्वछत्ता उपकरणो की साफ सफाई के साथ मरीजो को अस्पताल में पर्याप्त सुविधाएं मुहैया कराने के चिकित्सकों को निर्देश दिए। अस्पताल में मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री जांच योजना, जननी सुरक्षा योजना, शिशु सुरक्षा योजना ,परिवार नियोजन योजनाओं की जानकारी ली। अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी दिनेश गौतम, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉक्टर सुरेश गजराज, डॉक्टर मनीष पुरोहित, डॉक्टर सोनिया मीणा मेल नर्स प्रवीण जैनगर, राकेश जैन सहित चिकित्साकर्मी उपस्थित थे।

जगद्गुरू कृपालु परिषद् द्वारा श्री राम मन्दिर निर्माण के लिए देंगे 1 करोड़ रूपये

वृन्दावन @ जागरूक जनता। जगद्गुरू कृपालु परिषद् द्वारा श्री राम मन्दिर के निमार्ण के लिए 1 करोड़ रूपये दान स्वरूप भेंट किया गया। जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की सुपुत्रियों - जगद्गुरु कृपालु परिषत् की अध्यक्षाओं - सुश्री डॉ विशाखा त्रिपाठी जी, सुश्री डॉ श्यामा त्रिपाठी जी और सुश्री डॉ कृष्णा त्रिपाठी जी द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को अयोध्या में भव्यातिभव्य श्री राम मन्दिर के शीघ्रातिशीघ्र निर्माण के लिए यह राशि भेट की। प्रेम मन्दिर के प्रशासनिक अधिकारी अजय त्रिपाठी ने बताया कि जगद्गुरू कृपालु परिषद् द्वारा अनेक अध्यात्मिक क्षेत्र विकास में समय-समय पर सहयोग दिया गया है। परिषत् भव्यातिभव्य श्री राम मन्दिर के शीघ्रातिशीघ्र निर्माण की शुभकामना करती है।

किसानों के समर्थन में फ़िल्म अभिनेता सुशांत सिंह पहुँचे टीकरी बॉर्डर

झुंझुनूं @ जागरूक जनता। किसानों के ऊपर थोपे गए तीन काले कानूनों के खिलाफ चल रहे आंदोलन में आज फ़िल्म अभिनेता सुशांत सिंह अपना समर्थन देने पहुँचे। उन्होंने वहां चल रहे मेडिकल कैम्प मेडिकल सर्विस सेन्टर में अपना ब्लड प्रेसर की जाँच करवाई। टीकरी बॉर्डर स्थित आल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारियों ने उन्हें भगतसिंह की फ़ोटो व पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया।

गुरु कृपा आश्रम में धूम धाम से मनाया मकर संक्रांति महोत्सव

मेंहदीपुर बालाजी @ जागरूक जनता। क्षेत्र स्थित उदयपुरा पर स्थित गुरु कृपा आश्रम में मकर संक्रांति महोत्सव मनाया गया। गुरु कृपा आश्रम अध्यक्ष गुरु मोहनपुरी गोस्वामी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें भजन गायकों ने गणेश जी महाराज के भजन श्री बालाजी महाराज के भजन भक्तों को भाव विभोर कर दिया। गुरु मोहन पुरी गोस्वामी ने ब्राह्मणों व जरूरतमंद कन्याओं को वस्त्र ब्लैंकेट दक्षिणा भोजन प्रसादी कराकर वितरण किए।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

यातायात नियम पालना के लिए लोगों को ही आगे आना होगा-कलक्टर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

चित्तौड़गढ़। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का विधिवत शुभारम्भ पुलिस लाईन में जिला कलक्टर के.के. शर्मा एवं जिला पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव द्वारा किया गया।

पुलिस लाईन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर के.के. शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाने जा रहे है, इसका शुभारम्भ कार्यक्रम यहां आयोजित किया गया है। जितने भी राजकीय कार्यालय के समस्त कर्मचारी है राज्य सरकार के निर्देशानुसार संकल्प पत्र भरवाए जा रहे है एवं सड़क सुरक्षा नियमों की पालना हेतु शपथ दिलाई जा रही है।

शर्मा ने कहा कि यातायात के नियमों की सख्ती से पालना के लिए लोगों को ही आगे आना होगा और स्वयं को समझना होगा। उन्होंने कहा कि इस एक माह की अवधि में परिवहन विभाग द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की पालना करवाएंगे एवं सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर उनको जागरूक करेंगे। उन्होंने प्रादेशिक परिवहन अधिकारी से कहा कि वे स्कूल एवं कॉलेजों में सड़क सुरक्षा संबंधी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दे। जिला पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह वर्ष पर्यन्त तक चले ताकि लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें एवं सड़क सुरक्षा के नियमों का पूर्ण पालन करें। उन्होंने कहा कि सिर्फ चालान एवं जुर्माने से बचने के लिए ही हेलमेट एवं सीटबेल्ट का प्रयोग नहीं करें अपितु स्वयं एवं अपने परिवार की जिंदगी के लिए भी हेलमेट एवं सीटबेल्ट उपयोग करें। उन्होंने पुलिस विभाग को ट्रेफिक पाठ्शालाओं में आमजन को यातायात नियमों की जानकारी देने को कहा।

सेंट्रल अकेडमी के व्याख्याता भरत व्यास ने रोड़ सेफ्टी कविता प्रस्तुत की वहीं छात्रा गीत जैन ने सड़क सुरक्षा के नियमों जानकारी दी। सेंट्रल अकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने एवं आमजन को जागरूक करने संबंधी नृत्य प्रस्तुती एवं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर के.के. शर्मा एवं जिला पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव ने सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई।

जागरुकता रथ को हरी झण्डी दिखाई

समारोह के पश्चात जिला कलक्टर के.के. शर्मा एवं जिला पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्ञानमल खटीक, राजस्व अपील प्राधिकारी सी.डी. चारण, पुलिस अधिकारीगण, जिला आबकारी अधिकारी रेखा माथुर, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जगदीश बैरवा, जिला शिक्षा अधिकारी (मा.) एवं रिर्जव पुलिस लाईन के पुलिस कार्मिक उपस्थित थे।

महवा क्षेत्र में 23 करोड़ रुपये की पेयजल योजना स्वीकृत-हुड़ला

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

महुआ। सर्व समजी विधायक ओम प्रकाश हुडला के प्रयासों से महुआ विधानसभा के हड़िया, रसीदपुर उकरून्द, गाजीपुर, खावदा व हुड़ला गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों को उनके घर पर ही शुद्ध पानी उपलब्ध करवाने के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी तथा ग्रामीणों को पेयजल हेतु नल कनेक्शन भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। महुआ विधायक ओमप्रकाश ने बताया कि विधानसभा के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उनके घर पर उपलब्ध करवाने की मेरी पहली प्राथमिकता है। इसी क्रम में जनता जल जीवन मिशन के अंतर्गत महुआ विधानसभा के हड़िया, रसीदपुर उकरून्द गाजीपुर खावदा ग्राम हुड़ला तथा महवा कस्बे में लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। महुआ विधायक ने बताया कि इस कार्य के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है । साथ ही लगभग 4 करोड की लागत से गढ़हिम्मत सिंह में नलकूप निर्माण व पाइप लाइन का कार्य सहित क्षेत्र के अन्य गावो में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी।

एटीबीएफ को जानो और ज्ञान बढ़ाओ प्रतियोगिता 24 को

चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता। आचार्य तुलसी बहुउद्देश्यीय फाउंडेशन द्वारा 24 जनवरी रविवार को ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन ATBF महिला टीम द्वारा किया जा रहा है। नगर अध्यक्षा एवं परीक्षा संयोजिका पूर्णिमा मेहता ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्य रूप से रक्त, थैलेसीमिया,देहदान, और एटीबीएफ की कार्यप्रणाली के संदर्भ मे तथा प्लाज़्मा और स्वास्थ्य के सम्बंध में प्रश्न पूछे जाएंगे। संस्थापक सुनील ढ़ीलिवाल ने बताया कि इस परीक्षा को ऑनलाइन लिया जाना है जिसके लिए इस मैसेज के साथ लिंक भेजा जा रहा है, जो भी परीक्षा में बैठना चाहे वे उस लिंक के माध्यम से ग्रुप में जुड़ पाएगा। अधिक जानकारी के लिए 7014212157 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

लव जिहाद के विरोध में कठोर कानून बनाने की मांग

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

पिलानी (झुंझुनूं)। कस्बे में श्री राम नवनिर्माण संगठन द्वारा लव जिहाद के विरोध में कठोर कानून बनाने की मांग के साथ धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें पिलानी कि आमजन समेत कई गणमान्य जनों ने भाग लिया धरना प्रदर्शन के मंच से राष्ट्रीय संयोजक हैप्पी सिंह शेखावत बेरी ने लव जिहाद विषय पर अपने व्याख्यान दिया समाज को बताया कि कैसे लव जिहाद जैसा जहर सामाजिक सौहार्द को बर्बाद कर रहा है। इस पर वर्तमान सरकार अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण मुंह नहीं खोल रही है। वहीं विपक्ष की भाजपा सरकार भी चुप्पी साधे बैठी है और वर्तमान में राजस्थान में लव जिहाद ने पैर पसार लिए हैं जिससे राजस्थान का सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ रहा है उन्होंने मुस्लिम समाज को भी आगे आने को कहा कि वह सिक्योरिटी का जमकर विरोध करें इसी क्रम में संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी जितेन्दर राठौड़ में भी लव जिहाद जैसे दानव को पालन पोषण करने वालों पर निशाना साधा और समाज को इस अंतर को समझना चाहिए और अंधाधुंध धर्मांतरण को रोकना चाहिए ताकि हमारा सामाजिक सौहार्द बना रहे। मंच पर विराजमान एडवोकेट भवानी शंकर शर्मा आदि ने भी नारेबाजी एवं प्रदर्शन करें लव जिहाद के विरूद्ध कठोर कानून बनाने के लिए वर्तमान सरकार से आग्रह किया। मौके पर गौरव राठौड़, पवन सिंह, भूपी शेखावत बेरी, कानू शेखावत, आकाश हमिनपुर, विशाल, राहुल, गौरव कुमार, परीक्षित शर्मा, राघव आदि संगठन के सदस्य मौजूद थे।

किसानों से जुड़ा मुद्दा देश का राष्ट्रीय मुद्दा बन जाए, इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता-गहलोत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि किसान आंदोलन को 50 दिन से अधिक समय हो गया है, जो पूरे देश के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। उम्मीद करता हूं कि जल्द इसका समाधान निकलेगा। किसानों से जुड़ा मुद्दा देश का राष्ट्रीय मुद्दा बन जाए, इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता। गहलोत सोमवार को जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को वीसी के जरिए संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र, कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली डॉ त्रिलोचन महापात्र, विवि के कुलपति डॉ. बीआर चौधरी भी मौजूद रहे।

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार ने दो हजार करोड़ का कृषक कल्याण कोष बनाया है, इस कोष के आधार पर किसानों के लिए कई तरह के अहम कदम उठाए जा रहे हैं। किसानों के लिए सरकार कोई कमी नहीं रखेगी। कृषि उत्पादन में राजस्थान ने विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार का जो नारा किसानों की आय दोगुनी करने का है, वह तभी संभव है जब केंद्र राज्यों को भी पर्याप्त बजट दे। हम राजस्थान में फूड प्रोसेसिंग के लिए नई नीति लेकर आए। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में कांग्रेसी सरकारों के कार्यकाल में बहुत काम हुआ है। कृषि विज्ञान में असीम संभावनाएं हैं। बलराम जाखड़ के समय कृषि विश्वविद्यालय की शुरुआत हुई थी। हमने किसानों के बिजली के दाम नहीं बढ़ाए। राजस्थान सरकार प्रगतिशील किसानों का सम्मान समारोह भी करती है।

गहलोत ने कहा कि राजस्थान में अनुसंधान का काम बड़े स्तर पर हो रहा है, पंडित नेहरू की दूर दृष्टि का यह नतीजा है कि आज एम्स, आईआईटी और इसरो हरित क्रांति से किसानों का विकास हुआ है। गहलोत ने कहा कि सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है। किसान मेहनत और पसीने से देश को आत्मनिर्भर बना रहा है। राजस्थान में 5 कृषि विश्वविद्यालय मौजूद है। इस दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वालों को मुख्यमंत्री ने बधाई दी। गहलोत ने कहा कि एक समय दीक्षांत समारोह में बंद हो गए थे, डिग्री हासिल करना जीवन में किसी भी स्टूडेंट के लिए एक बड़ी उपलब्धि होती है।

रात में रिलायंस को टॉवर खड़ा करना भारी पड़ा, विरोध बाद टीम रफूचक्कर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जोधपुर। शहर के बलदेव नगर में रिलायंस जियो इंफ्राटेक प्रा.लि. टीम ने मॉर्निंग वॉक के लिए बनाए गए फुटपाथ पर रात के अंधेरें में गुपचुप तरीकें से टॉवर लगाने का प्रयास किया जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो रिलायंस टीम को भागना पड़ गया। विरोध प्रदर्शन की सूचना राजीव नगर थाना पुलिस को लगी तो पुलिस जाब्ता भी मौके पर पहुंच गया। देर रात तक हो हुज्जत होने के बाद टीम मौके से रवाना हो गई।

हुआ यूं कि पाल लिंक रोड, बलदेव नगर के वार्ड सं. 20 स्थित प्लॉट संख्या 132 के सामने फुटपाथ पर रिलायंस टीम टॉवर लगाना चाह रही थी। कम्पनी ने इसके लिए एक फुटपाथ पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। रात ढाई बजे के आस पास निर्माण कार्य की भनक जब क्षेत्र के लोगों को लगी तो वे धीरे धीरे इकट्ठा होने लगे और विरोध करने लगे। क्योंकि रिलायंस टीम जहां पर टॉवर लगाने का प्रयास कर रही थी वह फुटपाथ मॉर्निंग वॉक के लिए क्षेत्र के लोगों ने जनसहयोग से तैयार किया और इस पर सुबह शाम वॉक करते है। राजीव नगर थाना पुलिस को जब इस बात की सूचना मिली तो पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंच गया। इस पर क्षेत्र के श्याम आसोपा, तरूण कटारिया, राकेश जैन, हरिराम विश्नोई, भवानीसिंह, लाभशंकर मंगल, महेन्द्रसिंह आदि ने विरोधी तेज कर दिया। लोगों के विरोध को देख रिलायंस टीम वहां से भाग खड़ी हुई। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि टॉवर से रेडियेशंस निकलता है जो हानिकारक ऐसे में मॉर्निंग वॉक पर आने वालों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। क्षेत्र के तरूण कटारिया ने बताया कि किसी भी रिहायसी क्षेत्र में टॉवर लगाने से पूर्व कम्पनी को क्षेत्र के लोगों से अनुमति लेनी चाहिए थी। लेकिन रात ढाई बजे गुपचुप तरीकें से टॉवर खड़ा करना अनुचित है। अगर कोई कम्पनी चुपचाप से किसी मकान, प्लॉट या फुटपाथ पर टॉवर लगाती है तो वह गैर कानूनी है। विरोध प्रदर्शन के बाद रिलायंस टीम ने फिलहाल काम को रोक दिया।

न्युवोको के प्री-मिक्स कॉन्क्रीट सॉल्यूशन ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश किया

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

चित्तौड़गढ़। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी है, जिसने इंस्टामिक्स एक्सप्रेस के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रवेश किया है। इंस्टामिक्स एक्सप्रेस, एक प्रीमियर, बैग्ड, उपयोग के लिए तैयार, ड्राई कॉन्क्रीट है, जिसकी आपूर्ति अब जयगांव, भूटान को की जा रही है। प्रीमियम गुणवत्ता वाले कॉन्क्रीट का उपयोग करना आसान है और इसको कितनी भी मात्रा में कहीं भी पहुंचाया जा सकता है, जिससे यह दूरदराज के क्षेत्रों और पहाड़ी इलाकों में निर्माण के लिए एक उपयुक्त समाधान बन जाता है। न्युवोको वर्तमान में पूर्वी भारत में सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी है और देश में पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक है। कंपनी ने जयगांव, भूटान में मोबाइल फोन टॉवर नींव को तैयार करने के लिए कोलकाता टेलीकॉम सपोर्ट एंड सर्विस को इंस्टामिक्स एक्सप्रेस की आपूर्ति की है। इंस्टामिक्स एक्सप्रेस के 250 से अधिक बैग, जो कि कुल मिलाकर 12 मीट्रिक टन बनते हैं, को सड़क मार्ग से भेजे गए हैं। जयगांव भूटान के लिए सिलीगुड़ी के माध्यम से शेष भारत के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है। प्रशांत झा, चीफ रेडी-मिक्स, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने इस महत्वपूर्ण ऑर्डर के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कॉन्क्रीट उत्पादों के शीर्ष निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं के रूप में न्युवोको की प्रतिष्ठा हमारे उत्पाद के गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता के कारण है। ये ग्राहक एम35 ग्रेड कॉन्क्रीट की तलाश में था जो एक स्ट्रक्चरल ग्रेड कॉन्क्रीट है और इसको साइट स्तर पर उत्पादित नहीं किया जा सकता है।

ANCHOR | भ्रष्टाचार

वनक्षेत्र के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की बू, शिकायत एसीबी तक

रेंजर लक्ष्मण राज सुरेशा की कार्यशैली सवालों के घेरे में शिकायत कर्ता ने लगाएं गम्भीर भ्रष्टाचार के आरोप...?

सुपुर्द शिकायत में दावा विभाग ने नहीं किया सीमेंट आवंटन फिर भी कार्य कैसे हुआ पूर्ण...?

मजदूरों की जगह मशीनरी से कार्य करवाकर किया भ्रष्टाचार..!

तुषार पुरोहित @ जागरूक जनता
jagrukjanta.net/.com

सिरोही। रेवदर तहसील क्षेत्र के रहवासी एक व्यक्ति द्वारा वनक्षेत्र में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर एसीबी के महानिदेशक को व मुख्य वन संरक्षक जोधपुर व उपवन संरक्षक सिरोही को लिखित शिकायत भेजी जिसमें में दावा किया किया गया है कि रेवदर तहसील के कार्य स्थल वनखण्ड अटाल खेड़ा (रानेला) भवानी माता का मंदिर उपरोक्त एनीकट की निर्माण कार्य में विभागीय नियमों व तय गाइडलाइंस को दरकिनार करके भारी भ्रष्टाचार के आरोप तत्कालीन रेंजर लक्ष्मण राज सुरेशा पर लगाएं है। रेंजर का पक्ष जानने के लिए कॉल किया गया परन्तु कॉल नहीं उठाया गया।

एसीबी को सुपुर्द शिकायत में शिकायकर्ता ने यह लगाएं आरोप

शिकायकर्ता ने बताया कि विकास कार्य के तहत निर्माण कार्य में मजदूरो की जगह मशीनरी जेसीबी से निर्माण कार्य करवाया गया है। ओर विभागीय प्रकिया के तहत सीमेंट आवंटन नहीं होने के उपरांत भी कार्य को पूर्ण करके भारी भ्रष्टाचार किया गया है। तत्कालीन रेंजर लक्ष्मण राज सुरेशा कार्यालय उपवन संरक्षक सिरोही द्वारा वर्ष 2020- 21 के अंतर्गत स्वीकृत कार्य स्थल वनखण्ड अटाल खेड़ा (रानेला) भवानी माता का मंदिर उपरोक्त एनीकट की निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने हुए भारी भ्रष्टाचार फैलाने किया गया है, जैसा कि कार्यस्थल को प्रारंभ करवाने से पहले कार्यस्थल की सफाई एवं बाद में मजदूरों द्वारा नियुक्त खुदाई का कार्य किया जाना था , मगर रेंजर द्वारा उपरोक्त कार्य स्थल की सफाई एवं नीव खुदाई कार्य जेसीबी मशीनरी से करवाते हुए निर्धारित मापदंडों के अनुसार नींव खुदाई कार्य न करवाकर भारी भ्रष्टाचार किया गया है। वही सुपुर्द शिकायत में बताया कि प्राक्कलन अनुसार स्थानीय रूप से सामग्री इकट्ठा करवाकर कार्य स्थल में उपयोग उपयोग करने की जगह रेंजर ने स्थानीय ठेकेदार जो इनके जाति एवं व्यक्तिगत मिलने वाले से सामग्री की खरीद कर ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा सामग्री पत्थर बजरी, पानी का टैंकर परिवहन करते हुए सामग्री की आपूर्ति ठेकेदार से करवाते हुए भ्रष्टाचार फैलाया है, कार्यस्थल के आसपास पत्थर बजरी एवं पानी कहीं भी मौके पर उपलब्ध नहीं होने के कारण उपरोक्त सामग्री को क्रय कर परिवहन करते हुए कार्य-स्थल पर सामग्री आपूर्ति करवाकर भ्रष्टाचार किया है। ओर बताया कि प्राक्कलन अनुसार उपरोक्त एनीकट पर 318.52 सीमेंट के बैंग का आवंटन विभागीय तौर पर करना था मगर दिनांक 18/12/ 2020 तक करना था पर विभाग द्वारा सीमेंट उपलब्ध नहीं करवाया गया।जबकि मौके पर एनीकट की नींव भराई कार्य, सुपर स्ट्रेक्चर कार्य एवं प्लास्टर कर एनीकट का कार्य पूर्ण किया गया। जबकि विभाग द्वारा सीमेंट उपलब्ध नहीं कराया गया, तो रेंजर द्वारा घटिया किस्म का सीमेंट कहां से बिना अनुमति प्राप्त कर कार्यस्थल पर उपयोग में लिया गया, जो भारी भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता है। यदि कार्यालय क्षेत्रीय वन अधिकारी सिरोड़ी एवं उप वन संरक्षक सिरोही के अस्थाई सामग्री पंजिका को अविलंब जब्त की जाएं, जिससे वस्तु स्थिति स्वतः ही स्पष्ट हो जाएगी कि बिना सीमेंट की आपूर्ति के एनीकट का निर्माण कार्य कैसे संपूर्ण हुआ।

रेंजर लक्ष्मण राज सुरेशा की विधायक वन मंत्री को पूर्व में भी कर चुके हैं शिकायत

शिकायत करता ने एसीबी को भेजी शिकायत में बताया रेंजर लक्ष्मण राज सुरेशा द्वारा भ्रष्टाचार करने को लेकर पूर्व में भी क्षेत्रीय रेवदर- आबूरोड़ विधायक जगसीराम कोली एवं पिंडवाड़ा-आबू विधायक समाराम गरासिया द्वारा भ्रष्टाचार को लेकर एवं जेसीबी मशीनरी द्वारा कार्य करवा कर मजदूरों के पैसे में भ्रष्टाचार करने को लेकर वन मंत्री राजस्थान भी शिकायती पत्र लिखा गया है। शिकायत कर्ता ने अविलंब पूरे मामले की उचित जांच उच्च स्तरीय अधिकारियों से करवाकर उचित काईवाई की मांग की गई गई।

क्या होगी निष्पक्ष जांच यहां जांच के नाम पर होगी खानापूर्ति

जिस प्रकार शिकायत कर्ता ने भ्रष्टाचार के गम्भीर आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों की कार्यशैली परसवाल खड़े किये है, उसको लेकर वन विभाग कब उच्च अधिकारी उचित जांच कर दोषियों के विरुद्ध उचित काईवाई कर पाएंगे यहां राजनीति दबाव के चलते जांच के नाम पर महज खानापूर्ति होकर फाइल आलमारी में दफन हो जाएगी इस पर सभी की निगाहें टिकी रहेगी।

मैंने अभी-अभी कार्यभार सम्भाला है, और पूरे मामले की शिकायत भी मुझे आज ही प्राप्त हुई है। उचित जांच कर काईवाई की जाएगी।
- पी. सी कुमावत, उपवन संरक्षक सिरोही

आरटीडीसी का बहरोड़ मिड वे फिर शुरु होगा

रोडवेज से आरटीडीसी का हुआ करार, मिडवे पर मैनेजर नियुक्त

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर/बहरोड़। पिछले साढे तीन साल से बंद बहरोड़ मिड-वे फिर से शुरु होगा। राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) ने बहरोड़ मिड-वे को फिर से शुरु करने का फैसला किया है। आरटीडीसी ने बहरोड़ मिडवे को शुरु करने के आदेश जारी करने के साथ ही तैयारियां शुरु कर दी हैं। राजस्थान रोडवेज की बसें बहरोड़ मिडवे पर रुकेंगी। आरटीडीसी और राजस्थान रोडवेज के बीच हुए इस करार के बाद ही मिडवे को फिर से शुरु करने का फैसला किया गया है। आरटीडीसी एमडी निकोय गोहेन ने बहरोड़ मिड-वे का मौका निरीक्षण के लिए पांच सदस्यों की कमेटी बनाई है, यह कमेटी मिड वे को शुरु करने के लिए जरूरी संसाधन और मेंटीनेंस की जरूरत को लेकर रिपोर्ट तैयार करेगी। पांच सदस्यीय टीम को कल ही निरीक्षण कर तत्काल एमडी को रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। बहरोड़ मिड वे को फिर से शुरु करने के लिए मैनेजर की नियुक्ति कर दी गई है। आरटीडीसी के होटल लेक पैलेस सिलिसेड के मैनेजर केसर सिंह को बहरोड़ मिडवे का चार्ज लेकर इसे फिर से शुरु करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अगस्त 2017 में किया था बंद

बहरोड़ मिड-वे आरटीडीसी का सबसे लाभ कमाने वाली यूनिट में शामिल था, एक समय इसका मुनाफा दो करोड़ रुपए से ज्यादा था, यहां 65 कर्मचारी काम करते थे। 2013 के बाद राजस्थान रोडवेज की बसों का यहां ठहराव कम होना शुरु हुआ, बाद में पूरी तरह रोडवेज बसों का ठहराव बंद कर दिया गया और निजी मोटल्स और ढाबों पर रोडवेज की बसें रुकने लगी। राजस्थान रोडवेज की बसों का बहरोड़ मिडवे पर ठहराव बंद होने से आय लगातार कम हो गई और मिडवे का घाटा बढ़ता गया। बीजेपी राज के दौरान अगस्त 2017 में इसे पूरी तरह बंद कर दिया गया।

जागरूक न्यूज

किसान आंदोलन

एससी की गठित कमेटी की किसान नेताओं से पहली बैठक कल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

नई दिल्ली। तीनों नए कृषि कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर बीते करीब 2 महीने से राजधानी दिल्ली के बॉर्डर हजारों किसान धरने पर बैठे हैं। केंद्र सरकार किसानों के साथ 9 दौर की बातचीत भी कर चुकी है, लेकिन अब तक सरकार और किसान संगठनों के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई है। इस बीच यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच चुका है और अदालत ने किसानों और सरकार के बीच जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए तीनों नए कृषि कानूनों के लागू करने पर रोक लगा दी है और एक कमेटी गठित की है, जो दोनों पक्षों से बातचीत कर एक रिपोर्ट कोर्ट को सौंपेगी। अब सर्वोच्च अदालत द्वारा गठित की गई कमेटी की पहली बैठक 21 जनवरी को सुबह 11 बजे होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी के एक सदस्य अनिल घनवट ने बताया कि अदालत ने हमें ये निर्देश दिया है कि किसान संगठनों (कृषि कानून के समर्थक और विरोधी) के प्रतिनिधियों की बातें सुनना है और एक रिपोर्ट तैयार कर कोर्ट को भेजनी है।

उन्होंने मंगलवार की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ये तय हुआ है कि किसानों के साथ 21 जनवरी को सुबह 11 बजे पहली बैठक होगी। इस बैठक में यदि किसी किसान संगठन के प्रतिनिधि नहीं आ सकते हैं तो हम वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए उनकी बातें जानेंगे। अनिल घनवट ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार हमारे साथ आना या बोलना चाहती है तो हम उसका स्वागत करेंगे। हम सरकार का भी पक्ष सुनेंगे और फिर इस गतिरोध को खत्म करने के लिए अपने स्तर पर सर्वोच्च प्रयास करेंगे।

लाल किले में मृत मिले कौओं में बर्ड फ्लू की पुष्टि, 26 तक दर्शकों के लिए रोक

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

नई दिल्ली। देश में बर्ड फ्लू का संक्रमण तेजी के साथ फैलता जा रहा है। इसी का नतीजा है कि बर्ड फ्लू का प्रभाव राष्टीय राजधानी दिल्ली तक आ पहुंचा है। लाल किले में मृत पाए गए कौओं के सैंपल से बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। जिसके बाद प्रशासन ने स्मारक भवन में लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार के पशुपालन विभाग के डायरेक्टर राकेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले दिनों लाल किले में लगभग पंद्रह कौवे मृत पाए गए थे। बर्ड फ्लू होने की आशंका के चलते पक्षियों के सैंपल जालंधर स्थित लैब में भिजवाए गए। मंगलवार को आई रिपोर्ट में मृत कौवों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। जिसके चलते अहतियात के तौर पर लाल किले को दर्शकों के लिए गणतंत्र दिवस तक के लिए बंद कर दिया गया।

राजस्थान की आबकारी नीति में बड़े बदलाव की तैयारी

एक ही दुकान से बिकेगी देशी-अंग्रेजी शराब और बीयर!

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। राजस्थान की नई आबकारी नीति में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। इसके लिए वित्त विभाग ने सभी जिलों से रिपोर्ट मंगा ली है। इसके तहत सभी अंग्रेजी व देशी शराब दुकानों को कम्पोजिट किया जाएगा। यानी देशी-अंग्रेजी शराब और बीयर, सभी की बिक्री एकसाथ होगी। प्रत्येक दुकान की गारंटी राशि इन तीनों से मिलने वाली राशि को जोड़कर तय की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार नई नीति में शहरों में कुछ दुकानें कम की जा सकती हैं। कोरोना संक्रमण के मद्देनजर दुकान आवंटन ई-नीलामी के जरिए करने की तैयारी है। आबकारी विभाग ने पिछले साल ही नई आबकारी नीति जारी की थी। इसमें दुकानों का एक साल के लिए और नवीनिकरण करने का प्रावधान किया गया लेकिन अब राजस्व वृद्धि के लिए विभाग नई नीति जारी करने की तैयारी कर चुका है। इसे अंतिम रूप देने के लिए 18 जनवरी को वित्त व आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक होगी।

राज्य में शराब की इतनी दुकानें

- 1000 दुकानें अंग्रेजी शराब की
- 6600 दुकानें देशी शराब की
- 1191 देशी दुकानें शहरी क्षेत्र में, शेष ग्रामीण में
- 206 दुकानें अंग्रेजी और 300 दुकानें देशी शराब की हैं जयपुर में

एक-एक दुकान की होगी ई-नीलामी

अंग्रेजी शराब दुकानों का आवंटन एक-एक कर लॉटरी के जरिए किया जाता है। जबकि देशी शराब के लिए शहरी क्षेत्रों में वार्ड और ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत वार समूह बना रखे हैं। एक समूह में देशी शराब की दो से तीन दुकानें हैं। नई व्यवस्था में अंग्रेजी शराब दुकानों की तर्ज पर सभी दुकानों को कम्पोजिट कर एक-एक की ई-नीमाली की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक इस बार दुकानों की ई-नीलामी इस्पात मंत्रालय के एमएसटीसी पोर्टल या अन्य ऑनलाइन पोर्टल से की जा सकती है।

राजस्व बढ़ाने का प्रयास

राजस्व आय में आबकारी विभाग लक्ष्य से भले ही पीछे चल रहा है लेकिन गत वर्ष के मुकाबले दिसंबर तक ही करीब 800 करोड़ अधिक मिल चुके हैं। इसके बावजूद विभाग राजस्व और बढ़ाने के प्रयासों में जुटा है। सूत्रों के अनुसार अभी लक्ष्य 12500 करोड़ है, जिसे नई नीति में 14000 से 15000 करोड़ तक किया जा सकता है।

ठेकेदारों का तर्क

इधर, नई नीति की जानकारी मिलने पर ठेकेदार विरोध में आ गए हैं। ठेकेदारों का तर्क है कि 5000 और 50 रुपए की शराब खरीदने वाले एक ही जगह आकर खड़े होंगे तो दिक्कतें आएंगी। कारोबार प्रभावित होगा। नीति में दो साल के लिए प्रावधान किए गए तो एक साल बाद ही नई नीति क्यों लाई जा रही है।

जोधपुर में गरजेगा राफेल: होगा रोचक मुकाबला

भारत-फ्रांस युद्धाभ्यास डेजर्ट नाइट आज से

सुखोई व अन्य विमान भी होंगे शामिल, दोनों देशों के पायलट्स को सीखने का मिलेगा अवसर

डेजर्ट नाइट नाम का यह युद्धाभ्यास जोधपुर एयरबेस पर 20 से 24 जनवरी तक चलेगा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जोधपुर। सूर्यनगरी जोधपुर के आसमान में बुधवार से भारत और फ्रांस के फाइटर्स जेट राफेल के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। डेजर्ट नाइट नाम का यह युद्धाभ्यास जोधपुर एयरबेस पर 20 से 24 जनवरी तक चलेगा। इस युद्धाभ्यास में शामिल होने के लिए दोनों देशों के फाइटर जेट मंगलवार को जोधपुर पहुंचेंगे। थार के रेगिस्तान में युद्धाभ्यास होने के कारण इसका नाम डेजर्ट नाइट रखा गया है। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के बीच नियमित रूप से होने वाले युद्धाभ्यास गरुड़ से अलग हो रहा है। इस समय फ्रांस की एयरफोर्स का एक बेड़ा स्कॉयरॉस डेप्लायमेंट के रूप में एशिया क्षेत्र में तैनात है। ऐसे में वहां से इसके राफेल फाइटर्स सहित एयर रिफ्यूल टैंकर व परिवहन विमान इस युद्धाभ्यास में जोधपुर आएंगे। भारत की तरफ से राफेल के साथ ही सुखोई व अन्य लड़ाकू विमान इस युद्धाभ्यास का हिस्सा होंगे। सामरिक विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ माह से राफेल उड़ा रहे भारतीय पायलट अपनी क्षमता दर्शाएंगे। वहीं कई बरस से राफेल उड़ा रहे फ्रांस एयरफोर्स के पायलटों से मुकाबला करने के साथ उन्हें इस विमान के बारे में काफी कुछ सीखने को मिलेगा। युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के पायलट्स अपने अनुभवों को एक-दूसरे से शेयर करेंगे।

युद्धाभ्यास के लिए इसलिए चुना जोधपुर

थार के रेगिस्तान का सिंह द्वार कहलाने वाले जोधपुर का मौसम अमूमन एकदम साफ रहता है। वहीं यहां का तापमान दोनों देशों के पायलट्स व अन्य स्टाफ के लिए पूरी तरह से मुफिद है। जोधपुर से सीमा क्षेत्र तक बगैर किसी रूकावट के लंबी दूरी तक उड़ान भर सकते हैं। 6 साल पहले जोधपुर में राफेल उड़ाने वाले पायलट्स को यहां का मौसम बहुत रास आया था। उन्होंने कहा भी था कि फ्रांस में हमें इस तरह मुक्त आकाश नहीं मिलता है। साथ ही जोधपुर एयरबेस काफी पुराना होने के साथ पश्चिमी सीमा का सबसे महत्वपूर्ण एयरबेस माना जाता है। इन कारणों से इस युद्धाभ्यास के लिए जोधपुर को चुना गया है।

6 साल पहले भी जोधपुर में गरजे थे राफेल

साल 2014 में भारत-फ्रांस वायुसेना के संयुक्त युद्धाभ्यास गरुड़ में राफेल जोधपुर में अपनी ताकत दर्शा चुका है। उस समय राफेल और सुखोई के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला था। इस युद्धाभ्यास में फ्रांस के एयर चीफ डेनिस मर्सियर ने सुखोई से उड़ान भरी थी। जबकि तत्कालीन एयर चीफ मार्शल अरुप राहा ने सबसे पहले जोधपुर में ही राफेल उड़ा इसका परीक्षण किया था। इसके बाद राफेल सौदा तेजी से आगे बढ़ा। इस सौदे की नींव सही मायने में जोधपुर के युद्धाभ्यास के दौरान राफेल की क्षमता को जांचने व परखने के बाद ही रखी गई थी।

विद्यार्थियों को CK Sir की पहल

जाने-माने शिक्षाविद और प्रतियोगी परीक्षाओं के विशेषज्ञ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। सीके सर ने बार-बार विद्यार्थियों के

किये जा रहें आग्रह को ध्यान में रखते हुए अपने निर्देशन में कांटा चौराहा, झोटवाड़ा, जयपुर के अंदर मैक्स इंस्टिट्यूट का आने वाले वार रविवार, दिनांक 24, जनवरी को शुभारम्भ करने जा रहें है जहाँ रीट, पटवार, राज.पुलिस, वनपाल, एस.एस.सी., बैंक, रेलवे की परीक्षाओं की तैयारियां विशेष रणनीति के साथ,विषय-विशेषज्ञों की टीम के साथ करवायी जाएगी। सीके सर ने बताया की मैक्स इंस्टिट्यूट का उद्देश्य सिर्फ फीस नहीं बल्कि प्रतियोगी-विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक किस तरह पहुंचना है, क्या विशेष पढ़ना है और करंट अफेयर्स का रोल सलेबस में किस तरह रहता है। आज एग्जाम का फोकस किन टॉपिक्स और किन विशेष प्रश्नों की ओर रहता है ऐसे तमाम बातें जिनसे हमारा प्रतियोगी विद्यार्थी संदेह में रहकर अच्छी तैयारी और अच्छे नोट्स के बावजूद भी परीक्षा उतिर्ण करने में विफल हो जाता है, इन सब बातो को मध्ये नजर रखते हुए विद्यार्थियों को एक ऐसा शिक्षण-संस्थान देना है जो विद्यार्थियों की उम्मीदों पर खरा उतर उनको उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में सारथी बन साथ दें उन्हें सिमित समय में लक्ष्य तक पहुँचाये।

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE | STAR Health Insurance The Health Insurance Specialist | TATA AIG INSURANCE WITH YOU ALWAYS

क्या महंगा है? 1. हॉस्पिटल का बड़ा बिल या 2. आपका हैल्थ इंश्योरेंस प्लान!
फैसला आपका है, अपनी फैमिली के लिए आप क्या चुनेंगे?
चुनिए वही जो आपके लिए हो सही।
मात्र 12 रुपए रोज में एक व्यक्ति और मात्र 35 से 40 रुपए रोज में अपने परिवार को सुरक्षित कीजिये।
• पेंशन प्लान • एजुकेशन प्लान
इंश्योरेंस एडवाइजर बनकर कमायें 10 से 15 हजार प्रतिमाह

8561088777
सीपी अग्रवाल
जी-30 द्वितीय तल, द्वारिका टावर, सेन्ट्रल स्पाइन, विद्याधर नगर, जयपुर

हाउसिंग बोर्ड: भिवाड़ी में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत बनेंगे करीब 700 फ्लैट्स

जयपुर में पहली बार बनाए जाएंगे स्टूडियो अपार्टमेंट, मेड़ता में सभी वर्गों के लिए बनेंगे 743 मकान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड पहली बार नए कॉन्सेप्ट पर आवासीय योजना लाने जा रहा है। बोर्ड अब पहली बार स्टूडियो अपार्टमेंट बनाएगा। ये अपार्टमेंट जयपुर के प्रताप नगर में बनाए जाएंगे। इसके अलावा हाउसिंग बोर्ड नागौर जिले के मेड़ता में 743 आवासों की योजना लाने की भी तैयारी कर रहा है। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया कि नागौर में प्रस्तावित इस योजना में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 224, LIG के 158, MIG-A के 212, MIG-B के 233 और HIG के 16 मकान बनाए जाएंगे। इसके अलावा अलवर के भिवाड़ी में मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत करीब 700 फ्लैट्स बनाने की योजना है। जल्द ही इन योजनाओं को लॉन्च करके आवेदन मांगे जाएंगे।

लॉटरी से होगा आवंटन

हाउसिंग बोर्ड की ओर से इन योजनाओं के लिए आवेदन लेने के बाद आवेदनों की जांच की जाएगी। जांच के बाद सही आवेदन मिलने पर इनकी लॉटरी निकाली जाएगी। लॉटरी में सफल आने वाले आवेदक को ही आवासों का आवंटन किया जाएगा।

1100 अपार्टमेंट्स की आएगी योजना

जयपुर के प्रताप नगर सेक्टर 8 में करीब 1100 फ्लैट्स की दो योजनाएं भी लाने की प्लानिंग हाउसिंग बोर्ड ने की है। इसमें सबसे मुख्य एक कमरे वाले स्टूडियो अपार्टमेंट हैं। इस अपार्टमेंट में एक कमरे के साथ अटैच किचन, लिविंग हॉल होंगे। इनकी संख्या लगभग 600 होगी। वहीं सेक्टर 8 में ही मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 2BHK के 500 फ्लैट बनाने की है। इसी तरह जयपुर में वाटिका योजना में बसाई आवासीय योजना की रि-प्लानिंग करके वहां भी 187 स्वतंत्र आवासों का निर्माण कराया जाएगा।

since 2005
विनायक ज्वैलर्स
22 K 916 हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 Silver Utensiles
Certified राशि रत्न
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

कोवीशील्ड की पहली खेप आज मालदीव पहुंचेगी

वॉशिंगटन/लंदन/रियो डि जेनेरियो। कोरोना की वैक्सीन कोवीशील्ड की पहली खेप बुधवार को भारत से मालदीव पहुंचेगी। मालदीव पहला देश है, जिसे यह वैक्सीन भेजी जा रही है। भारत ने अपने पड़ोसियों भूटान, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान और मॉरीशस को भी वैक्सीन देने की योजना बनाई है। साउथ एशियाई देश मालदीव की आबादी लगभग 45 लाख है। सरकार के सूत्रों के मुताबिक, कोवीशील्ड को मालदीव में रेगुलेटरी के अप्रूवल से लेकर दूसरी जरूरी मंजूरी दी जा चुकी हैं। फ्रंटलाइन हेल्थ वर्कर्स और सीनियर सिटीजंस के लिए इसे पर्याप्त मात्रा में भेजा जा रहा है। यह खेप एयर इंडिया की फ्लाइट से माले के वेलाना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दोपहर 2 बजे पहुंचेगी। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि कई पड़ोसी और खास सहयोगी देशों से भारत में बनी वैक्सीन की सप्लाई के लिए सरकार से गुजारिश की है। इसके तहत 20 जनवरी से भूटान, मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार और सेशल्स को वैक्सीन की सप्लाई शुरू की जाएगी। हम अफगानिस्तान व श्रीलंका से भी मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

भारत से वैक्सीन पाने वाला पहला देश होगा

बाइडेन का अमेरिका राष्ट्रपति पद का शपथग्रहण आज

व्हाइटहाउस। 20 जनवरी को अमेरिका को नया राष्ट्रपति मिल जाएगा।

जोसेफ आर बाइडेन जूनियर यानी जो बाइडेन बुधवार दोपहर 12 बजे (भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे) 46वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह वाले दिन को इनॉगरेशन डे कहा जाता है। इस बार इस सेरेमनी में कई चीजें बदली हुई दिखाई देंगी। इसके दो कारण हैं पहला कोरोना और दूसरा सात जनवरी को अमेरिकी संसद के अंदर और बाहर हुई हिंसा। चीफ जस्टिस जॉन जी रॉबर्ट जूनियर कैपिटल हिल्स के वेस्ट फ्रंट पर बाइडेन को राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाएंगे। इसके बाद राष्ट्रपति बाइडेन 'इनॉगरल स्पीच' देंगे। इसमें अमेरिकी मतदाताओं का शुक्रिया अदा करेंगे। स्पीच के बाद सैन्य टुकड़ी की समीक्षा करेंगे। सिंगर लेडी गागा नेशनल एंथम गाएंगी। इवेंट में जेनिफर लोपेज की भी म्यूजिकल परफॉर्मेंस होगी। इसके बाद बाइडेन और वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस 'प्रेसिडेंट एस्कॉर्ट' में कैपिटल हिल से व्हाइट हाउस जाएंगे। आमतौर पर करीब 3 लाख लोग सड़क के दोनों ओर खड़े होकर इसे देखते हैं। इस बार ऐसा नहीं होगा। कोरोना को देखते हुए इनॉगरल कमेटी का देशभर में वर्चुअल परेड का आयोजन करने का प्लान है। इन वर्चुएल परेड्स में म्यूजिक होगा। इनमें कवि और डांसर कोरोना महामारी के फ्रंट लाइन हीरोज के सम्मान में परफॉर्म करेंगे। बाइडेन के शपथ ग्रहण से एक दिन पहले लिंकन मेमोरियल रिफ्लेक्टिंग पूल पर वर्चुअल लाइटिंग सेरेमनी होगी। इस सेरेमनी में कोरोना से जान गंवाने वाले अमेरिकी नागरिकों को याद किया जाएगा।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine Fortis Escorts Hospital JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

विश्वसनीय साप्ताहिक अखबार

जागरूक जनता

Digital Edition

एक सकारात्मक सोच

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.in

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

जयपुर, बुधवार 20 जनवरी - 26 जनवरी, 2021

भारत ने 2-1 से जीती सीरिज

इंग्लैंड सीरीज के लिए टेस्ट टीम का ऐलान

गाबा टीम के 9 प्लेयर्स शामिल

29 महीने बाद हार्दिक की वापसी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

मुंबई। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज की जीत के कुछ ही घंटों बाद इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। गाबा में जीतने वाली टीम के 9 मेंबर्स इंग्लैंड दौरे के लिए भी चुन लिए गए हैं। तेज गेंदबाज टी नटराजन ऐसे हैं, जो जगह नहीं बना पाए। मैच के दौरान चोटिल हुए नवदीप सैनी को भी जगह नहीं मिली। हार्दिक पांड्या की 29 महीने बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट अगस्त 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ ही खेला था।

चोटिल बुमराह, अश्विन बरकरार, ईशांत की वापसी

चोटिल ईशांत शर्मा भी टीम में वापस लौटे हैं। चौथा टेस्ट नहीं खेलने वाले जसप्रीत बुमराह और अश्विन टीम में बरकरार हैं। पर, तीसरा टेस्ट ड्रॉ करवाने वाले चोटिल हनुमा विहारी को जगह नहीं मिली है। वहीं, चोट के कारण ही ऑस्ट्रेलिया दौरा छोड़कर वापस आने वाले केएल राहुल को दूसरे टेस्ट के लिए टीम में रखा गया है। अगर वो फिट रहे तो जगह बना सकते हैं। पहले 2 टेस्ट के लिए 4 स्पिनर्स चुने गए हैं। रवींद्र जडेजा चोट की वजह से बाहर हैं, लेकिन डेब्यू टेस्ट में 4 विकेट लेने और फिफ्टी लगाने वाले सुंदर की जगह बरकरार है। उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया दौरे में एक भी टेस्ट नहीं खेलने वाले कुलदीप भी टीम में बरकरार हैं। स्पिनर्स की स्क्वॉड में अक्षर पटेल को भी रखा गया है, जो अपना डेब्यू कर सकते हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम

ओपनिंग: रोहित शर्मा, शुभमन गिल, मयंक अग्रवाल
मिडिल ऑर्डर: चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, ऋषभ पंत, ऋद्धिमान साहा, हार्दिक पांड्या, लोकेश राहुल
तेज गेंदबाज: जसप्रीत बुमराह, इशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, शार्दूल ठाकुर
स्पिनर: आर अश्विन, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल
स्टैंडबाय: केएस भारत (विकेटकीपर), अभिमन्य ईश्वरन, शाहबाज़ नदीम, राहुल चाहर
नेट बॉलर्स : अंकित राजपूत, अवेश खान, संदीप वारियर, कृष्णप्पा गौतम, सौरभ कुमार

IPL भी भारत में नहीं हो सका था

कोरोना की वजह से देश में इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन भी नहीं हो सका था। BCCI ने इसे संयुक्त अरब अमीरात में कराया। यह लीग 19 सितंबर से 10 नवंबर के बीच हुई थी। मुंबई इंडियंस ने रिकॉर्ड 5वीं बार चैम्पियनशिप अपने नाम की थी।

5 फरवरी को होगा पहला टेस्ट

भारत और इंग्लैंड के बीच 4 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज खेली जाएगी। 5 फरवरी से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी। वहीं, पिंक बॉल टेस्ट समेत आखिरी दो टेस्ट मैच अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम मोटेरा में खेले जाएंगे। आखिर में 3 वनडे की सीरीज पुणे में खेली जाएगी।

भारत-इंग्लैंड के बीच 3 स्टेडियम में होंगे सभी मैच

BCCI ने कोरोना को ध्यान में रखकर इंग्लैंड के भारत दौरे के लिए सिर्फ 3 वेन्यू को फाइनल किया। पहले 2 टेस्ट चेन्नई में खेले जाएंगे। बाकी 2 टेस्ट अहमदाबाद में होंगे। इसके बाद 12 मार्च से 5 टी-20 की सीरीज अहमदाबाद में खेली जाएगी। टी-20 सीरीज का आखिरी मैच 20 मार्च को खेला जाएगा। वहीं, 23 मार्च से वनडे सीरीज की शुरुआत होगी। सभी मैच पुणे में होंगे। सीरीज का आखिरी वनडे 28 मार्च को होगा।

शमी और जडेजा समेत 4 खिलाड़ी दो टेस्ट से बाहर

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, उमेश यादव, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और हनुमा विहारी शुरुआती दो टेस्ट से बाहर ही रहेंगे। शमी को हाथ और जडेजा को अंगूठे में फ्रेक्चर है। हनुमा को मांसपेशियों और उमेश को पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत है।

10 महीने बाद कोई टीम भारत दौरे पर आ रही

कोरोना की वजह से पिछले दस महीने से भारत में क्रिकेट पूरी तरह से बंद था। आखिरी बार मार्च 2020 में साउथ अफ्रीका ने भारत का दौरा किया था। 3 मैच की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला धर्मशाला में बारिश की भेंट चढ़ गया था। इसके बाद कोरोना के वजह से अफ्रीकी टीम के दौरे को रद्द करना पड़ा था।

City Dairy

फॉरएवर मिस इंडिया, मिसेज इंडिया 2021 का पोस्टर लॉन्च

जयपुर @ जागरूक जनता। राजधानी जयपुर में फॉरएवर स्टार इंडिया अवार्ड्स के द्वारा सहयोग से आयोजित होने वाले अपकमिंग नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट फॉरएवर मिस इंडिया 2021 और फॉरएवर मिसेज इंडिया 2021की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन निर्माण नगर में किया गया। जहां इस पेजेंट से जुड़ी आधिकारिक टीम ने मिलकर इस मेगा इवेंट के पोस्टर को लॉन्च किया, पेजेंट की डिटेल्स शेयर की और अपकमिंग एक्टिविटीज के बारे में बताया। फॉरएवर मिसेज इंडिया 2021 में दो केटेगरी रखी गई हैं जिसमें 20 से 35 और 36 से 50 एज ग्रुप के पार्टिसिपेंट्स हिस्सा ले सकते हैं। शो ऑर्गनाइजर साहिल चौधरी व डायरेक्टर कीर्ति चौधरी ने बताया कि इस नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट में देश के किसी भी कोने से पार्टिसिपेंट्स भाग ले सकते हैं। हर एक पार्टिसिपेंट्स को फॉरएवर स्टार इंडिया अवार्ड्स की कम्युनिटी की लाइफटाइम मेम्बरशिप के मेंबर होंगे। यह एक प्रोफेशनल इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की कम्युनिटी है जिसका बेनिफिट्स सभी पार्टिसिपेंट्स को मिलेगा। हमारा मोटिव फैशन इंडस्ट्री के प्रोफेशनल्स को डिफरेंट व यूनिक प्लेटफार्म प्रदान करना है। पेजेंट में सिटी विनर, स्टेट विनर के बाद फॉरएवर मिस इंडिया 2021 का सेलेक्शन किया जाएगा। फाउंडर व सीईओ राजेश अग्रवाल (एस्ट्रो राज) ने बताया कि इस पेजेंट के रजिस्ट्रेशन पहले ही शुरू किए जा चुके हैं। हर राज्य में स्टेट लेवल मैनेजमेंट के लिए स्टेट कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। फरवरी से इस पेजेंट के ऑडिशन प्रॉसेस शुरू कर बाकी सिटीज को कवर किया जाएगा। मई में पेजेंट का भव्य ग्रैंड फिनाले आयोजित किया जाएगा।

रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा शिविर आयोजित

जयपुर @ जागरूक जनता। गायत्री सप्त क्रान्ति ट्रस्ट, जयपुर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गायत्री कुंज, आर्यनगर, मुरलीपुरा, जयपुर में 18वां विशाल रक्तदान शिविर और नि:शुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ एसएमएस अस्पताल ब्लड बैंक टीम के प्रभारी डॉ. अखिलेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविर में 94 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि कैलाश सोयल (पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, कांग्रेस सेवा दल, राजस्थान) एवं पं. सुरेश मिश्रा (अध्यक्ष, राजस्थान ब्राह्मण महासभा) उपस्थित रहे। विभिन्न क्षेत्रों के स्थानीय पार्षद सजना गजराज, रविप्रकाश सैनी, दीपमाला शर्मा, कमलेश यादव, रणवीर सिंह राजावत, कृष्णा शर्मा, राजेश गुर्जर, राधेश्याम शर्मा ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्द्धन किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर कैलाश चौधरी (निदेशक-प्रिन्स ग्रुप), धर्मवीर कटेवा (प्रतिनिधि - इण्डियन अस्थमा केयर सोसायटी), कैलाश जांगिड़ (अध्यक्ष, जांगिड़ समाज, मुरलीपुरा), पुरूषोत्तम पारीक (प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान कम्प्यूटर कांग्रेस), शिहान महेन्द्र गहलोत (नॉर्थ इण्डिया चीफ, करावे), विजय शर्मा (महामंत्री, मुरलीपुरा मण्डल, भाजपा), कौशल किशोर शर्मा एवं अनुराधा कुमावत (समाजसेविका) भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र, सत्साहित्य, नव वर्ष के गौमाता के कैलेण्डर एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु चुग्गा घर दिया गया।

90 निकायों में चुनावी तस्वीर हुई साफ

चुनावी मैदान में कुल 9930 उम्मीदवार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। प्रदेश के 20 जिलों के 90 निकायों में मंगलवार को नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की तस्वीर साफ हो गई है। नाम वापसी के बाद कुल 9930 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त पीएस मेहरा ने बताया कि नाम वापसी की आखिरी तिथि तक 2341 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए, जबकि 50 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। इन सभी निकायों में 28 जनवरी को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा, जबकि मतगणना 31 जनवरी को सुबह 9 बजे से होगी। प्रदेश के अजमेर, बांसवाड़ा, बीकानेर, भीलवाड़ा, बूंदी, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, चूरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर, झालावाड़, झुंझुनूं, नागौर, पाली, राजसमंद, सीकर, टोंक और उदयपुर कुल 20 जिलों के 90 निकायों में मतदान के लिए कुल 30 लाख 28 हजार 544 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 15 लाख 47 हजार 974 पुरुष, 14 लाख 80 हजार 514 महिला और 56 अन्य मतदाता हैं। 3035 वार्डों के लिए 5253 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। सदस्य पद के लिए 11 जनवरी को लोक सूचना जारी होने के साथ नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। नामांकन पत्र भरने की अंतिम अंतिम तिथि तक 15101 उम्मीदवारों द्वारा 18510 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

बर्ड फ्लू: आधा प्रदेश प्रभावित, अब तक 5759 की मौत

17 जिलों में बर्ड फ्लू
219 पक्षी मिले मृत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। प्रदेश में मंगलवार को 219 और पक्षियों की मौत हो जाने के से राज्य में अब तक 5759 पक्षी मिल चुके हैं। राज्य के 33 जिलों में से 17 जिले बर्ड फ्लू संक्रमण से प्रभावित हैं। पशुपालन विभाग के अनुसार 27 जिलों में पक्षियों के 267 नमूनों में से 67 नमूनों की जांच में संक्रमण पाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को 164 कौए, 9 मोर , 24 कबूतर और 22 अन्य पक्षी मृत पाए गए। 25 दिसंबर से अब तक प्रदेश में 4079 कौए, 302 मोर, 456 कबूतर और 922 अन्य पक्षी मृत मिल चुके हैं। पशु पालन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि किसी भी जिले में बर्ड फ्लू से किसी प्रवासी पक्षी की मौत नहीं हुई और पोल्ट्री फार्म भी सुरक्षित हैं। अब तक जयपुर, झुंझुनू नागौर, दौसा, टोंक, करौली, सवाई माधोपुर, हनुमानगढ़,जैसलमेर,पाली, सिरोही, कोटा, बूंदी, बारां,झालावाड़, बांसवाड़ा, चित्तौडगढ़ और प्रतापगढ़ जिलों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है वहीं नागौर, बीकानेर से भेजे गए सैम्पल की रिपोर्ट का इंतजार है।

कहां कितने पक्षी मिले मृत

जयपुर में 73, दौसा में 3, झुंझुनू में 6, भीलवाड़ा में 2, नागौर में 1, कुचामन सिटी में 3, टोंक में 9, भरतपुर में 5,हनुमानगढ़ में 12, जोधपुर में 25, बाड़मेर में 3, जालौर में 1, पाली में 2, कोटा में 29, बारां में 2, बूंदी में 14, झालावाड़ में 3 और चित्तौडगढ़ में 22 पक्षी मृत पाए गए।

अब तक कहां कितने पक्षी मिले मृत

25 दिसंबर से अब तक जयपुर में 1201, अलवर में 81, दौसा 59, झुंझुनू में 223, सीकर में 110, अजमेर में 45, भीलवाड़ा में 83, नागौर में 122, कुचामन सिटी में 140, टोंक में 127, भरतपुर में 97, धौलपुर में 6, करौली में 19, सवाई माधोपुर में 153, बीकानेर में 74, चूरू में 23, हनुमानगढ़ में 242, श्रीगंगानगर में 134, जोधपुर में 323, बाड़मेर में 180, जैसलमेर में 96, जालौर में 38, पाली में 168, सिरोही में 19, कोटा में 544, बारां में 402, बूंदी में 161, झालावाड़ में 544, बांसवाड़ा में 30, चित्तौडगढ़ में 293, डूंगरपुर में 7, प्रतापगढ़ में 7, राजसमंद में 7 पक्षी मृत मिल चुके हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किए निर्देश

26 जनवरी के समारोह में शामिल नहीं होंगे स्कूली विद्यार्थी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। हर साल की तरह इस बार भी 26 जनवरी पर समारोह का आयोजन होगा लेकिन उसमें स्कूली विद्यार्थियों को शामिल नहीं किया जाएगा, ना ही कार्यक्रम में इस बार स्वतंत्रता सैनानियों और वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। सरकार की ओर से जारी किए गए निर्देशों के मुताबिक स्वतंत्रता सैनानियों और वरिष्ठ नागरिकों को समारोह में आमंत्रित करने के स्थान पर उनके घर पर शुभकामना कार्ड भेजे जाएंगे जिसमें कोविड के कारण उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को देखते हुए आमंत्रित नहीं किए जाने की जानकारी दी जाएगी। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी संभागीय आयुक्तों और जयपुर जिला कलेक्टर को छोड़ कर अन्य सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए हैं और उनसे कहा गया है कि वह सभी जिला और संभाग स्तर पर इनकी पालना सुनिश्चित करवाएं।

कोविड थीम पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा लेकिन उनमें बच्चों को शामिल नहीं किया जा सकेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम कोविड की थीम पर आधारित होंगे जिससे लोगों को इस वायरस के प्रति जागरुकता का संदेश दिया जा सके। स्कूल प्रशासन को समारोह का आयोजन तो करना होगा, झंडारोहण भी किया जाएगा लेकिन उसमें विद्यार्थी शामिल नहीं होंगे।

इन नियमों की करनी होगी पालना

- कार्यक्रमों में सामाजिक दूरी होगी जरूरी।
- सभी के लिए मास्क लगाना अनिवार्य ।
- कार्यक्रम स्थल पर थर्मल स्क्रीनिंग और हैंड सेनेटाइजर की पर्याप्त व्यवस्था हो।
- कार्यक्रम स्थल पर सभी को लगाना होगा मास्क
- सांस्कृतिक समारोह में कोविड के प्रति जागरुकता दिखाने वाली झांकियों को किया जाए शामिल
- राज्य सरकार की ओर से स्वीकृत जनजागृति अभियान में शामिल जिंगल और ऑडियो का कार्यक्रम से पहले प्रसारण करवाया जाए।

ANCHOR

संसद की थाली महंगी

बजट सेशन से पहले संसद की कैंटीन में सब्सिडी खत्म

हर साल 17 करोड़ रुपए की बचत होगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

नई दिल्ली। देश में सबसे सस्ते खाने के लिए मशहूर संसद की कैंटीन की थाली महंगी होने वाली है। सरकार ने इसे मिलने वाली फूड सब्सिडी को खत्म कर दिया है। इस कैंटीन में मिलने वाले खाने की कीमत काफी कम होने की वजह से अक्सर सवाल उठाए जाते रहे हैं। सरकार के इस फैसले के बाद अब संसद के सदस्यों, स्टाफ और बाहरी लोगों को सामान्य रेट पर खाना मिलेगा। लोक सभा स्पीकर ओम बिड़ला ने मंगलवार को इस फैसले के बारे में

बताया। उन्होंने कहा कि संसद की कैंटीन में सब्सिडी पूरी तरह हटा दी गई है। इससे हर साल 17 करोड़ रुपए की बचत होगी। 2019 में विंटर सेशन के दौरान ओम बिड़ला ने ही यह सुझाव दिया था। इसके बाद सभी सांसदों ने तय किया था कि वे कैंटीन में किसी भी तरह की सब्सिडी का फायदा नहीं लेंगे।

कैंटीन में 4 रुपए में मिलता है चावल

संसद की कैंटीन में अभी 4 रुपए में चावल मिलता है। डोसा, चावल के साथ नॉनवेज पर मिलने वाली छूट 20 रुपए से लेकर 200 रुपए तक है। 2017-18 में राइट टू इनफॉर्मेशन के जरिए पता चला था कि कैंटीन में कितनी सब्सिडी दी जा रही है। तब चिकन करी 50 रुपए और वेज थाली 35 रुपए में दी जा रही थी। लंच के लिए 106 रुपए तय थे। साउथ इंडियन फूड में प्लेन डोसा सिर्फ 12 रुपए में मिलता था। संसद कैंटीन में खाने पर भारी-भरकम सब्सिडी को लेकर दिसंबर 2015 में मीडिया में आई रिपोर्टों के बाद एक जनवरी 2016 को भी कैंटीन के खाने की कीमतें बढ़ाई गई थी। सांसदों के साथ-साथ वहां का स्टाफ, सुरक्षाकर्मी, पत्रकार और संसद की कार्यवाही देखने के लिए आने वाले लोग अमूमन संसद कैंटीन में ही खाना खाते हैं।

2015 में BJD सांसद ने मांग उठाई थी

2015 में रिपोर्ट्स में सामने आया था कि कैंटीन में खाने की लागत पर 80% तक सब्सिडी दी जाती है। उस समय बीजू जनता दल के सांसद बिजयंत जय पांडा ने स्पीकर को चिट्ठी लिखकर सब्सिडी खत्म करने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि जब सरकार आर्थिक रूप से मजबूत लोगों से LPG सब्सिडी वापस करने के लिए कह रही है तो सांसदों से भी कैंटीन में सब्सिडी की सुविधा वापस ले लेनी चाहिए।

8 अप्रैल तक चलेगा बजट सेशन

स्पीकर ने लोकसभा और राज्यसभा के शेड्यूल के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बजट सेशन 29 जनवरी से 8 अप्रैल तक चलेगा। राज्यसभा की कार्यवाही सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगी। लोक सभा शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलेगी। 29 जनवरी को राष्ट्रपति दोनों सदनों को संबोधित करेंगे। 1 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। 29 जनवरी से 15 फरवरी और 8 मार्च से 8 अप्रैल के बीच सदन की बैठकें होंगी। 15 फरवरी से 8 मार्च के बीच 20 दिन का ब्रेक रहेगा। सितंबर में खत्म हुए मानसून सेशन के बाद पहली बार संसद का कोई सेशन हो रहा है। कोरोना के चलते सरकार ने विंटर सेशन को कैंसल कर दिया था। स्पीकर ने साफ किया कि सभी सांसदों को सेशन में शामिल होने से पहले RT-PCR टेस्ट कराना होगा। यह सभी के लिए मेंडेटरी होगा।

नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों ने विधायक रामलाल शर्मा का जताया आभार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

चौमूं। शहर के सुभाष सर्कल स्थित विधायक निवास पर आज नगर मंडल चौमूं के एसटी मोर्चा अध्यक्ष कमलेश मीणा व एससी मोर्चा अध्यक्ष बंशीधर कुलदीप ने नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा का माला एवं साफा पहनाकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक ने दोनों मोर्चा अध्यक्षों को अपनी अपनी कार्यकारिणी बनाकर भाजपा को मजबूत करने के लिए कहा। दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों ने संगठन को मजबूत करने के लिए आश्वासन दिया। इस मौके पर निवर्तमान जयपुर जिला देहात (उत्तर) उपाध्यक्ष बजरंग लाल सोनी, निवर्तमान फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, महामंत्री मोहन यादव, महेश शेरावत, पार्षद बाबूलाल यादव, पूर्व पार्षद कुंदन सिंह, रामवतार कुलदीप, भागचंद मीणा, राकेश शर्मा, चेतन सैनी, मदन गौरा, सुखदेव मीणा, किशोर, आकाश मीणा, रामचंद्र मीणा, शंकर मीणा, मालीराम, भागीरथ मीणा, महेश मीणा, अंकित कुलदीप पूर्व उपाध्यक्ष सहरिया कॉलेज, रामचरण जलुथरिया, सन्नी कुलदीप प्रचार मंत्री, नरेंद्र जाजोरिया, शंकर बेनीवाल, सुनील बेनीवाल, पूर्व महासचिव कालूराम खटीक, विनोद मीणा, सुरेश चोपड़ा, पवन शर्मा, दामोदर कुमावत, सुरेश कुमावत, सुभाष कुमावत, कौशल मीणा, राजकुमार गरेड, सुरेश, दामोदर सैनी, नाथूराम भावरिया, नवीन पारीक, हेमराज जाजोरिया, शंकर कुलदीप, कुलदीप, जीतू देवतवाल, राहुल, राकेश, लोकेश, पवन, दिनेश, राजेश, महेंद्र कुलदीप, बनवारी कुलदीप, लक्ष्मण बेनीवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शहीद शैलेन्द्र की पुण्यतिथि पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

वीरांगना मीना देवी ने हरी झण्डी दिखाकर किया तिरंगा यात्रा को रवाना

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती खड़ब गाँव में शहीद शैलेन्द्र कुमार मीणा की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई।यात्रा गाँव के जोहड़ वाले शिव मंदिर से शुरू होकर डी.जे.द्वारा देशभक्ति गीत एवं नारों के साथ शहीद स्मारक पर पहुँची।इस दौरान रवाना किया।वंही शहीद स्मारक की विशेष सजावट की गई। कार्यक्र म संयोजक एवं समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने युवाओं से अपने मन में देश भक्ति की भावना जाग्रत करने की अपील की।हनुमान प्रसाद मीणा ने युवाओं को देशभक्ति के जज्बे के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान सरपंच मालाराम गुर्जर, पूर्व सरपंच गोकुल चंद आर्य, प्रहलाद जांगिड़, भूतपूर्व सरपंच दाताराम जाट,राजीव गांधी ब्रिगेड कांग्रेस जिलाध्यक्ष किशन बंसल, समाजसेवी बाबूलाल मीणा,डॉ.अभिलाष मीणा, पूरणमल, मुकेश मीणा,मांगुसिंह शेखावत,प्रभुदयाल मीणा,दिलीप सैनी, शुभम शर्मा, ज्ञानचन्द मीणा,बनवारी लाल जांगिड़ सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

15 स्वास्थ्यकर्मियों के लगाई गई कोरोना की वैक्सीन

किसी भी भ्रामकता में नहीं आवें,कोरोना गाईडलाईन की पालना करें - डॉ.यादव

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

कोटपूतली। राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे कोरोना टीकाकरण अभियान में मंगलवार को कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में 15 स्वास्थ्यकर्मियों के कोरोना की वैक्सीन लगाई गई।अस्पताल के पीएमओ डॉ.अश्वनी गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान में मंगलवार को 8 पुरूष व 7 महिला कर्मियों सहित कुल 15 स्वास्थ्यकर्मियों के टीकाकरण किया गया। जिसमें अभी तक किसी भी स्वास्थ्यकर्मी के टीकाकरण से कोई भी परेशानी नहीं हुई है। मंगलवार को बीसीएमओ डॉ. रामनिवास यादव, बीपीएम विजय तिवाड़ी, राजकीय सरदार जनाना अस्पताल के प्रभारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत, डॉ. दिलीप कुमार पंवार, सहायक कोषाधिकारी रामेश्वर प्रसाद शर्मा आदि ने भी टीकाकरण करवाया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान बीसीएमओ डॉ.रामनिवास यादव ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी भ्रामकता में नहीं आवें,कोरोना गाईडलाईन की पालना करें।वहीं मंगलवार को बीडीएम चिकित्सालय में 17 संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग कर उनके रैंडम सैम्पल भी लिए गये हैं।

किसान आन्दोलन में महिलाओं ने निकाली ट्रैक्टर रैली

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

कोटपूतली। मोदी सरकार के कृषि कानूनों के विरुद्ध प्रदेश से लगने वाली हरियाणा सीमा के शाहजहाँपुर बॉर्डर पर किसान संगठनों का प्रदर्शन लगातार जारी है। महिला दिवस के अवसर पर जन आन्दोलनों के राष्ट्रीय समन्वय, राजस्थान की ओर से महिला किसानों की ट्रैक्टर रैली निकाली गई। जहाँ बड़ी संख्या में महिला किसान ट्रैक्टर के साथ ग्राम शुक्लाबास से शाहजहाँपुर बॉर्डर के लिए रवाना हुई।यहाँ कविता श्रीवास्तव, महेश सैनी व विमल भाई आदि ने ट्रैक्टर रैली को रवाना किया। ट्रैक्टर चलाकर रवाना हुई मंजू रावत एवं निशा यादव आदि ने कहा कि रैली के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि महिला एक किसान भी है जोकि घरों के साथ-साथ खेतों में ट्रैक्टर भी चलाती है। रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया।ग्राम द्वारिकापुरा में भी बड़ी संख्या में ट्रैक्टर रैली के साथ जुड़े। गाँव जगदीशपुरा में सरपंच प्रतिनिधि रामनिवास यादव व युवा नेता विराट यादव ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।पूर्व सरपंच बसंती देवी ने कहा कि गाँव के किसानों के बेटे देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात है तो आईएएस अफसर भी बनकर बैठे हैं।इस दौरान मुम्बई में मॉडलिंग करने वाली निशा यादव ने कहा कि हम किसानों की संतान हैं। अगर खेती पर संकट आया तो कंधे से कंधा मिलाकर मैदान में भी उतरेंगे। इस दौरान ट्रैक्टर रैली का मुख्य चौराहे पर एडवोकेट भोजराज यादव, अमीलाल यादव, अरविन्द सैनी,अशोक आर्य एवं योगेश सैनी ने भी स्वागत किया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान समाजसेवी राधेश्याम शुक्लाबास, सरपंच सचिन यादव,एडवोकेट रामचन्द्र यादव,यादव महासभा अध्यक्ष गिरधारी लाल गुरूजी,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मंजू रावत,पूर्व सरपंच रामौतार यादव, किसान नेता ख्यालीराम, शिवदयाल, हीरालाल, राजेन्द्र यादव,महेन्द्र ठाकुर,घनश्याम यादव, टिंकु मीणा, रमेश यादव गोरधनपुरा, मनोज गुर्जर, विक्रम,बजरंग सिंह, ग्यारसी लाल,बादामी देवी,कमला यादव,मूर्ति कुमावत आदि मौजूद रहे। समाजसेवी राधेश्याम शुक्लाबास ने कहा कि शाहजहाँपुर धरने में तीन ट्रैक्टर लगातार साफ-सफाई व रसद पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।महिला दिवस पर किसान आन्दोलन में महिला शक्ति का परिचय देखने को मिला। जहां महिलायें घरों व खेतों से निकलकर स्वयं ट्रैक्टर चलाकर धरने में पहुँची हैं। आगामी 26 जनवरी को नई दिल्ली में भी होने वाली ट्रैक्टर रैली में भी महिला शक्ति भाग लेंगी।

साधु संतों की मौजूदगी में शुभ मुहूर्त में चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने संभाला पदभार

अब होगा चौमूं का चहुमुखी विकास- सैनी

सुशील अग्रवाल @ जागरूक जनता
jagrukjanta.in/.com

चौमूं। शहर के बस स्टैंड पर स्थित नगरपालिका के परिसर में नवनिर्वाचित चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेवादल प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत, शाहपुरा विधायक आलोक बेनीवाल, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, बगरू चेयरमैन मालूराम मीणा, नगर अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय, अधिशासी अधिकारी सलीम खान के साथ हाथोज धाम बालमुकुंद आचार्य महाराज, अंजनी हनुमान ग्वालिया बाबा महाराज ने कार्यक्रम में शिरकत की। सभी अतिथियों का पार्षदों के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडल एवं विभिन्न समाज के लोगों ने चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी, पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी सहित अतिथियों का माला साफा पहनाकर स्वागत किया। चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने साधु-संतों व कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में शुभ मुहूर्त दोपहर 1:15 बजे कार्यभार संभाला। मुख्य अतिथियों व पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी द्वारा नव निर्मित भवन हेल्पलाइन सेंटर नगरपालिका चौमूं का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक आलोक बेनीवाल ने बताया कि चौमूं की जनता ने कांग्रेस पार्टी को ऐतिहासिक जीत दी है।

भाजपा द्वारा पिछले 10 वर्ष में नगरपालिका चौमूं में भ्रष्टाचार व अपनों का विकास के अलावा कोई विकास कार्य नहीं किया है। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने बताया कि यह ऐतिहासिक विजय चौमूं की जनता के विश्वास की व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत की है। घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा किया जाएगा व सभी वार्डों में विकास कार्य करवाया जाएगा। चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने संबोधन में कहा कि नगरपालिका क्षेत्र में सरकार द्वारा संचालित सामाजिक पेंशन, खाद्य सुरक्षा योजना मैं सभी पात्रों को शामिल किया जावेगा। शहर के सौंदर्यकरण हेतु कचरा प्रबंधन, नालियों का निर्माण, सड़कों का जिणोद्वार व नई सड़कों का निर्माण करवाना, प्रत्येक वार्ड में रोड लाइट लगवाना, नगरपालिका में पेयजल समस्या की स्थाई समाधान हेतु बिसलपुर का पानी लाने के लिए राज्य सरकार से पुरजोर कोशिश करेंगें। जेडीए द्वारा नई कॉलोनियों का नियमन कराने को प्राथमिकता दी जावेगी। शहर की सफाई व्यवस्था हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी किया जावेगा। इस अवसर पर विभिन्न व्यापार संगठनों व समाज संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा नव निर्वाचित चेयरमैन का सम्मान किया गया। इस मौके पर पार्षदगण, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, सेवादल के कार्यकर्ता व हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व आमजन समारोह में मौजूद रहे।

चेयरमैन ने गिनाई उपलब्धियां

कांग्रेस सरकार के शासनकाल में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने चौमूं क्षेत्र में महिला महाविधालय की स्थापना, आरटीओ कार्यालय की स्थापना करवाई गई। चौमूं नगरपालिका क्षेत्र के लिए 26 करोड रुपये सडक निर्माण हेतु स्वीकृत करवाये गये। जो कार्य भी प्रगति पर है। रेनवाल रोड नाला व अण्डरपास के आगे सीसी रोड का निर्माण करवाया। जेडीए से कृषि भूमि का आवासीय नियमन करवाया गया। गोविन्दगढ में इंगलीश मिडियम स्कूल की स्थापना करवाई गई। चौमूं में खेल स्टेडियम हेतु जमीन का आवंटन तथा चार दीवारी का निर्माण करवाकर आमजनता को समर्पित करवाया। जन सुविधाओं का विकास करते हुए जयपुर चौमूं के लिए लो फ्लोर बसें तथा थाना मोड से मोरीजा रोड पर परिवहन बत्ती की सुविधा उपलब्ध करवाई। चौमूं क्षेत्र के बुनियादी विकास में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी की सराहनीय भूमिका रही है। इस दौरान मंगल चंद सैनी सरपंच मोरीजा, योगेश्वर दास शर्मा सरपंच प्रतिनिधि विमलपुरा, जगदीश प्रसाद यादव पूर्व पंचायत समिति सदस्य, श्रवण कुमार यादव सरपंच जयसिंहपुरा, श्रवण कुमार यादव पूर्व अध्यक्ष, कौशल तंवर, अनिल सैनी, अर्जुन सैनी, गांधी लाल सैनी, प्रकाश सैनी, सीताराम बाजार, अशोक जी पूर्व पार्षद, फिरोज भाई, मूफादिए खान, शैलेंद्र चौधरी, सुरेश फौजी गोविंदगढ़, पहलाद शर्मा, लालाराम गुलिया, गोपाल गुलिया, शरद चंद चौहान, भीम सिंह लांबा, कजोड़ मल यादव सरपंच हस्त्रेड़ा, हरफूल गढ़वाल लस्स, कैलाश यादव पंचायत समिति सदस्य, सांवरमल चौधरी पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, कृष्णकांत जोशी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, नानकराम लंबा, मदन बजाज, गिर्राज देवंदा जिला उपाध्यक्ष, मदन टोडावता अध्यक्ष सरपंच संघ, बाबूलाल टोडावता पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष, मनोहर कुमावत, मनीष शामरिदा नांगल, मुकेश कुमार उदयपुरिया सरपंच, नंदू राम यादव सरपंच प्रतिनिधि, अशोक यादव सरपंच प्रतिनिधि, शंभू सैनी जिला सेवादल, कमल सिंह यादव, श्याम लाल शर्मा, शंकर लाल चतुर्वेदी पूर्व इकाई अध्यक्ष, राजेश वर्मा पूर्व सरपंच, रामस्वरूप कुमार पूर्व सरपंच उदयपुरिया, गुला राम यादव पूर्व सरपंच, सागरमल लांबा, मालीराम यादव पूर्व मैनेजर, मुकेश शर्मा पूर्व पंचायत समिति सदस्य, सांवरमल सैनी पं स सदस्य, कल्याण सहाय शर्मा पूर्व सरपंच जाटा वाली आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोदी सरकार पूंजीपति घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए तीन काले कानून लाई है - सैनी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

चौमूं। शहर के बस स्टैंड पर स्थित नगरपालिका के सामने चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी के सानिध्य में कांग्रेश कार्यकर्ताओं द्वारा दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों की याद में कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान किसानों ने शहीद किसानों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने कहा कि किसान और किसानी को खत्म करने व पूंजीपति घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार इन तीन काले कानूनों को लेकर आई है। देश का किसान इतनी भंयकर सर्दी के दौरान दिल्ली में अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे है इस दौरान कई किसान अपने हक की लड़ाई में जान गवा चुके है। लेकिन सरकार हठधर्मिता अपनाकर आंखें मूंदे बैठी है। जो किसान इस देश का पेट पालता है वह मोदी सरकार राज में अपने हकों को लेकर सड़कों पर है। इस मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रकला नागोरी, शिल्पा सौंकरिया, राजकुमार शर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष मदन लाल टोडावत, भीम सिंह लांबा, पार्षद अर्जुन लाल सैनी, एडवोकेट धीरेंद्र सैनी, रमेश चंद्र सैनी, फिरोज नागोरी, आमिर खान, अनिल सैनी, इमामुद्दीन कुरेशी, महेश नायक, कमल भातरा, आलम खां, संजय योगी, सुभाष सैनी, रवि बागोरिया, जीतू सैनी, जीएसएस तंवर, नानूराम पंडा, डॉ. नरसी लांबा, मांगीलाल बलेसरा, सरवण बागड़ी, मुन्ना पठान, अश्विन वर्मा, अजय जाटावत, कैलाश जमालपुरिया, अर्जुन सौंकरिया, पवन सोनी, प्रेम नागौरी, मधु नागोरी, आशीष गोठवाल, पवन वर्मा, गोलू पवार, नितेश तानावाड, पूरण बाबा, सांवर चौधरी, एमडी भादरा, शंकर यादव, महेंद्र यादव, राकेश इंदौरा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी।

कोरोना वायरस

रोगियों के इलाज में मददगार चेस्ट फिजियोथेरेपी

जागरूक जनता jagrukjanta.in
विचार
डॉ. केसर चौधरी

कोरोना संक्रमित के कई लक्षणों में सांस लेने में दिक्कत भी एक प्रमुख लक्षण माना गया है। इसका सीधा संबंध फेफड़ों से है। कोरोना के अलावा फेफड़ों के ऐसे कई रोग हैं, जिन्हें खतरनाक समझा जाता है जैसे-अस्थमा, सीओपीडी, सिस्टिक फाइब्रोसिस, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी आदि। जब फेफड़े ठीक से काम नहीं करते या इससे जुड़ी गंभीर बीमारी हो तो डॉक्टर कुछ थेरेपी करवाते हैं। ये इलाज में कारगर होती हैं। डॉक्टरी भाषा में इसी को चेस्ट फिजियोथेरेपी कहा जाता है। इसी को सीपीटी या चेस्ट पीटी भी कहते हैं।

कब दी जाती है चेस्ट फिजियोथेरेपी

वर्ल्ड कंफेडरेशन फॉर फिजिकल थेरेपी' की पत्रिका में साफ लिखा है कि कोविड-19 से निपटने के लिए क्या गाइडलाइन हैं। इसमें कहा गया कि शुरुआती लक्षणों के दिखते ही एकदम थेरेपी नहीं दी जानी चाहिए। हां, निमोनिया जैसी स्थिति से लेकर कोरोना के गंभीर मरीजों को चेस्ट फिजियोथेरेपी दी जाएगी। सांस लेने में दिक्कत होने पर चेस्ट फिजियोथेरेपी की सलाह दे सकते हैं। इस थेरेपी में एक ग्रुप होता है। इसमें पॉस्च्युरल ड्रेनेज, चेस्ट परक्यूजन, चेस्ट वाइब्रेशन, टर्निंग, डीप ब्रीदिंग जैसी कई थेरेपी शामिल होती हैं। इनसे फेपड़ों में जमा बलगम बाहर निकालने में मदद मिलती है।.चेस्ट फिजियोथेरेपी का लाभ लेकर खुद को मरीज पूरी तरह से ठीक और तंदुरुस्त कर सकते हैं.

फेफडों के अंदर गुब्बारे जैसी संरचना

- 9 हजार लीटर तक हवा की जरूरत होती सांस लेने के लिए इंसान को हर रोज
- 17.5 मिलीलीटर पानी बाहर सांस छोड़ते हुए फेंकता है,जब एक इंसान आराम की स्थिति में होता है
- 30 करोड़ गुब्बारों जैसी संरचना होती है इंसान के फेफड़ों के भीतर

लेखक, फिजियोथेरेपी विभाग, दादू दयाल हॉस्पिटल,नरायना(जयपुर) है

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश अध्यक्ष पूनिया का स्वागत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

चौमूं। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया का जयपुर से सालासर जाते समय चोमू भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आज बाईपास स्थित आर.चंद्रा रिसोर्ट चौमूं एवं उदयपुरिया मोड़ पर भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया किया। भाजपा मुख्य प्रवक्ता और विधायक रामलाल शर्मा ने प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया ने कहा कि आप सभी ऊर्जावान कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और आज जो आपने मुझे प्यार एवं स्नेह दिया है उसके लिए आप सभी का बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूँ। कार्यक्रम के पश्चात सैकड़ो कार्यकर्ता प्रदेशाध्यक्ष के काफिले के साथ सालासर बालाजी के दर्शनों के लिए रवाना हुए।

इस मौके पर भाजपा जयपुर जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा (उत्तर) और रामानंद गुर्जर (दक्षिण), निवर्तमान जयपुर जिला देहात (उत्तर) उपाध्यक्ष बजरंग सोनी, नगर मंडल अध्यक्ष गजानन्द कुमावत, कालाडेरा मंडल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष साधुराम गुर्जर, बांसा मंडल अध्यक्ष श्रीराम शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आशा शर्मा बनी चौमूँ नगर उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ)

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

चौमूं। ब्राह्मण समाज राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पंडित अंबिका प्रकाश पाठक एवं (महिला प्रकोष्ठ) जिला सरक्षकं उर्मिला देवी शर्मा कि अनुशंसा पर (महिला प्रकोष्ठ) चौमूँ नगर अध्यक्ष ममता शर्मा ने गणेश विहार, चौमूँ निवासी आशा शर्मा को चौमूँ नगर उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति पत्र देकर नियुक्त किया इस दौरान आशा शर्मा ने कहा कि चौमूँ नगर अध्यक्ष ममता शर्मा के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाऊंगी।

ANCHOR कार्यशाला

खनिज खनन की न्यूनतम अपव्यय-अधिकतम दोहन की तकनीक विकसित हो-अजिताभ शर्मा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। माइंस व पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने कहा कि खनिज खनन की न्यूनतम अपव्यय और अधिकतम दोहन की तकनीक विकसित करनी होगी ताकि खनिज संपदा के अपशिष्ट के रूप में अनावश्यक अपव्यय को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि खनिज खोज से लेकर खनन कार्य की समाप्ति तक की सभी गतिविधियों को समग्र परिप्रेक्ष्य में देखना होगा। प्रमुख सचिव माइंस शर्मा ने सोमवार को जयपुर में राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास (एनएमईटी) की पश्चिमी जोन की कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। कार्यशाला में राजस्थान और गुजरात के माइंस से जुड़े विषेषज्ञ अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाओं में उद्योगों के प्रतिनिधियों की भी भागीदारी तय करनी चाहिए ताकि उनके अनुभवों को साझा किया जा सके।

अजिताभ शर्मा ने कहा कि खनन कार्य में लगी संस्थाओं व उद्योगों को क्षेत्र के प्रति सामाजिक सरोकारों को समझना होगा और खनन क्षेत्र के निवासियों, खनन श्रमिकों के लिए शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी गतिविधियों व वहां के पर्यावरण संरक्षण, संरचनात्मक सुविधाओं के विकास आदि कार्यों के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि एनएमईटी और डीएमएफटी कोष में उपलब्ध राशि का उपयोग खनन क्षेत्र के निवासियों को आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता और पर्यावरण सुधार के लिए किया जाना चाहिए। प्रमुख सचिव माइंस ने कहा कि राजस्थान में विपुल खनिज संपदा है। राज्य सरकार सस्टेनेबल खनन पर जोर दे रही है। एनएमईटी द्वारा खनिज खोज कार्य में तेजी लाने और खनि संपदा से जुड़ा डेटा पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराने से इस क्षेत्र में बड़ी मात्रा में निवेश होगा। उन्होंने एमएमडीआर एक्ट के प्रावधानों के सरलीकरण की आवश्यकता प्रतिपादित की। महानिदेशक जीएसआई और सीएमडी एमईसीएल रंजीत रथ ने कहा कि खनिज खोज का कार्य बेहद खर्चिला और जोखिम भरा होने के बावजूद देश में खनिज संपदा के खोज का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े खनिज ब्लॉकों को छोटे छोटे ब्लॉकों में विकसित किया जाता है और अत्यधिक छोटे ब्लॉकों को कुछ ब्लॉकों को मिलाकर विकसित कर ऑक्शन किया जाता है तो बोलीदाताओं की भागीदारी बढ़ेगी और लाभकारी राजस्व भी प्राप्त हो सकेगा। रंजीत रथ ने कहा कि कोविड के दौरान बेसलाइन डेटा संग्रहण का अच्छा काम हुआ है। वहीं खनन क्षेत्र में खोज व इनोवेटिव आइडियाज को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

एडीजी जीएसआई आरवी रमणमूर्ति ने बताया कि राजस्थान व गुजरात मेन खनि संपदा का अथाह भण्डार है। उन्होंने बताया कि खनि क्षेत्र में खोज गतिविधियों को बढ़ावा व इस क्षेत्र में समन्वय के लिए एनएमईटी का 2015 में गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि आधुनिकतम तकनीक के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं एमएमडीआर एक्ट में आवश्यकता के अनुसार संशोधन कर उसे सरल बनाया गया है। निदेशक एनएमईटी अमित सरन ने कहा कि माइनिंग क्षेत्र की देश की जीडीपी में 2.3 फीसदी हिस्सेदारी है जिसे बढ़ाने के समग्र प्रयास किए जा रहे हैं। अरावली संस्था के अमर सिंह राठौड़ ने एमएमडीआर एक्ट में आवश्यक बदलाव करने और डेटा बेस को साझा करने की आवश्यकता प्रतिपादित की। एक दिवसीय कार्यशाला में राजस्थान और गुजरात में खनिज खोज संभावनाओं पर मंथन किया गया। कार्यशाला में राजस्थान व गुजरात के अधिकारियों के साथ ही जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया, एनएमईटी आदि के विशेषज्ञ व अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

सुमन राठौड़ झाझड देश की कई साहित्यिक संस्थाओं से सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

झुंझुनूं। झाझड गाँव की बहू सुमन राठौड़ पत्नी शक्ति सिंह शेखावत ने कोरोना काल में हिंदी साहित्य में गद्य एवं पद्य की कई विधाओं में रचनाएं रचित कर बहुत ही कम समय में कई प्रतियोगिताओं की प्रतिभागी बन राष्ट्रीय मंचों पर मिले सम्मान पत्रों से कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं।कोरोना काल में अब तक देश की कई साहित्यिक संस्थाओं से आनलाइन प्रतिभागी बन 100 से अधिक हिंदी साहित्य में सम्मान पत्र अपने नाम कर चुकी है। देश की बीस से अधिक पत्र- पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं समय समय पर प्रकाशित होती रही है । इसके साथ ही ई से निकलने वाले समाचार पत्र हम हिन्दुस्तानी में उनकी तीन रचनाएं पल्लाधाय , कुछ न कुछ सिखाए प्यार/यार/हार और श्रीराम केवट मिलन प्रकाशित हो चुकी है ।हाल ही राष्ट्रीय कवि संगम कर्नाटक के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने देशभर के रचनाकारों में तृतीय स्थान प्राप्त कर हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं मकर संक्रांति पर कलम की सुगंध सृजन शाला के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता किसान पर उन्हें द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर काव्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। साहित्य संगम संस्थान उतरप्रदेश के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता बनने पर काव्य शक्तिपुंज सम्मान एवं साहित्य संगम संस्थान नारी सुवास मंच की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में युवा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया ।कलम बोलती है साहित्य मंच के द्वारा साहित्य मणि सम्मान से सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की। सुमन राठौड़ ने बताया लेखन के प्रति रूचि उन्हें कोरोना काल में ही हुई और गृहस्थ कार्यों के बाद जब भी उन्हें खाली समय मिलता है लेखन में रूचि लेती है एवं कुछ नया सीखने की जिज्ञासा रहती है ।झाझड गाँव की ये घूंघट में रहने वाली बहु एक प्रखर कलमकार ही नहीं ,निजी शिक्षण संस्थान में शिक्षिका, एक सामाजिक कार्यकर्ता के साथ ओजस्वी वक्ता भी रही है। हिंदी साहित्य के लेखन में साहित्यिक संस्थाओं से मिले सौ से अधिक सम्मान एवं इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार ,सही मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन देने वाले भाई बहनों को देती है जिससे लेखन के प्रति रूचि बढ़ी।

उत्कृष्ट कार्यो के लिए डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास को किया सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के एम.डी स्कॉलर डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास को सक्षम संस्था जयपुर,राजस्थान ने सामाजिक व कोरोना वायरस वैश्विक महामारी मे किये गये सराहनीय जनसेवा कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि डॉ भूपेंन्द्र शर्मा को कोरोना वायरस आपदा मे जनसेवा कार्यो हेतु देश भर से विभिन्न प्रांतो के करीब 30 सामाजिक संगठन सम्मानित कर चुके है। डॉ शर्मा आयुर्वेद के प्रचार -प्रसार तथा विभिन्न प्रकार के समाज हित कार्यो मे अहम भूमिका निभा रहे है। पौधारोपण, स्वच्छता अभियान के लिए भी निरंतर रुप से लोग को जागरुक कर धरातल स्तर पर कार्य कर रहे है। डॉ शर्मा ने सम्मानित करने पर सक्षम संस्था जयपुर कार्यकारणी समूह का आभार प्रकट किया।

नारायण सेवा ने नवनियुक्त एडीएम सिटी का किया स्वागत

उदयपुर @ जागरूक जनता। नवनियुक्त अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) अशोक कुमार का मंगलवार को स्वागत अभिनन्दन किया गया। उन्होंने सेवा कार्यों की सराहना करते हुए अवलोकन का आमंत्रण स्वीकार किया। संस्थान के मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा हितैषी व जनसंपर्क अधिकारी भगवान प्रसाद गौड़ ने पगड़ी, उपरणा पहनाकर संस्थान का साहित्य भेंट किया।

बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा होगी

जयपुर @ जागरूक जनता। बिहार समाज संगठन जयपुर जिला की ओर से बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी व वरिष्ठ पदाधिकारी छोटु मंडल ने किया। सोशल डिस्टेंस को ध्यान में रखते हुए मास्क व एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखा गया । समाज के प्रवक्ता संजीव कुमार सिंह ने बताया कि बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में हर साल की भांति इस वर्ष भी माता सरस्वती की पूजा अर्चना धूमधाम से मनाया जाएगा । बैठक में समाज के पदाधिकारी ललित दास, विजय कश्यप, दिलीप महतो, रघुवीर राय, मदन राय, समाज के मिडिया प्रभारी रौशन झा व समाज सेवी एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से भाग लिया । सरस्वती पूजा के लिए मुख्य रूप से चर्चा और विचार-विमर्श किया गया ।बैठक में सभी उपस्थित सदस्यो ने प्रस्ताव पारित करते हुए बसंत पंचमी पर होने वाली श्री सरस्वती पूजा 16 फरवरी को मनाई जाएगी ।

राजस्थान लोक सेवा आयोग

जूनियर लीगल ऑफिसर पदों के इंटरव्यू अब 1 फरवरी को

अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित किए जा रहे जूनियर लीगल ऑफिसर पदों के इंटरव्यू में आंशिक बदलाव किया गया है। नगर निकाय चुनाव को देखते हुए 28 जनवरी को होने वाले इंटरव्यू अब 1 फरवरी को होंगे। इस संबंध में आयोग की ओर से मंगलवार को दिशा निर्देश जारी किए गए। आयोग की संयुक्त सचिव नीतू यादव ने बताया कि जूनियर लीगल ऑफिसर (विधि एवं विधिक कार्य विभाग) के पदों के लिए साक्षात्कार 11 से 29 जनवरी 2021 तक आयोजित किए जा रहे हैं। राज्य में 28 जनवरी को नगरीय निकायों के आम चुनाव होने के कारण 28 जनवरी को होने वाले साक्षात्कार अब 1 फरवरी को होंगे। इंटरव्यू का बाकी कार्यक्रम यथावत रहेगा।

कृषि अधिकारी पद के लिए परीक्षा में 58% अभ्यर्थी हुए शामिल

उधर, मंगलवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा कृषि अधिकारी पदों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। जयपुर और अजमेर में हुई इस परीक्षा में करीब 58 परसेंट उपस्थिति रही। आयोग अब जल्द ही इस परीक्षा का मॉडल पेपर वेबसाइट पर जारी करेगा। आयोग की ओर से सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक अजमेर के 5 और जयपुर के 30 यानी कुल 35 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। आयोग सचिव शुभम चौधरी ने बताया कि इस परीक्षा के लिए प्रदेश भर से 6703 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे। इनमें से 3877 ने परीक्षा दी और 2826 अनुपस्थित रहे। कुल उपस्थिति 57.84% रही।

जयपुर में 57.84% और अजमेर में 57.82% उपस्थिति

आयोग की ओर से अजमेर और जयपुर की उपस्थिति अलग-अलग भी जारी की है। जयपुर में इस परीक्षा के लिए 5565 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे। इनमें से 3219 ने परीक्षा दी और 2346 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जयपुर में 57.84% उपस्थिति रही । इधर, अजमेर में इस परीक्षा के लिए 1138 अभ्यर्थी कॉल किए गए थे। इनमें से 658 परीक्षा देने पहुंचे और 480 अनुपस्थित रहे । अजमेर में 57.82% उपस्थिति दर्ज की गई।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्विद्यालय : सीओडी की बैठक में निर्णय, परीक्षा प्रणाली का नवाचार

फाइनल मार्कशीट पर अब नहीं लिखा जाएगा सप्लीमेंट्री (पूरक)

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

उदयपुर। अकादमिक नवाचारों और परीक्षा प्रणाली में सुधारों को लेकर एक बार पुनः मोहनलाल सुखाड़िया विश्विद्यालय ने अनुकरणीय निर्णय लिया है, ताकि विद्यार्थियों को आजीवन सम्मानजनक अकादमी के अवसर प्राप्त हो सके और उनका मनोबल में वृद्धि हो।

नवीन निर्णय के तहत मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के वह विद्यार्थी जो सप्लीमेंट्री से उत्तीर्ण होते हैं उनकी फाइनल मार्कशीट पर अब सप्लीमेंट्री अंकित नहीं होगा बल्कि केवल पास या फेल ही अंकित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ कुंजन आचार्य ने बताया कि उक्त निर्णय शुक्रवार को कुलपति प्रोफ़ेसर अमेरिका सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कॉउंसिल ऑफ डीन (सीओडी) की बैठक में लिया गया। आमतौर पर सप्लीमेंट्री से पास होने वाले विद्यार्थी की फाइनल मार्कशीट पर सप्लीमेंट्री से पास अंकित रहता है जिससे विद्यार्थी को भविष्य में आगे के अध्ययन अथवा अन्य किसी रोजगार के लिए आवेदन में दिक्कत का सामना ना करना पड़े इसलिए फाइनल मार्क्सशीट पर केवल पास या फेल लिखा जाएगा। उस पर अब सप्लीमेंट्री नहीं लिखा जाएगा। इसके साथ ही 18 जनवरी से कॉलेज खोलने, कक्षाएं शुरू करने एवं उसकी तैयारियों की समीक्षा भी की गई। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत क्षमता के अनुसार बुलाया जाएगा। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए तमाम सुरक्षा के इंतजाम करते हुए कक्षाएं शुरू की जाएगी। ऑफलाइन क्लास के दौरान शिक्षक अन्य बच्चों को जो कक्षा में उपस्थित नहीं हुए हैं उनको ऑनलाइन माध्यम से जोड़ेगा इस प्रकार ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनो ही माध्यम से छात्र जुड़े रहेंगे।

बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि लॉकडाउन के दौरान सरकार द्वारा तय किये गए फार्मूले के तहत विभिन्न कक्षाओं के प्रमोट किए गए विद्यार्थी यदि अपने अंकों से संतुष्ट नहीं है तो उनके लिए विशेष परीक्षा का इंतजाम किया जाएगा। कुछ पेपर में अंक सुधार के लिए परीक्षा फार्म शीघ्र ही भरे जाएंगे।

विद्यार्थी के अकादमिक दस्तावेज उसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि का आजीवन मूल्यांकन करते हैं,ऐसे में अंकतालिका किसी भी प्रकार की टिप्पणी उनके कैरियर और मनोबल को प्रभावित करती है। सुनहरे भविष्य की परिकल्पना ऐसी प्रणालियों से दम तोड़ देती है और विद्यार्थी का उत्साह शून्य हो जाता है। अंक तालिका में किए गए इस नवाचार से हमने विद्यार्थी को सम्मान देने का सफल प्रयास किया है। समय-समय पर प्रचलित प्रणालियों का विश्लेषण किया जाना चाहिए ताकि उनकी विसंगतियों को दूर किया जा सके एवं विद्यार्थियों के लिए नवाचार किया जा सके।

पंचायतों के वित्तीय अधिकारों में की जा रही कटौती को तुरन्त बहाल करे सरकार-आक्या

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

चित्तौडगढ। चित्तौडगढ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने ग्राम पंचायतो के ब्याज रहित पीडी खाता खोलने और संवैधानिक वित्तीय अधिकारों में की जा रही कटौती को रोकने के संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा।

विधायक प्रवक्ता गिरीश दीक्षित ने बताया कि राजस्थान सरपंच संघ जयपुर के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या को ज्ञापन सौपकर पंचायतो के ब्याज रहित पीडी खाता खोलने और संवैधानिक वित्तीय अधिकारों में की जा रही कटौती को रोकने का अनुरोध किया गया। इसी क्रम में विधायक आक्या ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ग्राम पंचायतों के संवैधानिक वित्तीय अधिकारों में कटौती करने के आदेश को तुरन्त प्रभाव से समाप्त करने का आग्रह किया। विधायक आक्या ने बताया कि वित्त विभाग के उच्चाधिकारियों की ओर से ग्राम पंचायत के वित्तीय स्वायत्तता और संवैधानिक अधिकारों पर कुठराघात करते हुए ग्राम पंचायतों के ब्याज रहित पीडी खाते खोल दिये है, वित्त विभाग ओर ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के यह निर्देश पंचायतीराज संस्थाओं को सीधे राशि हस्तांतरित करने के संवैधानिक अधिकारों के पूर्णतया विपरीत है। राज्य सरकार के वित्त विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों की राशि को पीडी खाते में हस्तांतरित कर ग्राम पंचायतों के सामुदायिक विकास के हक और अधिकार की राशि को अन्य कार्यो में उपयोग करने की मन्शा जाहिर हो रही है। ग्राम पंचायतों को विकास की राशि नहीं मिल पा रही है जिससे पंचायतों में समस्त विकास कार्य ठप्प पड़े है। विधायक आक्या ने कहा कि महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की जो परिकल्पना की थी सरकार का यह कदम ठीक इसके विपरित है। अतः मुख्यमंत्री महोदय से पत्र के माध्यम से यह आग्रह किया गया है कि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज के कार्य अवरूद्ध नहीं हो इस हेतु वित्त एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को पूर्वानुसार ही पंचायतीराज संस्थाओं के खाते में राशि हस्तांतरित किये जाने की व्यवस्था कायम रखें।

कोटपूतली सीमेंट वर्क्स में हुआ 32 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

नियम पालना से ही दुर्घटनाओं से बचाव सम्भव-तिवारी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मोहनपुरा स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के यूनिट कोटपूतली सीमेंट वर्क्स के ट्रक यार्ड में 32वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिट हैड सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि यातायात नियमों की पालना करके स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा की जा सकती है। इस दौरान तिवारी ने कहा कि कोरोना महामारी से हुई मौतों के आंकड़े इतने नहीं हैं,जितना कि देश में हुई सड़क दुर्घटनाओं के हैं। इसके लिए हमें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। सुरक्षा हमेशा स्वयं से शुरू होती है जो जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होने कहा कि कंपनी परिसर में विभिन्न जगहों पर कई तरह के सुरक्षा सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उपाध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशासन नवनीत जेटली ने ड्राईवरों एवं ट्रांसपोर्टरों को ट्रक यार्ड व प्लान्ट परिसर में सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके तहत वर्षभर में विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये ट्रक यार्ड परिसर को स्वच्छ रखने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने विगत 5 वर्षों में सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु के आंकडो की जानकारी भी दी। रवि कुमार नूने उपाध्यक्ष तकनीकी, चन्द्रशेखर पाण्डे सेफ्टी प्रमुख, प्रबीर चटोपाध्याय विभागाध्यक्ष, महिपाल सिंह लॉजिस्टिक विभाग आदि ने भी सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

संजय झां ने सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस मौके पर डिप्टी मैनेजर सीएसआर संजीव कुमार सिंह ने कहा कि यह सड़क सुरक्षा सप्ताह 18 जनवरी से 24 जनवरी तक मनाया जायेगा। जिसकी थीम 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' है। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान योगेश मल्हौत्रा उपाध्यक्ष वित, चन्द्रशेखर पाण्डे, अजयपाल बेदी, मानस बेहरा, गिरवर लाल मीणा, नितिन चांडक, राजकुमार सिंह, रामनिवास सहित वाहन मालिक, ट्रक ड्राईवर व खलासी मौजूद रहे।

जयपुर पुलिस महानिरीक्षक हवासिंह घुमरिया ने किया क्षेत्र का दौरा

जब तक अपराधी को छिपने की जगह मिलती है, वह अपराध करता रहता है-आईजी घुमरिया

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

कोटपूतली। कस्बे के दुर्गा माता मंदिर के सामने स्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जयपुर पुलिस महानिरीक्षक हवासिंह घुमरिया को जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ.शंकरदत्त शर्मा,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां,डीएसपी दिनेश कुमार यादव एवं सुरेन्द्र कुमार कृष्णिया, रतनाराम देवासी, कोटपूतली पुलिस थानाधिकारी दलीप सिंह,पनियाला थाना प्रभारी इन्द्राज सिंह, सरूण्ड थाना एसआई कबुल सिंह,प्रागपुरा थाना प्रभारी बृजेश ज्योति उपाध्याय आईपीएस, विराटनगर थाना प्रभारी अनीता मीणा, शाहपुरा थाना एसआई राजेन्द्र सिंह, मनोहरपुर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह व अमरसर थाना प्रभारी हरिराम आदि की मौजूदगी में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इस दौरान आईजी घुमरिया ने कहा कि पदभार संभालने के बाद पूरे रेंज से मुखातिब होने के उद्देश्य से जयपुर एवं भिवाड़ी ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस के सभी जवानों एंव अधिकारियों से मुलाकात करनी है। वंही उन्होंने कहा कि पुलिस के जवान और अधिकारी मुझसे क्या अपेक्षा रखते हैं,यह सब जानने के साथ-साथ आपराधिक गतिविधियों पर किस प्रकार अंकुश लगाया जा सकता है।यह सब जानने के उद्देश्य से ही मैने क्षेत्र का दौरा किया है।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि प्रेस वार्ता के दौरान आईजी घुमरिया ने कहा कि तकनीकि समयानुसार अपने हिसाब से बदलती रहती हैं। नयी-नयी तकनीकी आती रहती हैं लेकिन मेरा मानना है कि पुलिस आज भी मूलभूत आधार पर ही आधारित है यानि अपराधी को पकड़ने पुलिस को ही जाना पड़ेगा।

अपराधी तक पहुँचने में तकनीकी चाहे जो भी अपनाई गई हो।आईजी घुमरिया ने कहा कि अपराधी तब तक अपराध करता रहता है जब तक कि उसे छिपने की जगह मिलती रहती है और जब तक उसके अपराध का प्रतिकार आमजन नहीं करता तब तक उसे पकड़ पाना आसान नहीं होता। जिस दिन आमजन प्रतिकार करने लग जाता है अपराधी पकड़ में आ जाता है या वह अपराध छोड़ देता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अपराधी की जानकारी मिले या अपराध गठित होते हुए दिखे तो पुलिस को सूचित कर जागरूकता का परिचय देवें एवं आवश्यकता हो तो मुझसे भी सीधा सम्पर्क किया जा सकता है। पुलिस नफरी बढ़ाने को लेकर उन्होंने कहा कि पुलिस की नफरी एसपी के पास होती है इसके बावजूद हमारी कोशिश होती है कि जहां आपराधिक गतिविधियां ज्यादा होती हैं,वहां व्यवस्था के लिए पुलिस के जवानों की पूर्ति करवाई जाती है।

इस बार पहली बार सड़क सुरक्षा माह

घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाने पर मिलेगा इनाम, वॉरियर का तमगा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2021 शुरू हो गया है। पहली बार एक माह के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सड़क सुरक्षा माह 18 जनवरी से 17 फरवरी तक मनाया जाएगा। सड़क सप्ताह सुरक्षा का उद्घाटन मुख्य अतिथि परिवहन एवं सैनिक कल्याण मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने किया। खाचरियावास ने कहा हम सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों का सम्मान करेंगे और इन्हें सड़क सुरक्षा वॉरियर का सर्टिफिकेट तथा नकद राशि भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर का दायरा बढ़ा है साथ ही एक्सीडेंट भी बढ़े हैं। जल्द ही रोड सेफ्टी काउंसिल की बैठक में इसे लेकर चर्चा की जाएगी। इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की कमी हुई है, यह अच्छी बात है।

परिवहन आयुक्त रवि जैन ने कहा- हम चाहते हैं, प्रदेश में दुर्घटना नहीं हों। यदि दुर्घटना हो तो अस्पताल में तुरंत बेहतर इलाज मिले। रोड इंजीनियरिंग के जरिए दुर्घटना स्थलों को सुधार रहे हैं। कार्यक्रम में आदर्श नगर विधायक रफीक खान और जयपुर हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर एडीजी ट्रैफिक स्मिता श्रीवास्तव, डीसीपी ट्रैफिक आदर्श सिद्धू, जयपुर आरटीओ राकेश शर्मा और अपर आयुक्त महेन्द्र खींची सहित परिवहन अधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर एक एनजीओ से जुड़े कलाकारों ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने और दुर्घटनाओं से बचाव का संदेश देने वाला नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बाद जवाहर सर्किल से मंत्री ने ट्रैफिक पुलिस की जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई।

रोडवेज बसों में जल्दी लग जाएगा पैनिक बटन

परिवहन मंत्री ने कहा केन्द्र सरकार ने मोटर व्हीकल एक्ट में जुर्माना बहुत ज्यादा बढ़ा दिए हैं। अब हम इसमें कुछ संशोधन कर रहे हैं और जुर्माना राशि कम करेंगे। महिला सुरक्षा के लिए राज्य में बसों में पैनिक बटन लगवा रहे हैं। हमारे लिए अच्छी बात यह है कि भीलवाड़ा डीटीओ वीरेन्द्र सिंह राठौड़ को सड़क सुरक्षा कार्य में सबसे अच्छा काम करने पर देश में पहला अवार्ड मिल रहा है।

सड़क सुरक्षा में प्रदेश अव्वल, मिले अवॉर्ड

रोडवेज को न्यूनतम दुर्घटना, भीलवाड़ा डीटीओ को गोल्ड मैडल पुरस्कार

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। देशभर में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन सोमवार से शुरू हुआ। दिल्ली के विज्ञान भवन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान को विभिन्न क्षेत्रों में पुरस्कार दिए। राजस्थान रोडवेज को न्यूनतम दुर्घटना के लिए रोड सेफ्टी अवॉर्ड दिया गया। राजस्थान रोडवेज को वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए अखिल भारतीय स्तर पर न्यूनतम दुर्घटना के लिए ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर्स रोड सेफ्टी अवॉर्ड दिया गया। समारोह में कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) निदेशक रवि सोनी को ट्रॉफी और तीन लाख का चेक दिया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार से राजस्थान से भीलवाड़ा जिला परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह राठौड़ को किया सम्मानित। राठौड को 5 लाख नकद और गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा पुरस्कार का सिल्वर मैडल मुस्कान संस्था और कांस्य पदक चिकित्सा विभाग के राजकुमार राजपाल को मिला। इसी प्रकार गुड सेमेरिटन अवॉर्ड सीकर के परिवहन निरीक्षक झावर सिंह धायल और आधार फांउडेशन उदयपुर को मिला। रोड सेफ्टी के 9 अवॉर्ड में से 3 राजस्थान के नाम और गुड सेमिरिटन के 13 अवॉर्ड में से राजस्थान को 2 मिले।

जेसीटीएसएल को मिला ईंधन बचत का पुरस्कार

भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन कार्यरत पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ पीसीआरए की ओर से ईंधन बचत के क्षेत्र में जेसीटीएसएल को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान मिला। एक हजार बसों वाली श्रेणी में अक्टूबर 2019 से सितंबर 2020 तक अवधि में सर्वाधिक ईंधन बचत के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर जेसीटीएसएल को दूसरा स्थान मिला।

नगर निगम ग्रेटर की साधारण सभा 28 को, नौ एजेंडा किए शामिल

जयपुर। नगर निगम ग्रेटर की पहली साधारण सभा 28 जनवरी को होगी। इस बैठक में 9 एजेंडे रखे गए हैं। जिनमें सफाई, नगर निगम का राजस्व बढ़ाना, पार्षदों के भत्तों में बढ़ोतरी जैसे प्रमुख मुद्दों को शामिल किया गया है। महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि हमने सभी 150 पार्षदों से प्रस्ताव मांगे थे। लगभग सभी ने प्रस्ताव भेज दिए हैं। ज्यादातर शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा की मांग की है। साथ ही निगम की आय बढ़ाने को लेकर भी प्रस्ताव मिले हैं। प्रस्तावों की संख्या बहुत ज्यादा है, ऐसें में कुछ एजेंडे इस बैठक में रखे जाएंगे। एक-दो दिन में सभी पार्षदों को एजेंडा भेज दिया जाएगा। बैठक में पार्षदों का भत्ता बढ़ाने का भी प्रस्ताव शामिल किया गया है। गुर्जर ने बताया कि पार्षदों से बड़ी संख्या में प्रस्ताव मिले हैं। सभी को एक बैठक में नहीं रखा जा सकता है। पार्षदों ने सफाई, रोड लाइट्स के साथ ही ई-लाइब्रेरी को लेकर भी सुझाव दिए हैं। इन सभी सुझावों को चरणबद्ध तरीके से साधारण सभा की बैठकों में रखा जाएगा। ताकि इनको अमल में लाया जा सके।

ये प्रस्ताव किए शामिल

- विकास कार्यों के लिए लोन लिया जाए
- जेडीए की आरक्षित दरों को वर्तमान ग्रेटर निगम में प्रभावी करने का प्रस्ताव
- सफाई व्यवस्था और डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की शिकायतों के समाधान पर चर्चा
- कार्य व्यवस्था सुधार के लिये प्रत्येक वार्ड में 2 अकुषल श्रमिकों की व्यवस्था करवाना।
- बिल्डिंग बायलॉज 2020 का अनुमोदन।
- पार्षदों का भत्ता 3750 से बढ़ाकर 11 हजार रुपए
- पार्षदों को लेपटॉप उपलब्ध करवाना।
- समाज के कमजोर वर्गो के बच्चों के लिए निगम द्वारा विद्यालय खोलने का प्रस्ताव।
- पार्षदों के लिए रिंग रोड जयपुर और स्टेट हाईवेज को टोल फ्री करने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा जाए।

युवक ने गर्भवती महिला को रक्तदान कर बचाई जान

करौली @ जागरूक जनता। राजकीय सामान्य चिकित्सालय करौली में भर्ती पीड़ित महिला सजन वाई, ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव, हिमोग्लोबिन 6.6 ग्राम रह जाने के कारण तुरंत चिकित्सकों ने एक यूनिट रक्त की आवश्यकता बताई ऐसे में पीड़ित के परिजनों में से किसी का भी ब्लड ग्रुप मैच नहीं होने के कारण जैसे ही सूचना टीम के सदस्य नरेन्द्र चौधरी को लगीं उन्होंने अपने मित्र राजेश मीणा से सम्पर्क किया और राजेश भाई ने रक्तदान करने का निर्णय लिया तथा रक्तदान करने के लिए ब्लड बैंक पहुंचे जहां उन्होंने अपने जीवनकाल का दूसरा स्वैच्छिक रक्तदान किया और रक्तदाता राजेश मीणा ने हर 3 महीने में रक्तदान करने का निर्णय लिया रक्त मिलने पर पीड़ित के परिजनों ने रक्तदाता व टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र चौधरी, ब्रजमोहन मीणा आदि उपस्थित थे।

ग्रामीण महिला दस्तकारों को प्रशिक्षित करेंगी बाड़मेर की रुमा देवी

जयपुर @ जागरूक जनता। राजस्थान ने महिला सशक्तिकरण पर ख्याति प्राप्त राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. रुमा देवी एक लाख ग्रामीण महिला दस्तकारों को प्रशिक्षित करेंगी। रुमा देवी ने बताया की अत्यधिक विषम परिस्थितियों के बावजूद भी अपने दृढ़ निश्चय एवं लगन से उन्होंने थार क्षेत्र की 22,000 से ज्यादा महिलाओं को रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ा है। अपने हुनर के बलबूते पर बाड़मेर, जैसलमेर एवं बीकानेर जिले के लगभग 75 से ज्यादा गावों की हजारों महिलाएं कशीदाकारी, ऍप्लिक एवं सिलाई के काम में कार्यरत हैं एवं इनके उत्पाद देश-विदेश में काफी प्रसिद्ध पा चुके हैं। वे अपने संगठन से आने वाले समय में लगभग एक लाख महिला दस्तकारों को प्रशिक्षित करने का प्रयास करेंगी। क्राफ्ट को रिटेल से जोडने की दिशा में रुमा देवी ने प्रयास करते हुए दस्तकारों के उत्पादों को देश विदेश में आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों में प्रदर्शित किया। इस सन्दर्भ में रुमा देवी बाड़मेर में थार डेजर्ट फेस्टिवल आयोजित करने का भी प्रयास कर रही हैं, जिससे की दस्तकारों को प्रोत्साहन मिलेगा एवं टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। यदि महिलाएं ठान लें तो अपने हुनर के बलबूते पर कठिन से कठिन लक्ष्य भी प्राप्त कर सकती हैं तथा अपने गावों में और शहर और घरों में रहते हुए भी रोजगार की अपार सम्भावनाएं सृजित कर सकती हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव डॉ. के. के. पाठक ने कहा की महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने की अपार सम्भावनाएं हैं तथा आश्वासन दिया उनका विभाग रुमा देवी के प्रयासों विशेष रूप से थार डेजर्ट फेस्टिवल के आयोजन, बाड़मेर में दस्तकारों के लिए सीएफसी स्थापित करने एवं प्रशिक्षण हेतु यथासंभव सहायता प्रदान करेगा।

बढ़ेगी ट्रेन की रफ्तार

हर दिन एक किमी ट्रैक इलेक्ट्रिक होगा, तीन साल में पूरे राजस्थान में दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक ट्रेनें

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। रेलवे द्वारा पश्चिमी राजस्थान में अगले तीन साल में रेलवे ट्रैक पर बिजली के तार बिछाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। रेलवे ने इसकी रूप रेखा तैयार कर ली है। केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन (कोर) के सीनियर पीआरओ महेश कुमार शर्मा ने बताया कि जयपुर प्रोजक्ट द्वारा बिरधवाल-लालगढ़-फलौदी, जैसलमेर-भगत की कोठी और भगत की कोठी-भिलड़ी (922 रूट किलोमीटर) के बीच ट्रैक पर इलेक्ट्रिफिकेशन किया जाएगा। कोर ने इसे पूरा करने की जिम्मेदारी एलएंडटी को सौंप दी है। कंपनी अगले माह से काम शुरू कर देगी। इस प्रोजक्ट की कुल लागत 637.9 करोड़ रुपए है। कोर के चीफ प्रोजक्ट डायरेक्टर पीएल मीना ने बताया कि बिरधवाल-लालगढ़-फलौदी, जैसलमेर-भगत की कोठी और भगत की कोठी-भिलड़ी (922 रूट किमी) के बीच कंपनी द्वारा अगले माह से कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने के लिए कंपनी को 900 दिन का समय दिया गया है। कंपनी द्वारा रोज करीब 1 किमी ट्रैक पर विद्युतीकरण का कार्य किया जाएगा।

अगले माह से पश्चिमी राजस्थान के 922 किमी ट्रैक पर शुरू होगा काम, 900 दिन में पूरा होगा

ईपीसी कॉन्ट्रैक्ट हुआ, एक ही कंपनी करेगी सारे काम

सरकारी प्रोजेक्ट में अलग-अलग कंपनियों को काम सौंपने के कारण प्रोजेक्ट में देरी होना स्वाभाविक होता है। इन सभी विवादों से बचने और प्रोजेक्ट को तय समय में पूरा करने के उद्देश्य से कोर के इलाहाबाद मुख्यालय द्वारा राजस्थान में पहली बार इतने बड़े प्रोजेक्ट के लिए टेंडर की एक नई प्रक्रि या अपनाई गई है। इसके तहत कोर ने इस कार्य के लिए इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) कॉन्ट्रैक्ट किया है। इसके जरिए एक ही कंपनी सिविल, इलैक्ट्रिक और अन्य सभी काम करेगी, जिससे बिना किसी विवाद के तय समय में प्रोजेक्ट को पूरा किया जा सकेगा।

राजस्थान में 1,975 रुपए की दर से किसानों से गेहूं खरीदेगी सरकार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। राजस्थान में सरकार ने राज्य के किसानों से आगामी समय में गेहूं की खरीद करने की योजना तैयार कर ली है। केन्द्र सरकार की ओर से 2021-22 के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 1 हजार 975 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। आगामी मार्च-अप्रैल में गेहूं की फसल तैयार हो जाएगी और मंडियों में नया गेहूं आना शुरू हो जाएगा। आपको बता दें कि इससे पहले सरकार ने 2020-21 में किसानों से 1925 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की खरीद की थी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के सचिव नवीन जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद गेहूं खरीद कार्यक्रम तय हुआ। शासन सचिव ने बताया कि पूरी खरीद प्रक्रिया की प्रॉपर मॉनिटरिंग के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी बनेगी, जिसके अलग से दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र के निर्देशानुसार परिवहन दरों के निर्धारण एवं मंडी लेबर चार्जेज के निर्धारण के लिए एक विशेषज्ञ उप समिति का गठन कर दिया है। उप समिति की ओर से 2 फरवरी को राज्य स्तरीय समिति को रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर इन दरों का निर्धारण किया जाएगा। इस बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कृषि उत्पादन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में लगभग 108 लाख मीट्रिक टन गेहूं की पैदावार होने की संभावना बताई है। बताया जा रहा हैं कि इस साल सरकार लगभग 30 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद कर सकती हैं।

लगभग 30 लाख मीट्रिक टन तक गेहूं खरीदने का लक्ष्य

चित्तोड़ अर्बन बैंक का मकरसंक्रान्ति महोत्सव सम्पन्न

सहकारिता ही आत्मनिर्भर भारत का सूत्र-मराठे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

चित्तोड़गढ़। भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशक व आर्थिक चिंतक सतीश मराठे ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए आम आदमी तक नवीन तकनीकी पहुंचाने,स्वरोजगार को बढ़ावा देनेबके के लिए युवा वर्ग को अनिवार्यतः तकनीकी कौशल शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ सहकारी क्षेत्र को और मजबूत करने की जरूरत है क्योंकि सहकारिता ही आत्मनिर्भर भारत का मुख्य आधार है।

ये विचार उन्होंने चित्तोड़गढ़ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा मकर सक्रान्ति महोत्सव के तहत आत्मनिर्भर भारत का आधार सहकारिता विषय पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के नाते प्रदत उदबोधन में व्यक्त किये।उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था रिबूट होने की प्रक्रिया में है एवं राज्य सरकारों द्वारा सचेत होकर सकारात्मक कदम उठाने से ही अर्थव्यवस्था की मजबूती सम्भव है।मराठे के अनुसार देश मे 8लाख 50 हजार सहकारी समितियां है जिसमे से भी 80 प्रतिशत गेर साख समितियां व विशेषकर डेयरी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। भारत मे कृषि उत्पाद के प्रोसेसिंग की दर एशियन देशों के मुकाबले बहुत कम है व ट्रांसपोर्ट व भंडारण की लागत भी अधिक है लेकिन अब देश मे फार्मर्स उत्पादक संगठन प्रारम्भ होने से भी सहकारी क्षेत्र की आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्बन बैंक राष्ट्रीय फेडरेशन के अध्यक्ष ज्योतिंद्र मेहता ने कहा कि सहकारी बैंकों में सरकार की नही बल्कि समाज के माध्यम वर्ग की पूंजी लगी हुई है एवं ये बेक छोटे व मध्यम वर्ग के लोगो को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है।गुजरात मे 2लाख 18 हजार परिवार को सहकारी क्षेत्र ने प्रति परिवार एक लाख का ऋण देकर कोविड जैसी महामारी का मुकाबला करने के लिए उनको सक्षम बनाने के प्रयास कर साबित किया कि सहकारी क्षेत्र सबसे बड़ा एनजीओ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय पाचपोर ने कहा कि सहकारी क्षेत्र मध्यमवर्ग के जीवन परिवर्तन के लिए सतत प्रयत्नशील है। आत्मनिर्भर भरक्त निर्माण के लिए सहकारिता व संस्कार के सूत्र को उपयोग में लाना होगा।आज सहकारिता में स्वयं के लिये परिवर्तन से सहकरिता बदनाम हो गयी इसे सही सोच के साथ बदलना होगा।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में चेयरपर्सन विमला सेठिया ने स्वागत उदबोधन देते हुए कहा कि सहकारिता के जरिये ही परिवर्तन सम्भव है एवं अतिथियों का भी अभिनन्दन किय्या।संस्थापक अध्यक्ष डॉ आई एम सेठिया ने कार्यक्रम की भूमिका के साथ ही बताया कि बेंक सहकारिता का एक मिशन है। प्रबंध निदेशक वंदना वजीरानी ने बैंक की गत्तिविधियो की जानकारी दी व संचालन किया आभार उपाध्यक्ष शिव नारायण मांधना ने व्यक्त किया। इस अवसर पर निदेशक हस्ती मल चोरडिया, रणजीत सिंह नाहर,चांद मल नन्दावत, विनोद आंचलिया,सुनीता सिसोदिया,बालकिशन धुत, आदित्य सेठिया, अभिषेक मीना,बी के डाड,दिनेश सिसोदिया शांति पुंगलिया सहित ग्राहक व सदस्यगण उपस्थित थे।

राष्ट्र भक्ति के साथ नाटिका

प्रबन्ध निदेशक वंदना वजीरानी के अनुसार भीलवाड़ा से कवि योगेंद्र शर्मा ने भारत के सोए स्वाभिमान को जगाने के आव्हान के साथ कविता पाठ किय्या तो राष्ट्र सेविका समिति की शैना शुक्ला,चंदा राठौड़ अदिति व प्रज्ञा गोयल व अन्य सेविकाओं ने समाज व युवा वर्ग को मोबाइल के दुरुपयोग पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे मे प्रभावी नाटिका प्रस्तुत की।

बीबीपीएस व व्यक्तित्व विकास पंजीयन का शुभारम्भ

चेयरपर्सन विमला सेठिया के अनुसार रिज़र्व बैंक निदेशक ने भारत बिल पेमेंट सिस्टम का व व्यक्तित्व विकास कार्यक्र मो के लिए पंजीयन का शुभारंभ उद्घोषणा से किय्या।इसके साथ ही सभी शाखाओ में बिजली पानी के बिल जमा होंगे व पंजिकृत ग्राहको एवं युवाओं को सफलता की राह के लिए प्रक्षिक्षण दिया जाएगा।

कौशल विकास दिवस वेस्ट टू बेस्ट प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आयोजित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

कनीना। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से मनाए जा रहे युवा सप्ताह के तहत कनीना में वॉइस ऑफ़ यूथ गाहड़ा के सहयोग से इंडियन काउन्सिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग कनीना में कौशल विकास दिवस पर वेस्ट टू बेस्ट प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी परसराम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी महिपाल नम्बरदार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंद्रजीत शर्मा ने की जबकि मंच संचालन रोनिका यादव ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका एडवोकेट रेखा यादव एवं दीपक वशिष्ठ ने अदा की। विशिष्ट अतिथि सुनील अत्री,कर्मपाल यादव एवं नरवीर सिंह थे। माँ सरस्वती की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

मुख्य अतिथि महिपाल नम्बरदार ने सम्बोधित करते हुए कहा की हमें स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिए। स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के रोल मॉडल हैं। युवा किसी भी समाज का रीड की हड्डी होता है। परिवार के भरण-पोषण की सारी जिम्मेवारी युवाओं पर होता है। विकासशील और पिछड़े हुए देशों में युवाओं का बेरोजगार रहना एक बड़ी चिंता की बात है। बेरोजगारी के कारण युवाओं को अपनी क्षमता से कम स्किल वाले रोजगार में कार्य करना पड़ रहा है। हमारे युवाओं को अलग-अलग कौशल में प्रशिक्षित होना चाहिए। हम देश के भविष्य युवाओं को इसके बारे में सोचना शुरू कर देना चाहिए। हमारे अपने विकास के लिए जिम्मेदार होना चाहिए। यदि हम बढ़ते हैं तो देश स्वचालित रूप से बढ़ता है।

कार्यक्रम निर्णायक एडवोकेट रेखा यादव एवं दीपक वशिष्ठ ने भी सम्बोधित करते हुए कहा की इन अवसरों पर युवाओं को आगे आकर अपना कौशल दिखाना चाहिए। यही वो प्लेटफॉर्म होते हैं जिससे देश का विकास और स्वंय का विकास भी तय होता हैं। युवाओं को सहयोग की भावना से समाज में कार्य करना चाहिए। कर्मपाल यादव एवं नरवीर सिंह ने भी अपने सम्बोधन में कहा की भारत में हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। 1984 में भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर इसे मनाने की घोषणा की थी। प्रेरणा के अपार स्रोत रहे और आज भी युवाओं के लिए स्वामी विवेकानंद की कही एक-एक बात ऊर्जा से भर देती है। अपने छोटे से जीवन में ही उन्होंने पूरे दुनिया पर भारत और हिंदुत्व की गहरी छाप छोड़ी थी । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इंद्रजीत शर्मा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त कर सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मोनिका ने प्रथम, आरती ने दूसरा एवं स्नेहलता ने प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरूस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वाईसीओ संदीप संघी ने भी सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बीएमडी क्लब चेयरमैन लक्की सीगड़ा, रचना शर्मा, मोनिका शर्मा, स्वीटी यादव, जिला सयोंजक कर्मपाल यादव,ज्योति यादव, प्रियंका प्रजापति,खुशबू, मंजू यादव, अंजुबाला, प्रवीण, संदीप, सोनिका, पूजा, भारती, भंवर सिंह सहित अन्य युवा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित था।

सेन समाज की विशेष बैठक में लिए गए निर्णय

शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम में शामिल हो सेन जी महाराज के उपदेश दोहे सोरठे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

डूंगरगढ़। विभिन्न क्षेत्रों के सेन समाज के जागरूक सेन समाज के प्रमुख व्यक्तियों की एक विशेष बैठक गुरु कृपा भवन कोटासर वालों की गली आडसर बास श्री डूंगरगढ़ जिला बीकानेर में संपन्न हुई। जिसमें राजस्थान प्रांतीय सेन समाज उत्थान समिति के प्रदेश महामंत्री तोलाराम मारू श्री कोलायत सेन मंदिर के अध्यक्ष शंकरलाल चौहान ग्राम किसनासर हरूराम परिहार ग्राम सूरजडा सुंदर लाल जाखड़ ग्राम सुरपुरा हंसराज जाखड़ ग्राम कल्याणसर नया रामकिशन देवरिया ग्राम देराजसर धन्नाराम टोक सिया परिहार ग्राम ठुकरियासर लक्ष्मण राम टाक ग्राम माधो वाली दुर्गाराम गोठडिवाल ग्राम रोजा भैराराम फुलभाटी ग्राम कुजटी रामनारायण रजनीवाल ग्राम कालू बद्रीलाल गोड ग्राम खियेरा सहित बड़ी संख्या में अनेक तहसीलों के प्रमुख पदाधिकारी सेन बंधु इस बैठक में उपस्थित हुए। जिसने सेन समाज की वर्तमान दशा एवं दिशा पर चिंतन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए राजस्थान प्रांतीय सेन समाज उत्थान समिति के प्रदेश महामंत्री तोलाराम मारू ने कहा कि सेन समाज सामाजिक राजनैतिक तथा शेक्षणिक रूप से पिछड़ा हुआ है। अतः राजस्थान सरकार को समाज के निर्णय अनुसार एक मांग पत्र भेजा जावे। मारू ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सैन समाज के व्यक्तियों को राजकीय अनुशंसा पर राजनीतिक नियुक्तियां दी जाए तथा क्षोर कार्य करने वाले बंधुओं को कम दर पर ब्याज दिया जाए ।तथा उसमे राज्य सरकार द्वारा अनुदान भी दिया जाए । सेन समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करने का प्रस्ताव राज्य सरकार पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। तथा राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग के पाठ्यक्रम में सेन जी महाराज के उपदेश दोहे सोरठे आदि लिखे जाए। सेन समाज श्री कोलायत जी मंदिर के अध्यक्ष शंकर लाल चौहान किसना सर ने कहा कि बेटे बेटी में फर्क नहीं समझे बेटियों को भी उस उच्च शिक्षा दिलाई जाए। सुंदरलाल जाखड सुरपुरा ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु जिला मुख्यालय पर छात्रावास बनाया जाए। हरूराम परिहार ने कहा कि पुराने समय से चलरही कुप्रथा बंद हो। हंसराज जाखड़ कल्याणसर नया ने सेन मंदिर श्रीडूंगरगढ के विकास की आवश्यकता बताई। लिछमणराम टाक माधोवाली ने कहा कि देवनारायण बोर्ड की तरह सेन समाज के विद्यार्थियों को भी सुविधा दी जाए ।रूगाराम गोठडिवाल रोजा ने कहा कि सैनाचार्य अचलानंद जी महाराज को राजकीय अतिथि का दर्जा दिया जाए। भैराराम फुलभाटी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नारायणी धाम के विकास हेतु विशेष बजट दिया जाए। धनाराम टोकसिया ठुकरियासर ने व बद्री लाल गौड़ खियेरा ने कहा कि राजस्थान लोक सेवा आयोग में सेन समाज के व्यक्तियों को सदस्य बनाया जावे। फिजूल खर्ची रोक कर सामूहिक विवाह का आयोजन किया जावे। उपस्थित अनेक लोगों ने अपने विचार रखे । राजस्थान प्रांतीय सेन समाज उत्थान समिति के तोलाराम मारू ने बताया कि सेन समाज के निर्णय अनुसार शीघ्र एक ज्ञापन राजस्थान के मुख्यमंत्री महोदय अशोक जी गहलोत को भेजा जाएगा।

कार्यपरिषद की बैठक में हुए कई फैसले

संस्कृत विश्वविद्यालय में होगी नियमित डीलिट

जयपुर @ जागरूक जनता। जगदगुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में शोधार्थियों को नियमित डीलिट उपाधि प्रदान करने के नियम मंगलवार को पारित किए गए हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नवीनतम निर्देशों को ध्यान में रखते हुए पीएचडी और एमफिल उपाधि के नए नियम भी विश्वविद्यालय में लागू करने का निर्णय लिया गया।कुलपति डॉ.अनुला मौर्य की अध्यक्षता में हुई बैठक में शिक्षकों की पदोन्नति के लिए करियर एडवांसमेंट स्कीम की प्रक्रिया प्रारंभ करने को कार्यपरिषद ने हरी झंडी दे दी है। शिक्षकों की भर्तीए वेतनमान एवं सेवा संबंधी अन्य मामलों में राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यादेश एवं नियम लागू करने का निर्णय लिया गया। संस्कृत भाषा में निहित गूढ रहस्यों में शोध को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान केंद्र में आठ पीठाध्यक्षों की नियुक्ति शीघ्र करने के निर्देश भी कार्यपरिषद ने दिए हैं। विश्वविद्यालय से संबद्ध प्रदेश के सभी संस्कृत महाविद्यालयों में सीबीसीएस प्रणाली लागू करने का कार्यपरिषद ने अनुमोदन किया। बैठक में राज्य सरकार के प्रतिनिधि प्रो. रामकिशोर शास्त्री, कॉलेज शिक्षा आयुक्त संदेश नायक, संस्कृत शिक्षा निदेशक प्रोण् दीर्घाराम रामस्नेही, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. सुभाष शर्मा सहित अनेक सदस्य शामिल हुए। बैठक के बाद कुलपति डॉ. अनुला मौर्य ने कहा कि कार्यपरिषद के सकारात्मक निर्णयों से विश्वविद्यालय का सर्वांगीण विकास होगा और संस्कृत भाषा में शोध को गति मिलेगी।

ANCHOR | गौरव यात्रा

मानवीय मूल्यों का समावेश शिक्षा को प्रभावपूर्ण बनाता है-प्रो. चारण

प्रदेश के विद्यालयों में "मानवीय मूल्यों की शिक्षा एक कदम विद्यालय की और " कार्यक्रम चलाएगा बीकानेर तकनीकी विवि

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

बीकानेर। प्रदेश की तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों के प्रशिक्षण अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के बाद अब बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय सम्पूर्ण प्रदेश के विद्यालयों में मानवीय मूल्यों की शिक्षा : एक कदम विद्यालय की और अभियान का आगाज करने जा रहा है। प्रदेश की तकनीकी शिक्षा से जुड़े सम्बद्ध महाविद्यालयों में पूर्व में क्रियान्वित किए गए इस कार्यक्रम को लेकर विधार्थियों के नैतिक विकास, सामजिक दाइत्वो की पहचान और शैक्षणिक उन्नयन को लेकर काफी आशाजनक परिणाम सामने आए हैं साथ ही विधार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध बीटीयू के इस नवाचार ने सम्पूर्ण प्रदेश अपना परचम लहराया हैं। विस्तृत जानकरी प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय के सहायक जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया की बीटीयू दुवारा इस अभियान का विस्तार करते हुए क्षेत्राधिकार के सम्बद्ध महाविध्यालयों के निकटतम उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 11वीं व 12वीं के विधार्थियों हेतु विद्यालय स्तर पर बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय दुवारा ÷मानवीय मूल्यों की पाठशाला÷ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे सभी सम्बद्ध महाविध्यालयों को नोडल सेंटर बनाया गया है और प्रत्येक नोडल सेंटर पर एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई जो स्कूली शिक्षा के विधार्थियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा एवं महाविद्यालय इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगा। नोडल महाविद्यालय विधालयो का चयन कर वहां के विधार्थियों से संवाद स्थापित करेंगे तथा कार्यशालाओ का आयोजन कर इस योजना को मूर्तरूप प्रदान करेंगे। अभियान के उदेश्य पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कुलपति प्रो. एच.डी.चारण ने कहा की स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक विधार्थियों में मानवीय मूल्यों की भावना का संचार करने और उनके सामाजिक एवं नैतिक दाइत्वो को विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय स्कूली विधार्थियों को इस नवाचार का हिस्सा बनाने जा रहा है । इस अभियान की पूर्व सफलता से स्कूली शिक्षा के विधार्थियों को लाभ मिलेगा व उच्च शिक्षा में प्रवेश करने की अवधि में वह मानवीय मूल्यों की परीभाषा को समझ सकेंगे। वर्तमान विधार्थियों में हुए मूल्यह्रास ने उनके स्तर को गिराया है, ऐसे में मानवीय मूल्यों का ज्ञान शिक्षा व्यवस्था की प्राथमिकता बन गया है। शिक्षा प्राप्ति की एक सुविचारित नीति होनी चाहिए । विधार्थियों की शुरू से ही यह जानकारी देनी चाहिए कि जीवन में आगे चलकर उन्हें किन समस्याओं से जूझना होगा उन्हें यह पता होना चाहिए कि जीवन जीने के मार्ग अनेक हैं लेकिन उन्हें उसी मार्ग को ही चुनना है जो जीवन के लिए श्रेयस्कर है । मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करने से ही भावी नागरिक तैयार होंगे ,उनकी सोच में बदलाव आएगा । ऐसे में विद्यार्थियों को नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों से परिचित करवाना आवश्यक हो जाता है।

शिक्षा यदि विद्यार्थियों में प्रेम, दया, विश्वास, करुणा व त्याग की भावनाएं पैदा नहीं करती, तो ऐसी शिक्षा भविष्य में निरर्थक व अनुपयोगी सिद्ध होती है।शिक्षा के माध्यम से केवल भौतिक संपन्नता प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं होता, शिक्षा द्वारा हम एक अच्छे इंसान और बेहतर नागरिक भी बनने चाहिए। परंपरागत मूल्यों को आवश्यक संशोधन के साथ स्वीकार कर लेना चाहिए। परंपरा के साथ नवीन ज्ञान-विज्ञान, श्रेष्ठ मूल्यों व नैतिक आदर्शों का समावेश शिक्षा को अधिक प्रभावपूर्ण बना सकता है। शिक्षा को अधिक से अधिक रोजगारपरक बनाया जाए, तभी विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित बनाकर बेहतर इंसान बन सकते हैं। विद्यार्थी हमारी शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। योग्य समर्पित, ईमानदार, सहृदय व निष्ठावान विद्यार्थी वर्तमान शिक्षा के स्वरूप में बदलाव ला सकते हैं। इस संदर्भ में विद्यार्थी का उत्तरदायित्व महत्त्वपूर्ण है, उसे पूर्ण करने के लिए उसे निरंतर अध्ययन, मनन व कार्यान्वयन की आवश्यकता होती है। वर्तमान संदर्भ में शिक्षा केवल भौतिक उपलब्धियां प्राप्त करने का साधन ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के बौद्धिक व मानसिक विकास का भी सशक्त माध्यम होनी चाहिए। वह विद्यार्थियों में नई चेतना, नई उमंगों को जगाते हुए उन्हें मानवीय मूल्यों व आदर्शों से भी जोड़े। शिक्षा में भौतिकवादी दृष्टिकोण विद्यार्थी को अराजक वृत्तियों की ओर ले जाता है। समाज में फैली विकृतियों को मानवीय मूल्यों, आदर्शों व संवेदनशीलता से जोड़ना होगा।

बेटे ने हौसला बढ़ाया तो पढ़ाई छूटने के 18 साल बाद दोबारा शुरू की

मां-बेटे साथ पढ़े 10 व 12वीं; अब बीएसटीसी भी एक साथ कर रहे

बेटे को बीएसटीसी के लिए धौलपुर, मां को भीलवाड़ा में कॉलेज मिला

जागरूक जनता
jagrukjanta.in/.com

भीलवाड़ा। आपने मां को बचपन में बेटे को स्कूल भेजने और पढ़ाने की जिद करते हुए तो देखा होगा लेकिन यह कहानी 16 साल के बेटे की अपनी 33 साल की विधवा मां को स्कूल भेजने व पढ़ाने की जिद की है। अब मां-बेटा एक ही क्लास में पढ़ रहे हैं। 18 साल तक पढ़ाई से दूर रहीं महिला के लिए यह असंभव सा था, लेकिन पिछले दो साल में मां और बेटा दोनों 10वीं और 12वीं साथ पढ़े और अब बीएसटीसी भी साथ कर रहे हैं। इस प्रेरणादायी कहानी की शुरुआत तब हुई जब चार साल पहले फरवरी में 31 साल की उम्र में खेराबाद की पद्मिनी राजपूत के पति का निधन हो गया। तब हिम्मत हारने के बजाय उसने मजदूरी और सिलाई करके बेटे की पढ़ाई जारी रखी।

बेटे ने जिद की तो मानना पड़ा मां को

बेटा रोहितसिंह भाटी जब 10वीं में आया तो उसने खुद पढ़ने के साथ-साथ मजदूरी व सिलाई करके परिवार चलाने वाली मां को भी पढ़ने के लिए कहा। पहले तो मां को मजाक लगा। लेकिन मां को पढ़ने की बेटे की जिद के आगे आखिरकार मां को मानना पड़ा। 2018 में बेटे के साथ मां ने भी 10वीं क्लास में एडमिशन लिया। मां ने राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल से पढ़ाई शुरू की और बेटा गांव के स्कूल से 10वीं पढ़ रहा था।

मां के बेटे से ज्यादा अंक आए रिजल्ट में

घर पर दोनों रात को घंटों पढ़ाई करते। मां को किसी विषय की पढ़ाई में कोई समस्या होने पर बेटा उन सवालों को हल करवाता। एक साल बाद जब दोनों का 10वीं का रिजल्ट आया तो मां को 67% और बेटे को 58% अंक मिले। इसके बाद दोनों ने 12वीं भी एक साथ पढ़ी और इसमें मां को 69% व बेटे को 56% अंक मिले।

बेटे का लक्ष्य मां को सरकारी टीचर बनाना

पिछले दिनों 12वीं की परीक्षा के दौरान ही मां और बेटे ने प्री बीएसटीसी की परीक्षा दी। दोनों का साथ सलेक्शन हुआ। सरकारी टीचर बनने के जरूरी इस दो साल की डिग्री की पढ़ाई के लिए बेटे का सलेक्शन धौलपुर के कॉलेज में हुआ और मां को भीलवाड़ा में विद्या कॉलेज मिला। दोनों साथ दो साल की बीएसटीसी कर रहे हैं। बेटे का सपना मां को सरकारी टीचर बनाना है। मां कहती हैं कि दोनों बनेंगे।

बिना मेहनत कुछ नहीं इसलिए संघर्ष

रोहित ने बताया कि मैं रोज देखता हूं कि मां मुझे व छोटे भाई को पढ़ाने के लिए कितनी मेहनत करती हैं। मां मुझे बचपन में कहती थी कि तुझे पढ़कर नौकरी लगनी है तो मैंने सोचा कि मां पढ़कर नौकरी क्यों नहीं लग सकती? इसके बाद मैंने मां से पढ़ने की जिद की। मां कहती हैं, संघर्ष बिना कुछ नहीं मिलता। इसलिए फैसला लिया।

कचौरी, पकौड़ी, नमकीन कारोबारियों को करनी होगी नियमों की पालना

अब 3 बार से ज्यादा नहीं उबाल सकेंगे तेल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

बीकानेर। भुजिया, कचौरी-पकौड़ी, नमकीन आदि बनाने वाले व्यापारी तेल को 3 बार से अधिक नहीं उबाल सकेंगे। इसके लिए केन्द्र सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसआइ) के नियमों की सख्ती से पालना के निर्देश दिए हैं। एफएसएसआइ के नियमों के अनुसार देश में नमकीन-भुजिया उद्योग तथा होटल-रेस्टोरेंट सहित ऐसे प्रतिष्ठान जहां रोजाना 50 लीटर से ज्यादा खाद्य तेलों का उपयोग होता है, वहां खाद्य

तेलों को अधिकतम 3 बार ही उपयोग में लिया जा सकेगा। इसके बाद बचे तेल को बायोडीजल बनाने में काम लिया जाएगा। बचा हुआ यह तेल एसएसएफआइ से अधिकृत बायोडीजल बनाने वाली एजेन्सियों को देना होगा। जानकारों के अनुसार देश में 20 बायोडीजल उत्पादकों को इस तेल के संग्रहण एवं बायोडीजल बनाने के लिए अधिकृत किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी का निर्णय

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार ईंधन पर आत्मनिर्भरता के साथ कार्बन उत्सर्जन एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह निर्णय लिया है। इसके बाद राष्ट्रीय बायोफ्यूल नीति 2018 के अन्तर्गत फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड ऑथॉरिटी ने इस आशय का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

काला पड़ जाए, तब तक लेते काम

प्राधिकरण ने खाद्य तेल के बार-बार उपयोग पर पाबंदी भले ही लगा दी हो लेकिन अभी स्थिति यह है कि ज्यादातर कारोबारी खाद्य तेल को काला पड़ने तक काम में लेते हैं।

यह रहता खतरा

पीबीएम अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बीके गुप्ता का कहना है कि बार-बार उपयोग में लिए जाने वाले खाद्य तेल से बने उत्पाद खाने से कैंसर, दमा, अस्थमा, हृदय रोग, लिवर एवं आंत संबंधी बीमारियों का खतरा रहता है। ऐसे तेल से बने साबुन का उपयोग करने से त्वचा कैंसर भी हो सकता है।

राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन करने की प्रक्रिया जल्द पूरी हो-मुख्य सचिव

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को राज्य की समस्त तहसीलों के राजस्व रिकॉर्ड ऑनलाइन करने की प्रक्रिया अगस्त माह तक पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन तहसीलों में राजस्व वादों के प्रकरण ज्यादा हैं, वहां सेटलमेंट के प्रयास किये जाएं, ताकि डिजिटलाइजेशन का काम शीघ्रता से पूरा हो सके। मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल इण्डिया लैण्ड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम के तहत राज्य की कुल 339 तहसीलों में से शेष बची 76 तहसीलों को भी ऑनलाइन करने के काम जल्द पूरा किया जाए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि रिकॉर्ड का डिजीटाइजेशन इस तरह किया जाए कि व्यक्ति के नाम से ही उसकी राजस्व सम्पत्तियों का रिकॉर्ड सामने आ जाए। साथ ही तहसीलदारों के लिए ट्रेनिंग कोर्सेज का नियमित रूप से आयोजन किया जाए। उन्होंने राजस्व मण्डल रजिस्ट्रार से कहा कि वे स्वयं जाकर समय समय पर पटवार प्रशिक्षण शालाओं का निरीक्षण करें।

मुख्य सचिव ने की समीक्षा

बैठक में मुख्य सचिव ने बजट घोषणाओं और जनघोषणा पत्र की रि यान्विति की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व वादों के निस्तारण की व्यवस्था को सुदृढ करने और इसकी पर्याप्त मॉनिटरिंग निश्चित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव आनन्द कुमार ने बताया कि अब जयपुर जिले की सभी तहसीलों में स्वतः नामान्तरकरण की प्रक्रि या शुरू कर दी गई है। अब तक कुल 2 हजार 707 स्वतः नामान्तरण दर्ज किए गए हैं। अब तक राज्य की 263 तहसीलों को ऑनलाइन करने का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस अवसर पर राजस्व मण्डल के अध्यक्ष डॉ. आर वेंकटेश्वरन और राजस्व मण्डल की रजिस्ट्रार नम्रता वृषनी एवं विभाग के अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

महिला ने दिया 5 किलोग्राम वजनी बेटे को जन्म, 10 हजार बच्चों में एक मामला ऐसा होता है

जोधपुर @ जागरूक जनता। जोधपुर के रेलवे अस्पताल में एक महिला ने 5 किलोग्राम वजनी बच्चे को जन्म दिया। आमतौर पर नवजात बच्चों का वजन 2.5 से 3.5 किलोग्राम के बीच होता है। रेलवे कर्मचारी देवानंद रॉय की पत्नी सोनी कुमारी ने बच्चे को जन्म दिया। इतने वजनी बच्चे को देख डॉक्टर भी हैरत में हैं। फिलहाल, जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। सोनी की सीजेरियन डिलीवरी कराने वाली डॉ. नेहा तिवारी ने बताया कि सोनी रॉय के पहले भी एक बच्चा है, लेकिन वह 3.800 किलोग्राम का पैदा हुआ था। सोनी को डायबिटीज थी। हमने प्रयास कर पूरे प्रसव काल में उसकी शुगर को नियंत्रित रखा। पहले से लग रहा था कि बच्चा स्वस्थ होगा, लेकिन इतने वजन के बारे में सोचा नहीं था। खुशी की बात है कि मां-बेटा दोनों एकदम स्वस्थ हैं। वहीं, इस मामले में डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग सिंह का कहना है कि अमूमन नवजात बच्चों का वजन 2.5 से 3.5 किलोग्राम के बीच होता है। 30% बच्चों का वजन इससे भी कम होता है। लेकिन इतना तय है कि 90% बच्चों का वजन साढ़े तीन किलोग्राम से कम ही होता है। 10% अधिक वजन के होते हैं। डॉ. सिंह का कहना है कि 5 किलोग्राम या उससे अधिक वजन के बच्चे बहुत कम पैदा होते हैं। 10 हजार बच्चों में से एक ही मामला ऐसा सामने आता है। अधिक वजन का बच्चा पैदा होने के कई कारण है।

मकर राशि में 3 बड़े ग्रह गुरु, सूर्य और शनि एक साथ आए

12 मार्च तक परीक्षा की घड़ी; बुध, गुरु व शुक्र के नक्षत्र में जन्मे जातक संभलें

शनि व गुरु के कारण मेडिसन क्षेत्र के लिए शुभ संकेत की उम्मीद

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जयपुर। 12 मार्च तक परीक्षा की घड़ी है और संभल कर रहना होगा। मकर राशि में 3 बड़े ग्रह गुरु, सूर्य और शनि एकसाथ आ गए हैं7 ये तीनों ग्रह इस समय चंद्रमा के श्रवण नक्षत्र में हैं। राहु भी इस समय चंद्रमा के रोहिणी नक्षत्र में है। जब तक शनि इस नक्षत्र में रहेंगे तब तक बुध गुरु और शुक्र के नक्षत्र में जन्मे लोगों के लिए परेशानी रहेगी। हालांकि, बीच-बीच में चंद्रदेव मदद करते रहेंगे लेकिन खतरा बना हुआ रहेगा। यह समय इंसानों के साथ जानवरों पर भी भारी रह सकता है। गाय, कुत्ते, बिल्ली, भेड़ बकरी, भैंस, ऊंट सभी के लिए यह समय खराब रह सकता है। अच्छी बात यह है कि दक्षिण भारत से कोई शुभ समाचार आने की संभावना है। शनि मेडिसन और गुरु शिक्षा के कारक है तो कोई शिक्षा, मेडिसन या टीके संबंधी समाचार प्राप्त हो सकते हैं।

सूर्य, मंगल और राहु के नक्षत्र में जन्मे लोगों के लिए शुभ

व्यास के अनुसार सूर्य मंगल और राहु के नक्षत्र में जन्म लेने वाले लोगों के लिए यह समय शुभ रहेगा। कृतिका, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढा, मृगशिरा, चित्रा, धनिष्ठा, आर्द्रा, स्वाति व शतभिषा नक्षत्र में जन्म लेने वाले लोगों को आर्थिक लाभ के साथ स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होगा। इन नक्षत्रों में जन्मे लोगों का समय 23 जनवरी से अच्छा रहेगा। इसके साथ ही शनि और केतु के नक्षत्र अश्विनी, मघा, मूल, पुष्य, अनुराधा, उत्तराभाद्रप्रद नक्षत्रों वालों के लिए यह समय कल्याण का है। आपकी विजय होगी। यद्यपि केतु स्वंय मंगल के अधीन हैं परंतु नक्षत्र सिद्धांत के आधार पर बिगड़े काम बनते चले जाएंगे। रोगों में कमी आएगी। चंद्रमा के तीन नक्षत्र रोहिणी हस्त और श्रवण नक्षत्र में जन्मे लोगों को शारीरिक पीड़ा होगी लेकिन कमाई के साधन बढ़ेंगे और आमदनी के लिए कई नए रास्ते खुलेंगे।

इन्हें रखना होगा विशेष ध्यान

ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास ने बताया कि यदि आपका जन्म भरणी, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा, पुनर्वसु, विशाखा, पूर्वाभाद्रपद, अश्लेषा, जेष्ठा और रेवती नक्षत्र में हुआ है तो आप अपने शरीर, कार्य, धन, नौकरी, व्यापार, परिवार और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आज से 12 मार्च तक परीक्षा की घड़ी है और संभल कर रहना होगा।

दक्षिण भारत से शुभ समाचार की उम्मीद

दक्षिण भारत से कोई शुभ समाचार आने की संभावना है। शनि मेडिसन और गुरु शिक्षा के कारक है तो कोई शिक्षा, मेडिसन या टीके संबंधी समाचार हो सकते हैं। उससे बचने के लिए आप ऊँ हृदयाय नमः मंत्र का जाप करें। प्रसिद्ध व्यक्ति कवि लेखक खिलाड़ी राजनेता मीडिया संपादक न्यूज़ एंकर के लिए 23 जनवरी से 23 अप्रैल तक समय खराब है और कोई बुरी खबर आने की संभावना है।

विपरीत प्रभाव से बचने के लिए ये करें

ज्योतिषाचार्यों ने बताया कि विपरीत प्रभाव से बचने के लिए इन मंत्रों का जाप कर सकते हैं। हं हनुमते नमः, ऊँ नमः शिवाय, हं पवननंदनाय स्वाहा का जाप करें। ईश्वर की आराधना संपूर्ण दोषों को नष्ट एवं दूर करती है।

एक हजार से अधिक आबादी वाले 25 गांवों में खुलेंगे ई-मित्र केन्द्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

करौली। राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत 1 हजार से अधिक आबादी वाले जिले के 25 राजस्व गांवों में सरकार की विभिन्न योजनाओं को ग्राम स्तर तक पहुंचाने के लिए ई-मित्र केन्द्र खोले जाने हैं। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार मीना ने लोकल सर्विस प्रोवाईडरों को अवगत कराया कि जिले 25 राजस्व गांवों में खोले जाने वाले ईमित्र केन्द्रों के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिसमें करौली ब्लॉक के मोहनपुर, बिरवास, कोसरा व लोटडा, मंडरायल ब्लॉक के अमरपुर, नादौती के संडेरा, नयापुरा, बालाखेरा, मिलकसराय, डांढकापुरा, सपोटरा ब्लॉक के नैनिया की ग्वारी, थूमा, कूढावाडा, मीनापुरा, हिंडौन ब्लॉक के कोडिया, गांवडा गुर्जर, मनेमा तथा टोडाभीम ब्लॉक के कमलपुरा, करीरी, मनचढी, राजौर, विशनपुरा, राजौली, खानपुर, जैशिनी, आखाबाडा, दादनपुर व त्रिशूल गांव में ईमित्र केन्द्र खोले जाएंगे।

काला हिरण शिकार केस

सलमान को अब 6 फरवरी को कोर्ट में होना होगा पेश

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.in/.com

जोधपुर। जोधपुर में काला हिरण शिकार केस में शनिवार को सलमान खान को एक बार फिर हाजरी माफी मिल गई। सलमान को आज कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया था। सलमान की तरफ से कहा गया कि कोरोना महामारी के मद्देनजर जोधपुर तक की यात्रा करने में दिक्कत आ रही है। ऐसे में उन्हें कोर्ट में उपस्थित रहने से छूट प्रदान की जाए। इस पर कोर्ट ने उन्हें छूट प्रदान करते हुए अगली सुनवाई तिथि 6 फरवरी को कोर्ट में उपस्थित रहने का आदेश दिया। इस मामले में सलमान की तरफ से यह लगातार 17वीं बार हाजरी माफी ली गई है। कोरोना काल में ही उन्हें सातवीं बार हाजरी माफी मिल चुकी है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश में हिरण शिकार से जुड़े दो मामले चल रहे है। एक दिसम्बर को न्यायाधीश ने उन्हें 16 जनवरी को कोर्ट में पेश होने का आदेश दे रखा था। सलमान के अधिवक्ता हस्तीमल सारस्वत की तरफ से कोर्ट में पेश हाजरी माफी में कहा गया है कि रेस्पोंडेंट मुंबई में निवास करता है। मुंबई व जोधपुर में कोविड-19 महामारी भयंकर रूप से फैली हुई है। इन परिस्थितियों में रेस्पोंडेंट का पेशी के लिए जोधपुर आना खतरे से खाली नहीं है। इस कारण रेस्पोंडेंट सलमान खान आज कोर्ट में पेश नहीं हो सका है। ऐसे में विनम्र अनुरोध है कि सलमान को आज हाजरी माफी प्रदान की जाए।

लगातार हाजरी माफी

अप्रेल 2018 में सलमान खान ने ट्रायल कोर्ट से मिली सजा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चुनौती दी थी। इसके बाद वे एक बार कोर्ट में पेश हुए। ढाई साल की इस अवधि में इसके अलावा प्रत्येक पेशी पर वे किसी न किसी कारण से हाजरी माफी लेते रहे। करीब सोलह बार वे हाजरी माफी का लाभ ले चुके है। कोरोना काल में उनकी पहली पेशी 18 अप्रेल को, दूसरी 4 जून को, तीसरी पेशी 16 जुलाई को, चौथी 14 व पांचवी 28 सितम्बर को तथा छठी पेशी आज 1 दिसम्बर को और आज एक बार फिर 16 जनवरी को सलमान की तरफ से कोरोना के नाम पर हाजरी माफी मांगी गई।

ANCHOR **सुरक्षित रहे बचपन**

अब आयोग आएगा आपके द्वार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

जयपुर। केस एक: पिछले दिनों नागौर में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। एक नाबालिग लड़की ने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद पता चला कि लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ था। घटना सामने आते ही पुलिस सक्रिय हुई और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपियों में लड़की का भाई भी शामिल था। पीड़ित लड़की की उम्र 14 वर्ष है और वह अविवाहित है। मामला तब सामने आया जब लड़की को लेकर परिवार वाले अजमेर के एक अस्पताल पहुंचे।

केस 2 : जोधपुर में 12 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया। पीड़िता ने जोधपुर के उम्मेद अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया और कहा कि उसके साथ बलात्कार हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आनन.फानन में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 12 साल की पीड़िता कक्षा छह की छात्रा है।

यह सिर्फ दो उदाहरण मात्र हैं, नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पता तब चलता है कि जब लड़की गर्भवती हो जाती है। कई बार समाज में बदनामी के डर से मामलों को दबा भी दिया जाता है। प्रदेश में बच्चों के साथ लगातार बढ़ती दुष्कर्म की घटनाओं की रोकथाम, ऐसे मामलों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए अब माता पिता को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करने का दायित्व राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने उठाया है। आयोग इसके लिए आयोग आपके द्वार अभियान की शुरुआत करने जा रहा है। अभियान के तहत आयोग माता पिता की समझाइश करेगा कि यदि वह काम पर जा रहे हैं तो अपने बच्चे को घर पर अकेला छोडने या किसी रिश्तेदार के पास छोडने की जगह आंगनबाड़ी केंद्रों या बाल केंद्रों पर छोड़े जिससे उनकी उचित देखभाल हो सकेगी और वह सुरक्षित भी रह सकेंगे। अभियान के तहत अभिभावकों को आयोग की ओर से बनाई गई कोमल मूवी भी दिखाई जाएगी। साथ ही राज्य के हर जिले में बालगृहों, आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालय, पुलिस थानों का औचक निरीक्षण कर बालक बालिकाओं से बातचीत कर उनके विचार जाने जाएंगे। इसके तहत राज्य में बच्चों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं को रोकने के लिए जागरुकता पैदा की जाएगी। जागरुकता के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इनमें बच्चों उनके अभिभावक शिक्षक और आमजन को शामिल किया जाएगा। आपको बता दें कि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पिछले दिनों हुई फुल कमीशन की बैठक में यह निर्णय लिया गया

समाप्त हो रहा बचपन

आपको बता दें कि आयोग का मानना है कि बच्चों के साथ दुष्कर्म की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है लेकिन सभी मामले आज भी सामने नहीं आ पाते। खासतौर पर निम्नवर्ग, कमजोर तबके के लोग फिर भी इस प्रकार के केसेज को सामने लेकर आते हैं लेकिन मध्यम और उच्च वर्ग में भी बच्चों के साथ इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं लेकिन अभिभावक समाज के डर, सोशल स्टेटस के कारण इन मामलों को सामने नहीं ला पाते और इन घटनाओं से हादसे के शिकार बच्चों का बचपन समाप्त हो रहा है। दुष्कर्म की घटनाएं केवल लड़कियों के साथ ही नहीं बल्कि लड़कों के साथ भी हो रही हैं।

आयोग प्रदेश में बढ़ रहे दुष्कर्म के मामलों को लेकर बेहद गंभीर है। कम उम्र के बच्चों के साथ ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं और उन पर रोक लगाने के लिए अब हम आयोग आपके द्वार अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं।

संगीता बेनीवाल,अध्यक्ष, राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग

तमन्ना का डिजीटल डैब्यू

तमिल, तेलुगू और हिंदी फिल्मों में अपनी एक खास पहचान बना चुकीं एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपनी अपकमिंग क्राइम थ्रिलर वैब सीरीज 'नवंबर स्टोरी' की शूटिंग पूरी कर ली है। खास बात तो यह है कि तमन्ना इस वैब सीरीज के जरिए डिजीटल डैब्यू करने वाली है।

तमन्ना ने इस वैब शो की शूटिंग चेन्नई में नवंबर लास्ट वीक से शुरू की थी, जो अब पूरी हो गई है। शो की शूटिंग पूरी होने की जानकारी तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया पर दी है और साथ ही शो से तमन्ना ने अपना एक लुक भी जारी किया है। अपने लुक को शेयर करते हुए तमन्ना ने कैप्शन लिखा, 'आज नवंबर स्टोरी की शूटिंग खत्म हुई। ये मेरे लिए बहुत ही एक्साइटिंग प्रोजैक्ट है और मैं इंतजार नहीं कर पा रहीं हूं कि आप लोग इस धमाकेदार वैब सीरीज को जल्द से जल्द देखें। ये जल्द ही डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर रिलीज होगी।' वैब शो की टीम का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा, 'इस यादगार यात्रा के लिए मैं अपनी टीम को धन्यवाद करती हूं।' इसी के साथ ही इस पोस्ट में उन्होंने अपने डायरैक्टर, सिनेमैटोग्राफर और प्रोड्यूसर को टैग भी किया है। अपकमिंग सीरीज का डायरैक्शन राम सुब्रमण्यम ने किया है। इस सीरीज में तमन्ना एक ऐसी बेटी का किरदार निभाने वाली है, जो अपने पिता की क्रिमिनल जैसी इमेज बनने से बचाना चाहती है। वही तमन्ना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म 'बोले चूड़ियां' में दिखाई देगी। साथ ही फिल्म 'सीटीमार' में भी नजर आएंगी, जिसमें वह ज्वाला रेड्डी का किरदार निभाएंगी।

खुशी से लबालब साान्या

अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने काफी व्यस्तताओं के बीच अपने नए साल की शुरुआत की है और साल 2020 भी काम के मामले में उनके लिए काफी बेहतर साबित हुआ है। साल 2020 में सान्या की दो फिल्में 'लूडो' और 'शकुंतला देवी' ओ.टी.टी. पर रिलीज हुई थी। सान्या कहती हैं, 'पेशेवर तौर पर साल 2020 मेरे लिए काफी संतोषप्रद रहा है और मैं इसके लिए खुद को खुशकिस्मत समझती हूं। साल 2020 का वह अनिश्चितकालीन दौर काम के मामले में कम से कम मेरे लिए अच्छा रहा है। मुझे खुशी है कि मेरी दोनों ही फिल्मों 'लूडो' और 'शकुंतला देवी' को दर्शकों से खूब प्यार मिला है। उन्होंने आगे कहा, 'साल 2020 में भी मैं दो बड़े प्रोडक्शन हाऊस (धर्मा और रेड चिलीज एंटरटेनमैंट) के साथ काम कर रही हूं और इस साल मेरी तीन फिल्में आने वाली हैं। इस मौके को पाकर मैं बेहद आभारी हूं। मैं अपनी आगामी फिल्मों के लिए तैयारी और शूटिंग के बीच ही नए साल की शुरुआत कर रही हूं। सान्या फिलहाल मीनाक्षी सुंदरेश्वर, लव हॉस्टल और पगलेट की तैयारियों में व्यस्त हैं।

विजय सेतुपति के अपोजिट कैटरीना

एक्ट्रेस कैटरीना कैफ के नए प्रोजैक्ट को लेकर नई जानकारी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि कैटरीना कैफ नई फिल्म में विक्रम वेधा स्टार विजय सेतुपति के अपोजिट नजर आने वाली हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट की मानें तो कैटरीना कैफ श्रीराम राघवन की नई फिल्म में विजय सेतुपति के साथ नजर आने वाली हैं। इससे पहले श्रीराम राघवन तब सुर्खियों में आए थे जब ये खबरें थी कि वह वरुण धवन को लेकर बिग बजट इक्कीस फिल्म बनाने वाले हैं। लेकिन ये फिल्म कोरोना महामारी के चलते ठप्प बिजनैस को देखते हुए होल्ड कर दी गई। अब अंधाधुन डायरैक्टर श्रीराम राघवन ने नए प्रोजैक्ट पर विचार करना शुरू कर दिया है। इस बार वह साऊथ सुपरस्टार विजय सेतुपति को लेकर नई फिल्म बना सकते हैं। इस फिल्म में वह लीड एक्ट्रेस के लिए कैटरीना कैफ को चुन सकते हैं। इससे पहले कैटरीना कैफ ने श्रीराम राघवन के साथ काम नहीं किया है। अब इस प्रोजैक्ट के बारे में औपचारिक ऐलान हो तो इस बारे में पुष्टि हो सकती है।

कैटरीना कैफ की अन्य आगामी फिल्में

सूर्यवंशी : खैर कैटरीना कैफ इसके अलावा अक्षय कुमार की सूर्यवंशी में भी नजर आएंगी। फिल्म रिलीज को एकदम तैयार है लेकिन कोरोना के चलते इसकी रिलीज को पोस्टपोन कर दिया गया।

'फोन भूत': कैटरीना कैफ की इस प्रोजैक्ट के अलावा सिद्धांत चतुर्वेदी और इशान खट्टर के साथ 'फोन भूत' भी आने वाली है ये हॉरर और कॉमेडी बेस्ड फिल्म है।

जब फरहान-शिबानी के संबंधों पर जावेद ने जताई थी हैरानी

फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर साल 2020 और नए साल में काफी चर्चित रहे। दोनों को अक्सर साथ देखा जाता रहा है। वैसे मीडिया में दोनों इस रिलेशनशिप के बारे में बात करने से बचते हैं, लेकिन इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे के लिए प्यार जताने से नहीं चूकते। साथ ही उनकी वकेशन की तस्वीरें भी खूब वायरल होती हैं। आज हम यहां वे किस्सा शेयर कर रहे हैं जब फरहान के पिता जावेद अख्तर उनके और शिबानी के रिलेशन पर बोले थे।

जावेद अख्तर ने जताई थी हैरानी

एक वक्त पर शिबानी दांडेकर और फरहान अख्तर की नजदीकियां हैडलाइन्स में थीं और चर्चा थी कि 2020 के आखिर में दोनों शादी करने वाले हैं। बीते साल जनवरी में यह खबर आई तो मीडिया से बातचीत में जावेद अख्तर ने इस पर अपना रिएक्शन दिया था। जावेद ने इस खबर पर हैरानी जताई थी और कहा था, 'मैं इस बारे में आपसे ही सुन रहा हूं। दो दिन पहले मैं फरहान के बर्थडे में था। उन्होंने इस बारे में कुछ नहीं बताया।'

जावेद ने की थी शिबानी की तारीफ

जब उनसे फरहान और शिबानी की शादी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'आप कभी इस बारे में नहीं कह सकते, बच्चे इस मामले में बहुत सिलैक्टिव हो सकते हैं।' जब उनसे शिबानी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा था, 'मैं शिबानी से कई बार मिला हूं, वह अच्छी लड़की है।'

3 साल से हैं रिलेशनशिप में

फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर 3 साल से रिलेशनशिप में हैं। दोनों अपने रिलेशनशिप के बारे में बात नहीं करते लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी बॉन्डिंग जगजाहिर है।

फरहान और अधुना कर चुके मूवऑन

फरहान अख्तर ने शादी के 16 साल बाद अधुना से तलाक लिया था। उनकी दो बेटियां हैं। दोनों के अलग होने के बाद फरहान और श्रद्धा कपूर के रिलेशन के चर्चे थे। खबरें थीं कि अधुना भी मूवऑन कर चुकी हैं और उनकी जिंदगी में भी कोई है।

दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रिया से खुश हूं सायंतनी

छोटे पर्दे पर कई शोज का हिस्सा रह चुकी सायंतनी घोष सोनी सब के शो 'तेरा यार हूं मैं' में दिलजीत की भूमिका निभाते हुए दिखाई दी हैं। प्रस्तुत है सायंतनी से की गई बातचीत के मुख्य अंश :

'तेरा यार हूं मैं' शो को स्वीकार करने की क्या वजह थी? सोनी सब के साथ जुड़कर कैसा महसूस हो रहा है?

मैं सोनी सब के साथ जुड़कर बहुत ही उत्साहित हूं क्योंकि मैं काफी समय से सोनी सब के साथ कोई शो करना चाहती थी। तेरा यार हूं मैं के साथ इसलिए जुड़ी क्योंकि मेरे लिए जो इस शो को सबसे अलग बनाती है वह इसकी शैली है। मैंने अलग-अलग शैलियों में अपना हाथ आजमाने की कोशिश की है लेकिन हल्की-फुल्की मनोरंजक कॉमेडी एक ऐसी चीज है जिसके साथ लोग मुझे तुरंत नहीं जोड़ पाते। बतौर कलाकार यही अवसर होते हैं जब आप खुद की प्रतिभा को अच्छे से पहचान पाते हैं और आप अपनी प्रतिभा का दूसरा पहलू दर्शकों को दिखा सकते हैं। मैं उम्मीद करती हूं कि तेरा यार हूं मैं के दर्शक आगामी एपिसोड्स का आनंद उठाएंगे और दलजीत को अपना पूरा प्यार और सहयोग देंगे।

क्या चीज है जो इस शो को खास बनाती है? तेरा यार हूं मैं में ऐसा क्या है जो इसे बाकी शोज से अलग बनाता है?

'तेरा यार हूं मैं' इसलिए अलग है क्योंकि यह शो जिंदगी की कहानी को बहुत ही हल्के-फुल्के मनोरंजक तरह से दिखाता है। यह शो दर्शकों के दिलों में छिपी भावनाओं को उजागर करने के लिए मजबूर कर देगा। अपने बच्चों को बड़ा करने के दौरान और उनकी पीढ़ी के साथ चलते हुए माता-पिता को किस तरह की मुश्किलों और भावनाओं से गुजरना पड़ता है, इसे बहुत ही खूबसूरती से दिखाया गया है। यह शो पूरी तरह से एक पारिवारिक मनोरंजक कहानी है।

आपका अपने किरदार दलजीत के बारे में पहला ख्याल क्या था?

2020 हर किसी के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है और मैं एक ऐसी भूमिका निभाना चाहती थी जिसका मैं पूरा आनंद लूं और जिसे निभाते हुए मुझे मजा आए। मेरा अपने किरदार दलजीत को लेकर जो सबसे पहला ख्याल था वह यह था कि वह आज की महिला है जिसने कई जिम्मेदारियां उठा रखी हैं। वह एक बॉस, एक मां और बहुत ही कठोरता से हर चीज का सामना करने वाली महिला है, लेकिन एक सिंगल मां होने की वजह से उसकी जिंदगी में कई चुनौतियां भी हैं। दलजीत इस शो में एक नयापन लेकर आएगी और उसकी एंट्री के साथ शो में कई ट्विस्ट देखने को मिलेंगे।

आप पूरी तरह से एक नए लुक में नजर आई हैं, आपका अपने लुक पर पहला विचार क्या था?

यह पहली बार है जब मैंने छोटे बाल ट्राय किए हैं। आमतौर पर मेरे प्रशंसकों और दर्शकों ने मुझे सिर्फ लंबे बालों में ही देखा है, लेकिन यह बदलाव नया और रोमांचक है। दलजीत एक किरदार के रूप में बहुत पावरफुल महिला है लेकिन फिर भी वह अभी तक चीजों को लेकर काफी पीछे हैं। तो अपनी एंट्री के दौरान वह एक पावर सूट में देखी गई थीं, लेकिन वह अक्सर ओवरसाइज शर्ट में नजर आएंगी। यह लुक मेरे लिए बिल्कुल नया और ताजा है क्योंकि अब तक मैं ज्यादातर भारतीय लुक में ही नजर आई हूं।

कृपया हमें अपने किरदार दलजीत के बारे में कुछ बताइए?

दलजीत के किरदार की शुरुआत बहुत ही मजेदार होती है। वह राजीव की बॉस है। वह बहुत स्ट्रांग है, प्यारे दिल वाली और बहुमुखी महिला है। महिला बॉस होने के साथ-साथ वह एक सिंगल मां भी है। इस किरदार को आगे जो चीजे सबसे ज्यादा दिलचस्प बनाएंगी वो ये है कि बाहरी रूप से एक मजबूत और शक्तिशाली महिला के पीछे छुपी वह अपनी निजी लड़ाई लड़ रही है। निजी तौर पर बात करूं तो, मैंने कभी पंजाबी किरदार नहीं निभाया है। इसलिए एक परफॉर्मर के तौर पर मैं हमेशा उन चीजों की तलाश करती हूं जो मुझे चुनौती दें। यह किरदार मेरे लिए इसलिए चुनौती है क्योंकि एक बंगाली होने के नाते, पंजाबी बोलना और बारीकियों को समझते हुए डायलॉग डिलीवर करना इतना आसान नहीं है।

शो के कलाकारों और तकनीशियन दल के सदस्यों के साथ शूटिंग करने का अनुभव कैसा रहा?

मैं इस प्रोडक्शन हाऊस के साथ बहुत समय से जुड़ी हूं और उनके साथ एक बार फिर से काम करने का यह शानदार अवसर था। शायद मैंने इस शो में बहुत बाद में एंट्री ली हो, लेकिन हर किसी ने मेरा तहे दिल से स्वागत किया। सुदीप सर बहुत ही प्यारे और सपोर्टिव हैं। वह मुझे सीन्स के दौरान हमेशा सहज महसूस करवाते हैं। मुझे लगता है कि ये टीम बहुत ही ऊर्जावान और उत्साह से भरी हुई है। तो हर दिन काम पर आने का और इस शो में अपना योगदान देने का अनुभव बहुत ही अच्छा है।

तेरा यार हूं मैं के लिए आपको अपने प्रशंसकों और दर्शकों से किस तरह की प्रतिक्रिया मिल रही है?

मैं दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रिया से बहुत ज्यादा खुश हूं। चूंकि मैं इस शो में अभी अभी जुड़ी हूं लेकिन लोग मेरा खुले दिल से स्वागत करते हुए मुझे अपना ढेर सारा प्यार और सहयोग दे रहे हैं। दलजीत और राजीव एक दूसरे से बिल्कुल विपरीत किरदार हैं और मैं ये यकीन से कह सकती हूं कि लोग उन्हें देखने का पूरा आनंद लेंगे।

आप अपने दर्शकों को क्या कहना चाहेंगी?

मैं इस शो के फैंस और दर्शकों को सिर्फ ये ही कहना चाहूंगी कि हम सभी ने इस शो के लिए बहुत मेहनत की है और मुझे उम्मीद है कि वो हमें लगातार और प्यार देते रहेंगे। तेरा यार हूं मैं भावनाओं का एक पूरा गुलदस्ता है जिससे हर कोई अपने आप को जोड़ सकता है या फिर इसे देखने का पूरा आनंद ले सकता है। तो आप देखते रहिए तेरा यार हूं मैं।